अधिकतम : $30^0$C
न्यूनतम : $22^0$C

# शाह टाइम्स

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

मुजफ्फरनगर, शनिवार 6 जून 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 138 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | आषाढ़ कृष्ण पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2083 | 19 जिलहिज्जा 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित


प्रकृति विरोधी माफिया से सतर्क रहें: सीएम योगी पेज 2


भारत-अफगानिस्तान टेस्ट से शुरू होगा गिल का दौर खेल टाइम्स


दिल्ली की गर्मी से बचना है, तो यहां जाएं सम्पादकीय


10 न्यूक्लियर बम बना सकता है ईरान: आईएईए पेज 12

# रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने भारत को सुखोई-57 ऑफर किया

**सेंट पीटर्सबग।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भारत को सुखोई एसयू-57 स्टेल्थ फाइटर जेट को लेकर बड़ा ऑफर दिया है। उन्होंने कहा है कि रूस, भारत के साथ मिलकर इस विमान का विकास और उत्पादन करने के लिए तैयार है। साथ ही रूस जरूरी रक्षा तकनीकें साझा करने के लिए भी तैयार है।

पुतिन ने सेंट पीटर्सबर्ग इंटरनेशनल इकोनॉमिक फोरम के दौरान अंतर्राष्ट्रीय मीडिया से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि पहले भी भारत को इसे बनाने के प्रोजेक्ट में साझेदार बनने का ऑफर दिया था। उस समय भारत ने कहा था कि रूस पहले इस प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाए, उसके बाद भारत इसमें शामिल होने पर विचार करेगा। पुतिन ने कहा कि यह विमान हमारा जॉइंट प्रोजेक्ट हो सकता था। हमने इसे अपने दम पर विकसित किया, लेकिन अब भी हम भारत के साथ इस क्षेत्र में काम करने के लिए तैयार हैं। हम भारत को यह विमान देने और इसके आगे के विकास में साझेदारी करने के लिए तैयार हैं। इसमें हमें कोई समस्या नजर नहीं आती। यही बात एयर डिफेंस सिस्टम पर भी लागू होती है। पुतिन ने अमेरिका-भारत के संबंधों पर कहा कि यूएस कई मुद्दों पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहा है, लेकिन इस तरह की कोशिशें बेकार हैं। भारत इसका विरोध करेगा।



- 5G जनरेशन फाइटर जेट की तकनीक भी शेयर करेंगे
- अमेरिका से बोले- भारत पर दबाव डालना बेकार

> सुखोई एसयू-57 पांचवीं पीढ़ी का लड़ाकू विमान है और उनकी नजर में दुनिया के सबसे अच्छे फाइटर जेट्स में से एक है। इसमें स्टेल्थ क्षमता, उच्च गतिशीलता, आधुनिक एवियोनिक्स और मल्टी-रोल कॉम्बैट क्षमताएं हैं...
>
> -व्लादिमीर पुतिन

# पीएम मोदी मेरे अच्छे दोस्त: ट्रम्प

## भारत के साथ जल्द होगी ट्रेड डील

वॉशिंगटन, वार्ता

**अमेरिकी राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रम्प ने उम्मीद जताई है कि भारत और अमेरिका जल्द ही एक व्यापार समझौते पर पहुंच जाएंगे। ट्रम्प ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दोनों देश जल्द ही एक व्यापार समझौते पर पहुंच जाएंगे।

उन्होंने कहा कि हम एक समझौते तक जरूर पहुंचेंगे, क्योंकि मैं भारतीय प्रधानमंत्री को बहुत पसंद करता हूं। वे मेरे अच्छे दोस्त हैं। हमारे बीच बेहतरीन तालमेल है और हम मिलकर यह डील करने जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका अब 'भारत के साथ काफी मुनाफा कमा रहा है।' पहले स्थिति अलग थी और भारत भारी टैरिफ लगाकर अमेरिका से पैसे कमाता था। अपनी बात को समझाने के लिए डोनाल्ड ट्रम्प ने अमेरिकी मोटरसाइकिल ब्रांड 'हार्ले-डेविडसन' का उदाहरण दिया। उन्होंने तर्क दिया कि अतीत में भारत के लगाए गए ऊंचे टैरिफ के कारण इस प्रतिष्ठित निर्माता के लिए भारत में अपने वाहन बेचना बेहद मुश्किल हो गया था। ट्रम्प ने कहा कि अतीत में, वे हार्ले-डेविडसन को अपनी मोटरसाइकिलें **शेष पृष्ठ दो पर**



- अमेरिकी राष्ट्रपति बोले- मोदी मुझे बहुत पसंद हैं, हमारे बीच अच्छा तालमेल है

### अमेरिका ने इस वर्ष 1076 भारतीय नागरिकों को किया निर्वासित

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को यहां मीडिया ब्रीफिंग में एक सवाल के जवाब में कहा कि इस वर्ष अब तक अमेरिका से 1076 भारतीय नागरिक वापस भेजे जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष अमेरिका ने 3567 भारतीय नागरिकों को वापस भेजा था। प्रवक्ता ने कहा कि दोनों देशों के बीच प्रवासियों और लोगों के आवागमन को लेकर बातचीत चल रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### यूपी में तेज आंधी के साथ बारिश

**नई दिल्ली।** देश के 11 राज्यों में गुरुवार को आंधी-बारिश ने तबाही मचाई। मध्य प्रदेश के भोपाल में 70 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से तूफान आया। इससे कई इलाकों में 80 से ज्यादा पेड़ गिरे। उत्तर प्रदेश के भी 12 शहरों में बारिश हुई, नोएडा में भी दोपहर बाद तेज हवाओं के कारण 400 पेड़ उखड़ गए। पेड़ गिरने कई जगह गाड़ियां दब गईं। रास्ते घंटों जाम रहे। राजस्थान के जयपुर में दिल्ली से 4 फ्लाइट डायवर्ट करनी पड़ीं। श्रीगंगानगर में ओले गिरे। दिल्ली-एनसीआर में भी खराब मौसम के कारण 11 उड़ानों को डायवर्ट करना पड़ा। इधर, हरियाणा के फरीदाबाद में फ्लाईओवर बनाने लगाई गई क्रेन तेज हवाओं के कारण पलट गई। इसमें 3 मजदूरों की मौत हो गई।

### राहुल गांधी के मानहानि मामले में 25 जून को सुनवाई

**सुलतानपुर।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी से जुड़े मानहानि के मामले में शुक्रवार को सुलतानपुर की एमपी-एमएलए स्पेशल एडीजे कोर्ट में सुनवाई हुई। रिवीजन याचिका (पुनरीक्षण अर्जी) पर कोर्ट ने अगली सुनवाई और बहस के लिए 25 जून की तारीख तय की है। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने बताया कि उनके द्वारा दाखिल की गई रिवीजन याचिका (पुनरीक्षण अर्जी) पर कोर्ट ने अगली सुनवाई और बहस के लिए 25 जून की तारीख तय की है।

# RBI को महंगाई बढ़ने का अंदेशा

## नए वित्त वर्ष की दूसरी बैठक में रेपो रेट में बदलाव नहीं, लोन नहीं होगा महंगा व EMI नहीं बढ़ेगी

मुंबई, वार्ता

**रिजर्व बैंक** ने नए वित्त वर्ष की दूसरी मीटिंग में रेपो रेट में बदलाव नहीं किया है। इसे 5.25 प्रतिशत पर बरकरार रखा है। इससे लोन महंगे नहीं होंगे और ईएमआई नहीं बढ़ेगी। वहीं 2027 में महंगाई के अनुमान को 4.6 प्रतिशत से बढ़ाकर 5.1 प्रतिशत कर दिया है।

आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने 5 जून को इसकी जानकारी दी। वेस्ट एशिया (मध्य पूर्व) में चल रहे तनाव और सप्लाई चेन में रुकावटों के चलते आरबीआई ने आर्थिक विकास दर यानी जीडीपी ग्रोथ के अनुमान को घटा दिया है। अब चालू वित्त वर्ष 2026-27 के लिए जीडीपी ग्रोथ अनुमान को 6.9 फीसदी से घटाकर 6.6 फीसदी कर दिया गया है। महंगाई के बढ़ते जोखिमों के बावजूद मॉनिटरी पॉलिसी कमेटी ने अपनी नीति का रुख न्यूट्रल (तटस्थ) बनाए रखने का फैसला किया है। कमेटी स्थिति पर नजर रखते हुए डेटा के आधार पर आगे कदम उठाएगी। गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बताया कि हालांकि रिटेल महंगाई अभी टारगेट के दायरे में है, लेकिन वैश्विक तनाव के कारण फ्यूल (ईंधन) और एनर्जी की बढ़ती कीमतें आगे चलकर खुदरा बाजार और आम जनता की जेब पर दबाव डाल सकती हैं। पश्चिम-दक्षिण मानसून में कमी (कम बारिश) के अनुमान को लेकर भी चिंता जताई गई है। इसका सीधा असर खेती-किसानी की पैदावार और ग्रामीण इलाकों में मांग पर पड़ सकता है। हालांकि, सरकार की फसल विविधीकरण यानी डायवर्सिफिकेशन जैसी योजनाएं इसके असर को कम करने में मदद करेंगी। अच्छी बात यह है कि घरेलू आर्थिक गतिविधियां अब भी मजबूत बनी हुई हैं। मैन्युफैक्चरिंग और सर्विस सेक्टर का प्रदर्शन बेहतर है और जीएसटी रेशनलाइजेशन व स्थिर रोजगार के चलते शहरी क्षेत्रों में कंजम्पशन (खपत) को सहारा मिल रहा है। गवर्नमेंट सिक्योरिटीज के तहत फुली एक्सेसिबल रूट (एफएआर) का दायरा बढ़ा दिया गया है। अब इसमें 10 साल तक के अलावा 15, 30 और 40 साल की अवधि वाले नए सरकारी बॉन्ड्स को भी शामिल किया जाएगा। पब्लिक सेक्टर कंपनियों द्वारा लिए जाने वाले एक्सटर्नल कमर्शियल बारोइंग को बढ़ावा देने के लिए 13 सितम्बर 2026 तक रियायती फारेक्स स्वैप की सुविधा दी जाएगी।



- चालू वित्त वर्ष-2026-27 के लिए जीडीपी ग्रोथ अनुमान भी 6.9 से घटाकर 6.6 % किया

# नेपाल के विदेश मंत्री के साथ वार्ता में सभी मुद्दों पर होगी बात: विदेश मंत्रालय

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने कहा है कि भारत यात्रा पर आए नेपाल के विदेश मंत्री शिशिर खनाल की विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ द्विपक्षीय वार्ता में विकास के क्षेत्र में सहयोग, लोगों के बीच परस्पर संबंधों और व्यापार तथा निवेश के साथ-साथ अन्य सभी मुद्दों पर बात होगी।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को यहां सवालों के जवाब में कहा कि नेपाल के विदेश मंत्री भारत यात्रा पर आए हैं और उनकी विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ द्विपक्षीय वार्ता होगी। उन्होंने कहा कि नेपाल के साथ भारत के व्यापक मुद्दे हैं, जैसे विकास में सहयोग, लोगों के बीच परस्पर संबंध और व्यापार तथा निवेश आदि। उन्होंने कहा कि विदेश मंत्रियों की मुलाकात में इन सभी विषयों पर चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि भारत नेपाल के साथ बहुआयामी साझेदारी को और प्रगाढ़ बनाने का उत्सुक है। प्रवक्ता से विदेश मंत्री की भारत यात्रा के एजेन्डे के साथ साथ यह पूछा गया था कि क्या भारत नेपाल के प्रधानमंत्री के सीमा विवाद पर दिए गए बयान के मुद्दे को भी उठाएगा।

- भारत नेपाल के साथ बहुआयामी साझेदारी को और प्रगाढ़ बनाने का उत्सुक

### कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर आज दिल्ली लौटेंगे

**नई दिल्ली।** कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके ने 6 जून (आज) को भारत लौटने से पहले अपने पुरानी अपील से यूटर्न ले लिया है। उन्होंने 4 जून को रात 10 बजे सोशल मीडिया पर एक वीडियो मैसेज जारी कर समर्थकों से दिल्ली एयरपोर्ट पर न आने की अपील की है। कुछ दिन पहले उन्होंने खुद समर्थकों से एयरपोर्ट पहुंचने का आह्वान किया था। उम्मीद से ज्यादा समर्थन मिलने के कारण बड़ी भीड़ जुट सकती है, जिससे आम लोगों और सुरक्षा व्यवस्था को परेशानी हो सकती है।



# जनता कांग्रेस से नाराज, इसलिए कर्नाटक सीएम बदला: मोदी

**सूरत।** पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस 12 सालों से अराजकता और अनिश्चितता फैला रही है। कर्नाटक की जनता भी कांग्रेस की नकारात्मकता के नाराज है। इसलिए कर्नाटक में सीएम बदलना पड़ा।

मोदी बोले कि दूसरों पर निर्भर रहने वाले देश विकसित नहीं होते है। आज देश में कुछ निराशावादी लोग हैं, जिन्होंने देश को दूसरों पर निर्भर रखा। आज वो आत्मनिर्भर भारत का मजाक उड़ा रहे हैं।



पीएम ने शुक्रवार को गुजरात के सूरत में ये बातें कही। उन्होंने वहां से 18 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन किया।

# बीते वित्त वर्ष 7.7 प्रतिशत रही जीडीपी वृद्धि दर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सेवा और विनिर्माण क्षेत्र के अच्छे प्रदर्शन के दम पर वित्त वर्ष 2025-26 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 7.7 प्रतिशत दर्ज की गई, जो 2022.23 आधार वर्ष पर शुरू नई सीरीज में सबसे तेज है।

वित्त वर्ष 2023-24 में जीडीपी वृद्धि दर 7.2 प्रतिशत और 2024-25 में (पहला संशोधित अनुमान) 7.1 प्रतिशत रही थी। केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने शुक्रवार को वित्त वर्ष 2025-26 और उसकी चौथी तिमाही के जीडीपी के प्राथमिक अनुमान जारी किए। अनुमान में बताया गया है कि गत 31 मार्च को समाप्त पिछले वित्त वर्ष में वास्तविक जीडीपी 323.12 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गई। यह एक साल पहले 299.89 लाख करोड़ रुपये थी। वर्तमान मूल्यों पर आधारित नॉमिनल जीडीपी या सांकेतिक जीडीपी 346.36 लाख करोड़ रुपये रही, जो सालाना 8.9 प्रतिशत की वृद्धि दिखाता है। वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में स्थिर मूल्य पर आधारित वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रही और यह 87.77 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गई। तीसरी तिमाही में वृद्धि दर आठ प्रतिशत, दूसरी तिमाही में 8.3 प्रतिशत और पहली तिमाही में 6.8 प्रतिशत रही थी। चौथी तिमाही में नॉमिनल जीडीपी 9.1 प्रतिशत बढ़कर 94.65 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गई। प्राथमिक अनुमानों के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में सकल पूंजी निर्माण 9.9 प्रतिशत बढ़कर 110.64 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया।




- 2024-25 में 7.1 प्रतिशत थी जीडीपी वृद्धि दर

IFTM UNIVERSITY
(Established under Section 2 (f) of UGC Act 1956 by UP Govt. Act No. 24 of 2010)
Lodhipur Rajput, Delhi Road, Moradabad - 244102 (U.P.)
NAAC A
30 Years of Excellence in Quality Education
REGISTRATIONS / ADMISSIONS OPEN FOR THE SESSION 2026-27

MANAGEMENT 9458032396, 9837350198, 8791090789
• BBA -3 yrs. • MBA
• BBA (Hons. with Research) - 4yrs.
• B.Com -3 yrs. • M.Com
• B.Com (Hons. with Research) - 4yrs.
• Diploma in Hotel Mgmt. (DHM)
• Bachelor of Hotel Mgmt. & Catering Technology (BHMCT)
• Master of Hotel Management (MHM)

PHARMACY 9451751810, 7906044144, 9927111259
• D. Pharm
• B. Pharm
• B. Pharm (2nd Year Lateral Entry)
• M.Pharm
- Pharmaceutics
- Pharmacology
- Pharmaceutical Chemistry
- Pharmacognosy

COMPUTER 9412809445, 9410013261, 9927048126
• BCA/BCA (Data Sci.) - 3 yrs. • MCA
• BCA (Hons. with Research) - 4yrs.
• B.Tech • M.Tech
Computer Science & Engineering
Artificial Intelligence & Machine Learning
• B.Tech (2nd Year Lateral Entry) • PGDCA

ENGINEERING 9997998354, 9897445775, 9997474743
• B.Tech
- Electronics & Comm. Engineering
- Electrical Engineering
- Mechanical Engineering
- Civil Engineering
• B.Tech (2nd Year Lateral Entry)
• M.Tech
- Electronics & Comm. Engineering
- Electrical Engineering (Power Sys. Engg.)
- Mechanical Engineering
- Civil Engineering (Structural Engg.)

BIOTECHNOLOGY 9837612666, 7017344483, 9760353953
• B.Tech • M.Tech
- Biotechnology
• B.Sc. - 3 yrs. • M.Sc.
- Biotechnology
- Food Technology
- Microbiology
• B.Sc. (Hons. with Research) - 4yrs.
- Biotechnology - Microbiology
- Food Technology

AGRICULTURE 8477061540, 9451350323, 9758531198
• B.Tech
- Agricultural Engineering
• M.Tech
- Farm Machinery & Power Engineering
- Soil & Water Conservation Engineering
- Process & Food Engineering
• B.Sc. (Hons.) - Agriculture
• M.Sc. (Ag.)
- Agronomy
- Horticulture (Veg. Sci., Floriculture & Landscaping, Genetic & Plant Breeding)

POLYTECHNIC 7310703861, 9457636158, 8923771133
• Diploma in Engineering
- Electronics Engineering
- Electrical Engineering
- Computer Engineering
- Computer Engg (Artificial Intelligence
- Mechanical Engineering
- Civil Engineering
- Production Engineering
- Refrigeration & Airconditioning
• Diploma in Engineering (2nd Year Lateral Entry)

nirf NATIONAL INSTITUTIONAL RANKING FRAMEWORK

SCIENCES 8279818760, 9259410042, 8077580771
• B.Sc. - 3 yrs.
• B.Sc. (Hons. with Research) - 4yrs.
- Physics - Zoology
- Chemistry - Botany
- Mathematics - Home Science
• M.Sc.
- Physics - Zoology
- Chemistry - Botany
- Mathematics - Home Science

HUMANITIES 9997473840, 7505488018, 7906392179
• BA -3 Yrs.
• BA (Hons. with Research) - 4yrs
- English - Hindi - Economics
- Sociology - Geography - Education
- Political Science - Home Science
- History - Sanskrit
• MA
- English - Hindi - Economics
- Sociology - Geography - Education
- Political Science
• Master of Social Work (MSW)
• B.Lib. M.Lib.
• BA (Journalism)
• MA (Journalism)

EDUCATION 8126543884, 7906512226, 8445230387
• BA-B.Ed.- ITEP (Foundation/Preparatory/Secondary) • B.Ed.
• B.Sc.-B.Ed.- ITEP (Foundation/Preparatory/Secondary) • M.Ed.

LAW 8791491123, 9837589666, 9412565607
• B.A.-LL.B. • B.B.A.-LL.B.
• LL.B. • LL.M.

SPECIAL FACILITIES
• Free Uniform to the students
• Fee waiver to meritorious students
• Separate Hostels for Girls and Boys
• Career- Oriented and Skill Development Courses
• Convenience of lift in most of buildings of the University
• Banking facility with ATM
• Post Office facility on Campus
• Wi-Fi / Internet facility
• Canteen / Cafeteria facility for students
• Medical facility (Dispensary and Ambulance)
• Sports facility (In-door & Out-door games)

छात्राओं के लिए ट्यूशन फीस में 10% की छूट
SUNDAY OPEN

Free Bus Service for Pick and Drop from the City and places nearby, namely, Hasanpur, Gajraula, Dhanaura, Nauganva Sadaat, Amroha, Bilari, Chandausi, Kanth, Seohara, Sherkot, Dhampur, Nagina, Noorpur, Ganva, Chandpur, Singhpur Sahni, Asmoli, Sambhal, Rampur, Thakurdwara, Milak, Behjol, Bisauli, Saidnagli, Dilari, Shahbad, Tanda, Bhawalpur, Agwanpur, MDAColony and Lajpatnagar.
Telephone- 9639004077, 9837504666, (0591)- 2360817/18
E-mail : admissions@iftmuniversity.ac.in Website : www.iftmuniversity.ac.in

CMYK

# होमगार्ड का शव जौली के पास बरामद

## दो दिन पूर्व गंगनहर में कूदकर दी थी जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** मुज़फ्फरनगर में तैनात होमगार्ड ने बुधवार को भोपा स्थित पुल से गंगनहर में कूदकर आत्महत्या कर ली थी। मृतक के शव की तलाश जारी थी की शुक्रवार को जौली-भोपा के मध्य गंग नहर से होमगार्ड का शव बरामद हो गया।

थाना छपार क्षेत्र के रामपुर तिराहा निवासी 55 वर्षीय आंनद कुमार पुत्र रतन सिंह बुधवार की दोपहर बाइक द्वारा भोपा पुल पर पहुंचा था।जहां उसने नहर की पश्चिम पटरी पर बाइक खड़ी कर पुराने पुल पर बनी दीवार व तार बाढ़ को फांदकर पुल मध्य में



जाकर मोबाइल तथा पर्स को पुल की मेढ़ पर रखकर नहर में कूदकर आत्महत्या कर ली थी।

आनन्द के शव की तलाश जारी थी कि शुक्रवार की दोपहर नंगला बुजुर्ग नहर में बहते शव को देख पुलिस को सूचना दी।शव को बाहर निकलवाया गया। पुत्र राहुल द्वारा शव की शिनाख्त पिता आनन्द के रूप में की गयी। जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया।

आनन्द के परिवार मे पत्नी कविता देवी, शादीशुदा पुत्र राहुल कुमार, सोनू कुमार हैं। आनन्द होमगार्ड के रूप में ट्रैफिक पुलिस मुज़फ्फरनगर में तैनात था।आनन्द का परिवार मूल रूप से भोपा थाना क्षेत्र के गांव नन्हेड़ा का निवासी है। लगभग 20 वर्ष पूर्व आनन्द के पिता मुज़फ्फरनगर चले गये थे। रतन सिंह सिचाई विभाग में कर्मचारी थे।

# घर में पानी घुसने पर लोगों में आक्रोश, पलायन की चेतावनी

## गौरव स्वरूप ने मौके पर पहुंचकर जानी समस्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नगर के मौहल्ला रामलीला टिल्ला में नाला निर्माण कार्य में लापरवाही के आरा. प को लेकर यहां की जनता कई बार अपना विरोध जता चुकी है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यहां के लोगों का जीवन संकट में है, क्योकि जल निकासी की वैकल्पिक व्यवस्था किए बिना नाला बंद कर दिया गया जिससे सड़कों पर सिल्ट फैलाये जाने से लोगों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने इस बात पर भी कडी नाराजगी जताई कि उनके घरों में गंदा पानी भर रहा है और चारों ओर बदबू फैली है। इस मामले को लेकर क्षेत्र के लोगों ने पहले प्रदर्शन किया और फिर पलायन की चेता. वनी दे डाली। यह खबर जब पालि. का सभासदों द्वारा नगर पालिका में दी गई तो भाजपा नेता गौरव स्वरूप पालिका सभासदों के साथ मौके पर पहुंच गए। उन्होने विरोध प्रदर्शन कर रहे लोगों से सीधे मिलकर उन्हे उनकी परेशानी जल्द खत्म करने का आश्वासन दिया। उन्होने कहा कि नगर पालिका चेयरमैन मीनाक्षी स्वरूप ने भी इस मामले को गंभीरता से लिया हे और जल निगम के एई को नोटिस देकर जवाब तलब किया है।

रामलीला टिल्ला में चल रहे नाले निर्माण लोगों की परेशानी का सबब बना हुआ है जिसको लेकर यहां की जनता कई बार आक्रोश जता चुकी है। लोगों काक हना है कि निर्माण कार्य में लापरवाही बरती जा रही है जिससे लोगों का गुस्सा लगातार बढ़ रहा है यहां पर शाहबुद्दीनपुर से काफी दूर तक का एरिया है जिसमें 17 करोड रूपये की लागत से जल निगम की कार्यदारी संस्था सीएनडीएस नागर इकाई द्वारा नाला निर्माण के दौरान निकासी की वैकल्पिक व्यवस्था किए बना पुराने नाले को बको बंद कर दिया गया इससे लोगों को समस्या उत्पन्न हो रही है। गुरूवार की देर रात भी गंदा पानी घर में घुसने के बाद लोगों में आक्रोश बन गया था हंगामे के बाद सिटी मजिस्ट्रेट पंकज कुमार राठौर नगर पालिका परिषद की अधिशासी अधिकारी डॉ. प्रज्ञा सिंह भी मौके पर पहुंच गई थी। इसके बाद शुक्रवार की दोपहर सभासद अनुज प्रजापति के नेतृत्व में यहां की जनता ने विरोध प्रदर्शन किया। यहां पर पहुंचे भाजपा नेता गौरव स्वरूप ने मौके पर पहुंचकर लोगों को समझाया। इस दौरान विकल्प जैन, राजीव शर्मा, मनोज वर्मा, प्रशांत गौतम मौजूद रहे। चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने इस मामले में संज्ञान लेते हुए संबंधित विभाग को नोटिस जारी कर दिया है। इस दौरान आक्रोशित लोगों ने घरों में गंदे पानी के साथ आसपास पड़े कूड़े को भी अधिकारियों को दिखाया है। इसके बाद तुरंत ही जेसीबी से काम चालू कराया गया।

### मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने निरीक्षण कर अधिकारियों व ठेकेदार को लगाई फटकार

**मुजफ्फरनगर।** रामलीला टिल्ला क्षेत्र में जन समस्या के बाद निर्माणाधीन नाले का स्थलीय निरीक्षण करने पहुंचे मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कार्य की गुणवत्ता व प्रगति का जायजा लिया उन्होने कहा कि किसी भी कीमत पर जनता के अधिकारों से समझौता नहीं किया जाएगा उन्होने संबंधित अधिकारियों व ठेकेदार को फटकार लगाते हुए इस मामले में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। लोगों की सूचना पर तत्तकाल ही मौके पर पहुंचे मंत्री ने क्षेत्र के लोगों को जलभराव की समस्या से राहत दिलाने के लिए अफसरों को निर्देश भी दिए।

# प्रदूषण के विरोध में राष्ट्रपति को लिखा खून से पत्र

**फैक्ट्री, मिलों पर लगाए गंभीर आरोप, सौंपा ज्ञापन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** पेपर मिलों और ओद्योगिक इकाईयों से फैल रहे प्रदूषण के विरोध में सामाजिक न्याय पार्टी जनादेश ने अनोखा प्रदर्शन किया। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति के नाम अपने खून से एक पत्र लिखा जिसको प्रशासनिक अधिकारियों को सौपा गया। देवेन्द्र कश्यप ने आरोप लगाया कि जनपद के कई गांवो लम्बे समय से फैक्ट्री और पेपर मिलों से निकलने वाले प्रदूषण और गंदे पानी को लेकर परेशान है। उन्होने बताया कि ग्राम मखियाली के निकट और भोपा रोड़ भंडूर, जौली रोड़, मंसूरपुर, बेगराजपुर, जडौदा, वहलना सुजडू जैसे क्षेत्र में लगातार प्रदूषण बढ़ रहा है। उन्होने यह भी आरोप लगाया कि प्रदूषण विभाग इस ओर कोई ध्यान नहीं देता शिकायत के बाद भी यहां पर कार्यवाही नहीं होती जिससे मनुष्य के साथ खेती को भी नुकसान हो रहा है।

# ‘एक पेड़ मां के नाम’ अभियान से जुड़ने का किया आह्वान

## मंत्री कपिल देव ने पौधरोपण कर दिया संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रदेश सरकार में स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर चलाए जा रहे ‘एक पेड़ मां के नाम’ अभियान के तहत उन्होंने पौधे लगाए तथा आमजन से भी इस अभियान से जुड़कर पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने की अपील की।

शुक्रवार को भोपा रोड स्थित मखियाली चौकी के निकट पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस परिसर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में स्काउट-गाइड टीम के सदस्य, पार्टी कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस दौरान सभी ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिवस का कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज की निरंतर जिम्मेदारी है, जिसमें प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पेड़ जहां एक ओर स्वच्छ वायु और हरित वातावरण प्रदान करते हैं, वहीं जलवायु संतुलन बनाए रखने में वृक्षों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और पर्यावरणीय चुनौतियों के मद्देनजर पौधरोपण को जन-आंदोलन का स्वरूप देना समय की आवश्यकता है। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल और संरक्षण का संकल्प ले, तो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा बदलाव संभव है।

## चेयरपर्सन ने लगाए फलदार व छायादार वृक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** कमला नेहरू वाटिका कम्पनी बाग में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाकर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और नागरिकों से हरित एवं स्वच्छ वातावरण के लिए सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान आम, जामुन, नीम, गुलमोहर और कटहल सहित फलदार, छायादार एवं औषधीय पौधों का रोपण किया गया। उन्होंने प्रधानमंत्री के श्एक पेड़ मां के नामश अभियान का उल्लेख करते हुए लोगों से अपनी मां के सम्मान में एक पौधा लगाने और उसकी नियमित देखभाल करने की अपील की।कि प्रदेश भर में चल रहे पौधरोपण अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संतुलन को मजबूत करना और आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना है। उन्होंने केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा संचालित स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण संबंधी अभियानों की सराहना करते हुए कहा कि जनसहभागिता से ही इन प्रयासों को सफलता मिल सकती है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों को पर्यावरण संरक्षण और पौधों की देखभाल का संकल्प भी दिलाया गया। इस अवसर पर सभासद कुसुमलता पाल, सतीश कुकरेजा, विजय कुमार चिंटू, अमित पटपटिया, शौकत अंसारी, मोहम्मद खालिद, मोहम्मद शहजाद, ललित कुमार, सुंदर सिंह, हसीब राणा, शोभित गुप्ता, फखरूद्दीन, अधिशासी अधिकारी डॉ. प्रज्ञा सिंह, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय प्रताप शाही सहित पालिका के अधिकारी, कर्मचारी और मौजूद रहे।

# प्रतिबंधित वेनेरेक्स कफ सीरफ के साथ तीन दबोचे

## दस लाख की कीमत बताई, तीन लाख नकद और कार हुई बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद में नकली व बनावटी खाद्य पदार्थो के साथ काफी समय से प्रतिबंधित और नकली दवाईयों का जखीरा बरामद हुआ है। पुलिस लाखों में नहीं करोड़ों की नकली व फर्जी दवाईयां बरामद कर रही है। नगर से अब यह मामला कस्बों तक पहुंच गया है अब तक संबंधित विभाग नगर के कई स्थानों पर बड़े-बड़े व्यापारियों के गोदाम से करोड़ों की प्रतिबंधित दवाई बरामद कर रहा था, लेकिन इस बार ऑपरेशन सवेरा नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर अभियान के तहत बुढ़ाना पुलिस ने करीब दस लाख रूपये की प्रतिबंधित का सिरप बरामद करते हुए आरोपियों के कब्जे से तीन लाख की नगदी व एक कार बरामद होना बताया है।

पुलिस लाइन के सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान जनपद के पुलिस मुखिया संजय कुमार वर्मा ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि बुढ़ाना पुलिस ने कांधला मार्ग विज्ञाना रास्ते के एक खण्डर से प्रतिबंधित का सिरप वैनेरेक्स कम्पनी का बरामद किया। छापे के दौरान पुलिस ने 24 कार्टून जिनमें 2845 शीशियां बरामद की। इस मामले में पुलिस ने अमजद पुत्र मौ. अरशद निवासी प्रक्षितगढ़ मेरठ हाल उत्तराखंड, गुलरेज पुत्र इंतजार निवासी खतौली, जुऐब पुत्र जावेद निवासी लोनी गाजियाबाद व इनका साथी शुभम पुत्र अज्ञात फरार हो गया है। पुलिस ने बताया कि पकडे गए प्रतिबंधित कप सिरप की कीमत करीब दस लाख है और तीन लाख की नगदी आरोपियों से बरामदगी का दावा भी किया गया है पुलिस ने इनके पास एक आल्टो कार भी बरामद की है। बता दे कि अब तक संबंधित विभाग जो सहारनपुर, आगरा, कानपुर, हरियाणा से आकर छापेमारी के दौरान करोडों रूपये की प्रतिबंधित दवाई बरामद कर चुका है, लेकिन इसके बाद भी नकली प्रतिबंधित दवाईयो की बिक्री पर रोक नहीं लग पा रही है। दूसरे राज्य की पुलिस अलग-अलग समय मे कुछ लोगों के गिरफ्तार भी कर चुकी है सिविल लाइन और थाना खालापार से भी पुलिस प्रतिबंधित दवाई के साथ तस्करों को जेल भेज चुकी है। फिलहाल पकडे गए कफ सिरफ बेचने वाले आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वह प्रतिबंधित कफ सिरफ अवैध खरीद फरोख्त कर इनको शुभम गाजियाबाद से खरीदता है और इसके बाद इसको उत्तराखंड में ले जाकर बेचा जाता है।



मुजफ्फरनगरः पकड़े गए गिरोह की जानकारी देते एसएसपी व एसपी क्राइम तथा एसपी देहात।

# राकेश टिकैत ने मक्का खरीद पर सवाल उठाए

## कहा-1200 रु. में फसल बेच रहा है किसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्त राकेश टिकैत ने मक्का खरीद केन्द्रों की स्थापना और समर्थन मुल्य (एमएसपी) बढ़ाने की मांग सरकार की घोषणा पर कई सवाल खडे किए है। उन्होने कहा कि केवल एमएसपी बढ़ाने के किसानों को लाभ नहीं होता। उन्होने कहा कि देश में पर्याप्त मक्का उत्पादन के बावजूद बाहर से मक्का आयात की जा रही है। उन्होने यह भी कहा कि उत्तर प्रदेश के साथ बिहार और एमपी के किसान अपनी मक्का 1200 से



1400 रूपये प्रति कुन्तल बेचने को मजबूर है। उन्होने यह भी सवाल किया कि घोषित मुल्य पर मक्का कौन खरीदा। गेंहू और धान की तरह मक्का की भी खरीद समिति होती है। अधिकतर फसल व्यापारी कम कीमत पर खरीदकर बाद में मुनाफा कमाते है।

# सुरक्षा मानकों की अनदेखी पर होटल सील



**सेफ्टी मानकों के उल्लंघन का आरोप**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** दिल्ली होटल अग्निकांड के बाद जनपद प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। इसी के चलते सिटी मजिस्ट्रेट पंकज कुमार राठौर और मुख्य अग्निशमन अधिकारी अनुराग के नेतृत्व में शहर के होटल रेस्टोरेंट, गेस्ट हाउस व अन्य प्रतिष्ठानों में जांच पड़ताल की गई।

शुक्रवार को प्रशासनिक अधिकारियों ने नगर के होटल, रेस्टोरेंट व अन्य प्रतिष्ठानों जिनमें गेस्ट हाउस भी शामिल है, निरीक्षण किया। टीम ने नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के जानसठ रोड स्थित जीएसवी रायल इन होटल में पहुंचकर सेफ्टी मानकों की जांच पड़ताल की। जैसा की अधिकारियों का कहना है कि जांच पड़ताल के दौरान होटल में कई गंभीर अनियमितताएं पाई गई। यह होटल भोपा रोड एक हॉस्पिटल के सामने है जिसको दो मंजिला बनाया गया है निरीक्षण के दौरान होटल संचालक फायर एनओसी, अग्निशमन सुरक्षा संबंधी कागजों को चैक किया। जांच पड़ताल के दौरान फायर सेफ्टी मानकों का उल्लघंन होना बताया गया निरीक्षण के दौरान होटल संचालक फायर एनओसी, अग्निशमन सुरक्षा संबंधि आवश्यक और सराय एक्ट के तहत जरूरी लाइसेंस प्रस्तुत नहीं कर सका। जांच पड़ताल के दौरान यह भी पाया गया कि यहां पर सुरक्षा मानकों की अनदेखी की जा रही थी और इस होटल में आधा दर्जन से अधिक कमरे बताए गए है। सिटी मजिस्ट्रेट ने इन कमियों के चलते होटल को सील कर दिया है।

## किसान नेता पर जनलेवा हमला

**मुजफ्फरनगर।** गुरूवार की देर रात खालापार क्षेत्र में भारतीय किसान मजदूर संयुक्त मोर्चा के जिलाध्यक्ष व पूर्व सभासद शाहिद रजा पर कुछ लोगों ने अचानक ही हमला कर दिया। रात्रि में ही घायल अवस्था में उनको जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। भाकियू नेता ने बताया कि घटना के समय शाहिद रजा किसी काम से जा रहे थे जहां कुछ लोगों ने घेरकर उन पर लाठी डंडो से हमला कर दिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष भी मौके पर पहुंचे। शुक्रवार की दोपहर तक जिला अस्पताल में घायल का इलाज चलता रहा कार्यकर्ताओं ने आरो. पियो के खिलाफ कायवाही की मांग की। इस मामले की सीसीटीवी फुटेज कैमरे में कैद है। पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

# एसडी कॉलेज ऑफ कार्मस में पौधारोपण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** पर्यावरण दिवस के उपलक्ष पर एसडी कॉलेज ऑफ कॉमर्स के प्रांगण में वृक्षारोपण किया गया। जिसमे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सचिन गोयल व सभी शिक्षकों ने नीम, अमरूद्ध व आम आदि के वृक्ष का रोपण किया।

इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। प्राचार्य डॉ. सचिन गोलय ने सभी शिक्षिकों व छात्र-छात्राओं को एक पेड़ लगाने और उसके संरक्षण का सकल्प लेने की अपील की। उन्होने बताया कि वृक्ष प्राकृतिक स्वच्छ वायु और



जन संरक्षण के लिए अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर सभी विभागाध्यक्ष शिक्षक व कर्मचारी मौजूद रहे।

# सरकारी भूमि से कब्जा हटाने के आदेश

## राजस्व अभिलेखों में दर्ज निजी नामों को हटाने और सरकारी सम्पत्ति दर्ज के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** भोपा रोड़ स्थित खसरा नम्बर 3340 को लेकर चल रहे विवाद में एक बार फिर नया मोड आया है। उत्तर प्रद. ेश शासन ने जिलाधिकारी को निर्देशित किया है कि भूमि के संबंध में आवश्यक कार्यवाही कर कब्जा मुक्त कराकर सरकारी भूमि के रूप में राजस्व अभिलेखों में दर्ज करने के साथ एक सप्ताह में शासन को रिपोर्ट भेजने की बात कही है।

इस मामले की शिकायत अधिवक्ता रामधन ने की थी जिसके बाद शासन ने यह कदम उठाया और भूमि को सरकारी सम्पत्ति बताते हुए राजस्व अभिलेखो में दर्ज कर निजी व्यक्तियों के नाम को गलत औरविवादित बताया है।

बता दे कि भोपा रोड स्थित ग्राम सरवट की खसरा संख्या 3340 काफी समय से विवाद है। इसी के चलते एक शिकायत की गई थी जिसके बाद शासन ने संज्ञान लिया और उत्तर प्रदेश शासन ने जिलाधिकारी को हस्तक्षेप के आदेश दिए है। शासन के राजस्व अनुभाग 9 से जारी पत्र में कहा गया है कि सरकारी सम्पत्ति पर कोई भी व्यक्ति काबिज नहीं हो सकता और कथित गलत इंद्राजो को नियमानुसार जांच करते हुए इसको दुरूस्त किया जाए। इसकी रिपोर्ट एक शासन को भेजने की बात कही गई है और सचिव संजीव कुमार श्रीवास्तव ने जारी पत्र में बताया कि एक अप्रैल 2026 को राजधन की ओर से शासन को एक पत्र भेजकर शिकायत भी की गई है।

आरोप लगाया गया कि कुछ लोगों ने कथित रूप से फर्जी एवं साजिशपूर्ण दस्तावेज के आधार पर अपना हक होने का दावा कर रहे है, जबकि यह भूमि 1921 में सरकारी सम्पत्ति घोषित है। पत्र में आरोप है कि राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराकर सरकारी भूमि पर दावा कायम रखा हुआ है। इसमें यह भी बताया गया कि वर्ष 1991 दायर वाद संख्या 712 जय प्रकाश बनाम अनिल कुमार आदि में सिविल जज सिनियर डिवीजन मुजफ्फरनगर ने 30 मार्च 2010 को दिए गए निर्णय में इसको सरकारी सम्पत्ति माना था। और 2016 में यह मामला खारिज भी कर दिया गया था। कुल मिलाकर शासन द्वारा जारी निर्देश के बाद अब जिला प्रशासन की कार्यवाही पर लोगों की निगाहे है जिसमें अवैध रूप से किए गए कब्जे को हटाने के निर्देष दिए गए है। शासन के आदेश पर प्रशासन ने इस मामले में कार्यवाही शुरू कर दी।





मुजफ्फरनगरः वृक्षारोपण करते मंत्री कपिल देव अग्रवाल व कम्पनी बाग में पौधा लगाती चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप आदि।

# मेरठ ड्रेनेज खंड प्रथम की टीम ने किया गंगा घाट का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** तीर्थ नगरी शुकतीर्थ में बह रही गंगा में स्नान घाट पर फैली बदबू को लेकर शुक्रवार को मेरठ ड्रेनेज खंड प्रथम की टीम ने नगरी में गंगा घाट पहुंचकर निरीक्षण किया तथा गंगा घाट पर फैली बदबू के लिए सीएनडीएस को जिम्मेदार ठहराया।

तीर्थ नगरी शुकतीर्थ में बीते दो सप्ताह से गंगा में घटता जल स्तर व गंगा घाट पर फैली बदबू श्रद्धालुओं के लिए परेशानी बनी है। जिसके चलते गंगा में नौका विहार भी बंद हो गया है। सीएनडीएस द्वारा खोदे गए गड्ढे के पानी में बदबू होने से श्रद्धालु गंगा स्नान किए बिना ही वापस लौट रहे हैं। शुक्रवार को मेरठ ड्रेनेज खंड प्रथम के सहायक अभियंता वीके सिंह, अवर अभियंता संजीव मलिक, अनिल कुमार, मनोज राठी की टीम के साथ गंगा घाट पर पहुंचे और जिला पंचायत अध्यक्ष डा. वीरपाल निर्वाल के साथ निरीक्षण किया। सहायक अभियंता का कहना है कि नियमानुसार गंगा के अंदर कोई निर्माण नही किया जा सकता है, इसके लिए उन्होंने आपत्ति जताते हुए विभाग व थाने में भी तहरीर दी थी, लेकिन कोई सुनवाई नही हुई। वही,शहीद भगत सिंह खेल एकेडमी के संयोजक अमित राठी, महामंडलेश्वर गोपाल दास महाराज, रेंजर रविकांत चौधरी अनेक खिलाडियों के साथ शुक्रवार की सुबह गंगा में उतरकर घंटो तक स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई की।



# शिक्षिका विजयलक्ष्मी माहेश्वरी को गणमान्य ने दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** महर्षि शुकदेव इंटर कालेज से सेवानिवृत शिक्षिका व प्रधानाचार्य पंकज माहेश्वरी की माता विजयलक्ष्मी का बीते 28 मई को 81 वर्ष की आयु में निधन हो गया था।शुक्रवार को आयोजित शोक सभा मे गणमान्य व्यक्तियों द्वारा उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

आयोजित शोक सभा पहुंचे मंत्री कपिल देव अग्रवाल,भाजपा जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल, एमएलसी वंदना वर्मा,शिक्षक एमएलसी श्री चंद शर्मा आदि ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें एक सच्ची समाज सेविका बताया तथा उनकी सेवाओ का स्मरण करते हुए उनके निधन को समाज के लिये अपूर्णीय क्षति बताया।श्रद्धाजंलि देने वालों में सांसद पत्नी यशिका चौहान,विधायक पति अमरनाथ पाल, भाकियू योगेश शर्मा, प्रधान सर्वेन्द्र उर्फ मिंटू राठी,वरुण सहरावत, कमलेंद्र माहेश्वरी, ज्ञानचंद माहेश्वरी,राजेंद्र रस्तोगी, सचिन ठाकुर,अरुण पाल,अनिरुद्ध शारदा, गौरव वत्स,इंदर सिंह कश्यप, अनुराग चौधरी,कैप्टन प्रवीण चौधरी,पूर्व विधायक अशोक कंसल,सुरेश चंद तितोरिया,सुनील शर्मा,सुभाष बाबू ब्रजवीर सिंह ,मगनवीर सिंह, नीलम माहेश्वरी, रजत माहेश्वरी,आजादवीर सिंह,रजनीश यादव ,सुशील माहेश्वरी, मधुसूदन माहेश्वरी, रविन्द्र बेनीवाल, जयकरण गुर्जर आदि मौजूद रहे।



## भैंस खरीदकर नहीं दिए पैसे

**भोपा।** भैंस खरीद कर रकम न देने तथा दबंगता दिखाने का मामला प्रकाश में आया है पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव युसुफपुर निवासी इमरान ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना क्षेत्र के गांव पटौली निवासी व्यक्ति ने उससे एक भैंस करीब डेढ़ माह पहले 84000 रूपए में खरीदी थी और रकम कुछ दिनों में देने का वादा किया और आजकल कह कर वह टाल मटोल करता रहा अब आरोपी रकम मांगने पर दबंगता दिखाते हुए गाली गलौज कर मारपीट पर उतारू हो जाता है पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। पुलिस तहरीर के आधार पर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

## गर्मी मे रूहअफजा वितरित कर मनाई खुशी

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढ़ाना के मोहल्ला पारसी बस स्टैंड पर स्थित सच गैलरी पर शुक्रवार के दिन गैलरी के संचालक मोनू कुमार ने अपना जन्मदिन सामाजिक सेवा के साथ मनाया। इस अवसर पर उन्होंने भयंकर गर्मी में आते जाते हुए सैंकड़ों राहगीरों को ठंडा रूहअफजा शरबत का वितरण करवाया। शरबत वितरण के दौरान रवि वर्मा, ज्योतिषाचार्य पंडित विवेक मणि जी महाराज, ललित कुमार शर्मा, एडवोकेट आकाश कुमार और बुढ़ाना नगर पंचायत के वार्ड सभासद नितिन शर्मा सहित कई गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे। उपस्थित लोगों ने मोनू कुमार को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं और उनके इस नेक कार्य की जमकर सराहना की।

# एसडी इंजीनियरिंग में विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण

**मुजफ्फरनगर।** जानसठ रोड स्थित एस.डी. कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एस. डी. कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, मुजफ्फरनगर में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित परिसर के उद्देश्य से वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में विभिन्न प्रकार के छायादार एवं पर्यावरण हितैषी पौधे लगाए गए।

कार्यक्रम के अंतर्गत नीम, जामुन, सागौन, अशोक सहित अनेक प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया। महाविद्यालय के प्रबंधन, संकाय सदस्यों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।इस अवसर पर अनुभव कुमार (सचिव) ने कहा कि वृक्ष पृथ्वी का अमूल्य धरोहर हैं तथा पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि निरंतर चलने वाली सामाजिक जिम्मेदारी है। वृक्षारोपण जैसे प्रयासों से आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित किया जा सकता है। उन्होंने सभी से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली बढ़ाने का संकल्प लिया तथा लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने का आश्वासन दिया।



# विश्व पर्यावरण दिवस पर किया गया वृक्षारोपण

■ पंचायत परिसर व अन्य स्थानों पर लगाये गये पौधे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर पंचायत बुढ़ाना में शुक्रवार के दिन वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर पंचायत परिसर और विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर कई प्रजातियों के पौधे लगाए गए। बुढ़ाना नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी आलोक रंजन, लिपिक सतीश कुमार और कई सफाई मित्रों ने मिलकर संयुक्त रूप से पौधारोपण किया। इस कार्यक्रम के दौरान ईओ आलोक रंजन ने कहा कि वृक्ष पृथ्वी के जीवन दायी आधार हैं। स्वच्छ और हरित वातावरण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाना और उनकी देखभाल करना भी प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। उन्होंने यहां पर कर्मचारियों और समस्त बुढ़ाना नगरवासियों से पर्यावरण संरक्षण में खूब सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया। इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में शामिल समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों और सफाई मित्रों ने भी लगाए गए पौधों के संरक्षण और नियमित देखभाल का भी संकल्प लिया। नगर पंचायत प्रशासन ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और हरित नगर निर्माण के लिए भविष्य में भी ऐसे अभियान लगातार चलाए जाएंगे।






## विश्व पर्यावरण दिवस पर मिल में हरियाली का लिया संकल्प

**बुढ़ाना।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार के दिन भसाना चीनी मिल के भव्य परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां पर शुगर मिल के अधिकारियों के साथ साथ कर्मचारियों ने भी विभिन्न प्रजाति के पौधे लगाकर स्वच्छ एवं हरित पर्यावरण का संदेश दिया। मिल अधिकारियो ने पौधारोपण करते हुए कहा कि वृक्ष पृथ्वी के जीवनदायी आधार हैं। स्वच्छ और हरित वातावरण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाना और उनकी देखभाल करना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। उन्होंने कर्मचारियों और गन्ना किसानों से पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया यहां पर भसाना शुगर मिल के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने एक एक करके पौधे लगाए। मिल के यूनिट हेड चंद्रवीर सिंह ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि औद्योगिक इकाइयों की भी जिम्मेदारी है कि वे हरियाली बढ़ाने में भागीदार बनें। इस अवसर पर चीनी मिल के सभी अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

### नन्हे बच्चों ने वृक्षारोपण को किया जागरूक

**शाहपुर।** नगर में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नन्हे बच्चों ने वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को वृक्षारोपण करने के प्रति जागरूक करने का महत्वपूर्ण कार्य किया। हम 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के रूप में मनाते आ रहे हैं, इसका मुख्य उद्देश्य यह कि प्रत्येक व्यक्ति को पर्यावरण के प्रति जागरूक होना चाहिए, प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक वृक्ष आवश्यक रूप से लगाना चाहिए यदि प्रख्रति का संतुलन बनाना है, तो वृक्ष लगाना है, वृक्षों से ही जीवन है वृक्ष नहीं तो कुछ नहीं, वृक्ष प्रख्रति की अनमोल देन है, वृक्षों से ही जीवन संभव है। हमें वृक्ष को काटना नहीं है, हमें वृक्ष लगाना है, हमें सिर्फ 5 जून ही नहीं बल्कि हमें प्रत्येक दिन पर्यावरण दिवस के रूप में मनाना है, और वृक्ष लगाना है। इस अवसर पर दर्शित मित्तल, अरनव सिंघल, देवाश सिंघल, मोंटू गोयल, मुकुंद सिंघल, रितविक गुप्ता, अनंत गोयल, केशवी मित्तल आदि बच्चे मौजूद रहे।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर कृषक तैमूर ने किया वृक्षारोपण

**बुढाना।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार की सुबह युवा प्रगतिशील किसान तैमूर अली राणा ने गांव मंदवाडा के जंगल क्षेत्र में स्थित अपने खेतों पर वृक्षारोपण किया। उन्होंने कई प्रजातियों के पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का व्यावहारिक संदेश दिया। तैमूर अली राणा ने कहा कि खेती के साथ साथ पेड़ लगाना भी उतना ही जरूरी है। पेड़ ही जल, हवा और मिटी को बचाते हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ पर्यावरण सुनिश्चित करते हैं। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे भी अपने खेतों, घरों और सार्वजनिक स्थानों पर पौधे लगाएं और उनकी देखभाल करें। किसान की इस पहल की स्थानीय लोगों ने सराहना की और कहा कि युवा किसानों की ऐसी भागीदारी से गांव में हरियाली बढ़ेगी और पर्यावरण के प्रति जागरूकता भी फैलेगी।



# पर्यावरण दिवस पर लगाए पौधे, तीर्थ नगरी होगी पॉलीथीन मुक्त

**मोरना।** शुकतीर्थ में शुक्रवार को विश्व पर्यावरण दिवंस के अवसर पर वन विभाग द्वारा अनेक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पर्यावरण शुद्धि यज्ञ, गंगा स्वच्छता अभियान, जागरूकता अभियान, वृक्षारोपण व तीर्थ नगरी को पॉलीथिन मुक्त करने का संकल्प लिया गया व मगरमच्छ के आवास को सुरक्षित रखने तथा चौरावाला व ककरौली में वेटलैण्ड सुरक्षित रखने सहित आदि कार्यक्रम आयोजित किये गए।

कार्यक्रम में पहुंचे जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल ने गंगा स्नान घाट पर स्वच्छता अभियान सहित वृक्षारोपण अभियान व तीर्थ को पॉलिथीन मुक्त बनाने के अभियान में शामिल होकर बताया कि पर्यावरण बचाने को लेकर सरकार लगातार अनेक कार्यक्रम चलाए हुए हैं जिसमें लगातार और वृक्षारोपण करना तथा वायु को स्वच्छ रखने के लिए प्रदूषण फैलाने वाली फैक्ट्रीयो पर भी कार्यवाही की गई है। ध्वनि प्रदूषण को लेकर भी कार्य किया जा रहे हैं सभी प्रकार के प्रदूषण से मुक्त होकर पर्यावरण को सुंदर बनाने का कार्य जनता के सहयोग से जारी है। युवा भाजपा नेता अमित राठी ने कहा कि पर्यावरण बचाने की सरकार की मुहिम में हम सबको मिलकर सहयोग करना है।तीर्थ नगरी को पॉलिथीन मुक्त बनाने के लिए दुकानदार अपना सहयोग दें। प्रथम चरण में प्लास्टिक की वस्तुओं की बिक्री से बचा जाए जूट आदि के बैग का प्रयोग किया जाए तथा मिटी के पात्रों में गंगाजल तथा मिटी के कुल्हड़ में पय पदार्थ परोसे जाएं।जिससे ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे वह तीर्थ नगरी की शोभा भी बढ़ेगी। वन क्षेत्राधिकारी रविकांत सिंह ने कहा कि आज 1100 वृक्ष गंगा सोलानी के तटों पर लगाये गए हैं।16 हजार वृक्षों को लगाने का लक्ष्य पूरा किया जाएगा।नागरिकों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के छात्रों संग रैली निकाली गयी है।हवन यज्ञ कर पर्यावरण शुद्धि की गयी।साथ ही गंगा व सोलानी नदी में रहने वाली जलीय जन्तुओ जिनमे कछुआ व मगरमच्छ के परिवार को सुरक्षित आवास प्रदान करने का भी कार्यक्रम चलाया गया है।मंडल अध्यक्ष अरुण पाल ने कहा कि देश में सबसे अधिक उत्तर प्रदेश में वृक्षारोपण किया जा रहा है। प्रदेश की योगी सरकार पर्यावरण को सुंदर बनाने के कार्यक्रम निरन्तर चलाये हुए है। इस अवसर पर मुख्य रूप से महामंडलेश्वर स्वामी गोपालदास महाराज,सहायक अभियंता सी के पांडे, डॉ.महकार सिंह, देवेंद्र आर्य संजय कोरी, प्रधान संजय चौहान,ज्ञानसिंह सैनी, वीरपाल सहरावत,ओमपाल चौहान ,शिवम मिश्रा, महेश, राजपाल, प्रधान प्रीतम सिंह,मोहित खटीक ,अमित कुमार दीपक कुमार, प्रियंका, प्रवेश कुमार, विपुल कुमार,वीशू कुमार,अजय सेठ,अनुज कुमार, अनिल कुमार, बिजेन्द्र, बिन्नू राठी, वन विभाग के दीपक कुमार, अमित कुमार, प्रवेश कुमार, प्रियंका, सिंपल व मोहित खटीक,आदि उपस्थित रहे। वहीं दूसरी ओर दरियाबाद के जंगल में शुक्रवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें छायादार व फलदार वृक्ष लगाए गए । कार्यक्रम में सिंचाई विभाग के अधीक्षक अभियंता संजय कुमार तेवतिया ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को वृक्षारोपण अभियान में भाग लेना चाहिए प्रत्येक व्यक्ति वर्ष में एक या दो वृक्ष लगाकर उसका संरक्षण भी करें। तथा पॉलिथीन मुक्त अभियान में प्रशासन का सहयोग करें।इस अवसर पर मुख्य रूप से सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता सुशील कुमार, सचिन कुमार वामन ,प्रवीण कुमार,सन्दीप कुमार, नलकूप चालक कपिल देव, बृजमोहन, अतुल कुमार, अमित कुमार,मा. विपिन कुमार आदि मौजूद रहे।

कार्यक्रम में आम,अमरूद, शीशम, जामुन,मौलश्री,पीपल आदि के पौधों का रोपण किया गया व पर्यावरण बचाने तथा पॉलिथीन मुक्त देश बनाने की शपथ ली गई



# कारगिल शहीद नरेंद्र राठी को इटावा में भावपूर्ण श्रद्धांजलि

बुढ़ाना। कारगिल युद्ध में राष्ट्र रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान करने वाले अमर शहीद स्वर्गीय नरेंद्र राठी की 27वीं पुण्यतिथि पर शुक्रवार के दिन बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव इटावा में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शहीद को पुष्पांजलि अर्पित कर उनके त्याग और बलिदान को नमन किया गया।

आयोजकों ने कहा कि शहीद नरेंद्र राठी का सर्वोच्च बलिदान देशवासियों को सदैव राष्ट्र सेवा और कर्तव्यनिष्ठा की प्रेरणा देता रहेगा। शहीदों का सम्मान और उनके आदर्शों का अनुसरण ही उनके प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि है इस भाव के साथ उपस्थित लोगों ने संकल्प लिया। इसी अवसर पर गांव इटावा के मुख्य द्वार का भी उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत, राष्ट्रीय लोकदल के जिला अध्यक्ष संजय राठी, भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी विरेन्द्र राठी, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष रामकुमार सहरावत सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक और क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। उपस्थित नेताओं और ग्रामीणों ने कहा कि शहीदों की स्मृति को जीवित रखना और उनके आदर्शों पर चलना ही सच्ची देशभक्ति है।



# नायब तहसीलदार की कार्यशैली से अधिवक्ताओं में आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानसठ** ।तहसील परिसर में उस समय माहौल गर्मा गया जब अधिवक्ताओं ने नायब तहसीलदार की कार्यशैली पर गंभीर नाराज़गी व्यक्त करते हुए उनके तबादले की मांग उठाई। अधिवक्ताओं के आक्रोश को देखते हुए नायब तहसीलदार पीछे से निकल गये। अधिवक्ताओं का आरोप है कि नायब तहसीलदार वादकारियों और अधिवक्ताओं के साथ अभद्र व्यवहार किया जाता है,फाइलों के दाखिल ख़ारिज के नाम पर तहसील में भ्रष्टाचार फैला रखा है, दाखिल ख़ारिज की फाइले गायब है, अविवादित फाइले भी वर्षों से अटकी पड़ी है, हाई कोर्ट के आदेश रूलिंग का पालन नहीं किया जा रहा है,नायब तहसीलदार लगभग तीन वर्षों से अधिक समय तक एक ही जगह पर पद पर टिके हुए हैं, विवादित पत्रावलियों की आर्डर शीट मैं धांधले बाजी का भी अधिवक्ताओं ने गंभीर आरोप लगाया है। न्यायिक प्रक्रिया का घोर उल्लंघन कर मनमर्जी से विधि विरूद्ध आदेश पारित किया जाता है, अधिवक्ताओं ने कहा कि नायब तहसीलदार के सभी भ्रष्टाचार के सबूत एकत्र कर राजस्व परिषद के अध्यक्ष से मिलने जाएंगे, अधिवक्ताओं का आरोप है कि नायब तहसीलदार के व्यवहार एवं कार्यप्रणाली के कारण वादकारियों और अधिवक्ताओं को लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सर्वसम्मति से डीएम को ज्ञापन भेजकर नायब तहसीलदार के स्थानांतरण की मांग की।

## सार्वजनिक सूचना

मैंनें अपना नाम MOHAMMAD AHSAN से बदलकर MUHAMMAD AHSAN रख लिया है भविष्य में मुझे MUHAMMAD AHSAN के नाम से जाना व पहचाना जाए।
Muhammad Ahsan S/O Liyakat Ali, House no 34 village rathedi, PS- Nai mandi, distt- Muzaffarnagar, 251001

## सार्वजनिक सूचना

मैंनें अपना नाम MOHAMMAD ZAID से बदलकर MUHAMMAD ZAID रख लिया है भविष्य में मुझे MUHAMMAD ZAID के नाम से जाना व पहचाना जाए।
MUHAMMAD ZAID S/O Muhammad Ahsan, House no 34 village rathedi, PS- Nai mandi, distt- Muzaffarnagar, 251001

# सर्किल-1 में मकान गणना कार्य समय से पूर्व हुए पूरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढाना।** शासनादेश के अनुसार बीती 22 मई से लेकर आगामी 20 जून 2026 तक चल रहे जनगणना 2027 के प्रथम चरण हाउस लिस्टिंग एंड हाउसिंग सेंसस में बुढ़ाना क्षेत्र के सर्किल नंबर-1 ने मकान गणना का कार्य नियत तिथि से पहले ही पूरा कर लिया है।

कंपोजिट स्कूल डूंगर के प्रभारी प्रधानाध्यापक एवं सर्किल-1 के सुपरवाइजर चौधरी जमील अहमद के मार्गदर्शन में गांव सरनावली के एचएलबी 001 से 005 तक और गांव डूंगर के एचएलबी 051 में तैनात समस्त प्रगणकों ने 5 जून को ही अपनी जिम्मेदारी पूरी कर दी। प्रगणकों ने लगन और मेहनत से घर घर पर जाकर मकानों की गणना का काम समय पर निपटाया। सुपरवाइजर चौधरी जमील अहमद ने कहा कि मकान गणना का यह चरण देश की विकासात्मक और सामाजिक योजनाओं की नींव तैयार करता है।

यह अगले चरण में होने वाली जनसंख्या की वास्तविक गिनती के लिए सटीक भौगोलिक और बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जनगणना 2027 भारत को एक शक्तिशाली डिजिटल राष्ट्र बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इसके जरिए यह सुनिश्चित होगा कि प्रत्येक व्यक्ति की सही पहचान हो और उसे उसका हक मिले।

# सीएम योगी का मनाया जन्मदिन

**मुजफ्फरनगर।** शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्मदिन बड़ी धूमधाम से मनाया गया हिन्दू युवा वाहिनी ने शिव चौक पर आयोजित एक कार्यक्रम में संगठन के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों ने मुख्यमंत्री के स्वास्थ्य व दीर्घ आयु जीवन की कामना की। इस अवसर पर हिन्दु युवा वाहिनी के क्षेत्रीय संगठन मंत्री प्रहलाद पाहुजा और नगर पालिका परिषद की चेयरमैन मीनाक्षी स्वरूप सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम हाईस्कूल के कागजात में MOH- MONIS है बाकी कागजात में मेरा नाम MOHD- MONIS है। भविष्य में मेरा नाम MOHD MONIS पढ़ा जाए/जाना जाए।
मो. मोनिस पुत्र मौ. अनवार निवासी ग्राम पिमौड़ा जानसठ, मुजफ्फरनगर, उप्र।

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं सद्दाम राना पुत्र जाकिर अली राना, निवासी 786/3, न्यू राना हाउस, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर उप्र, अपनी पुत्री हदीरा राना का नाम व्यक्तिगत प्राथमिकता के आधार के कारण हदीरा राना से बदलकर सारा राना (SARA RANA) कर रहा हूं। भविष्य में उन्हें सारा राना के नाम से जाना व पहचाना जाए।

# शाहपुर पुलिस ने गैंगरेप पीड़िता की सुनी बात

## एडीजी मेरठ के निर्देश पर पुलिस आई एक्शन में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** थाना शाहपुर क्षेत्र की एक नाबालिग पीड़िता द्वारा सामूहिक दुष्कर्म का आरोप लगाकर दी गई तहरीर पर शुरू में मुकदमा दर्ज न करने के बाद शाहपुर पुलिस ने शुक्रवार को रिपोर्ट दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी।

पीड़िता और उसका भाई और माता शुक्रवार के दिन न्याय की गुहार लेकर रालोद नेत्री अनुपमा चौधरी के बुढ़ाना कस्बे के मौहल्ला मास्टर कालोनी में स्थित आवास पर पहुंचे थे। तब रालोद नेत्री अनुपमा चौधरी ने इस मामले को बडी गंभीरता से लेते हुए एडीजी मेरठ भानु भास्कर से फोन पर बातचीत की तो एडीजी ने शाहपुर पुलिस को फटकार लगाते हुए पीड़िता की तहरीर पर तत्काल मुकदमा दर्ज करने और नियम अनुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। एडीजी के निर्देशों के बाद शाहपुर पुलिस ने पीड़िता को बयान दर्ज कराने और मेडिकल परीक्षण के लिए थाने बुलाया है। शाहपुर पुलिस ने कहा कि आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

पीड़िता की तहरीर में आरोप है कि गांव कुटबी निवासी कुछ युवकों ने पिछले एक वर्ष से उसे डरा धमकाकर उसका यौन शोषण किया है। बीती 29 और बीती 30 अप्रैल को भी उसके साथ दुष्कर्म की घटना हुई है। पीड़िता ने इस संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुजफ्फरनगर को भी प्रार्थना पत्र दिया था। आज रालोद नेत्री अनुपमा चौधरी ने कहा कि पीड़िता को न्याय मिलना चाहिए और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

उधर दूसरी ओर पुलिस अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि मामले की निष्पक्ष जांच की जाएगी। वहीं समाचार लिखे जाने तक पीड़िता थाने में थी और पुलिस आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही में जुट गयी थी।

# जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट प्रांगण में लगाए फलदार पेड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 5 जून से 21 जून 2026 तक संचालित सेवा, संस्कार, सुशासन एवं सम्मान थीम2 आधारित समेकित जन-कल्याण एवं जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत आज विश्व पर्यावरण दिवस के शुभ अवसर पर जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने कलेक्ट्रेट प्रांगण में अमरूद के पेड़ को लगाकर किया पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

जिलाधिकारी ने कहा कि प्रकृति का संरक्षण मानव जीवन की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति अपनी माता के सम्मान में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए तथा उसके संरक्षण और संवर्धन की जिम्मेदारी भी स्वयं निभाए। पौधरोपण तभी सार्थक होगा जब लगाए गए पौधे वृक्ष बनकर पर्यावरण को समृद्ध करें।






**कैबिनेट मंत्री ने किया वृक्षारोपण**

**पुरकाजी।** पुरकाजी गंग नहर पर विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सामाजिक वानिकी प्रभाग, मुजफ्फरनगर की सदर रेंज के अंतर्गत गंग नहर कांवड़ मार्ग पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी, अभिनव राज के निर्देशन में संपन्न हुआ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार रहे। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने कहा कि हमें हर व्यक्ति को एक पौधा लगाना चाहिए।

कार्यक्रम में क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी गीतेश चंद्रा, सहायक अभियंता संतोष कुमार यादव, क्षेत्रीय वन अधिकारी आदित्य सोनकर, वन दरोगा शदीपांजलि शर्मा, वन दरोगा देवेंद्र कुमार एवं अन्य विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

**जनपद न्यायधीश ने किया पौधारोपण**

**मुजफ्फरनगर।** प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आज जिला न्यायालय परिसर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मुजफ्फरनगर के तत्वावधान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रभारी जनपद न्यायाधीश के कुशल मार्ग दर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान न्यायिक कार्यों का निर्वहन कर रहे वरिष्ठ एवं कनिष्ठ न्यायिक अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित न्यायिक अधिकारियों द्वारा न्यायालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित किए गए तथा सभी को अधिकाधिक वृक्ष लगाने, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण तथा पर्यावरण-अनुकूल जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

**सामाजिक वानिकी प्रभाग सदर में वृक्षारोपण**

**मुजफ्फरनगर।** सामाजिक वानिकी प्रभाग सदर रेंज के अंतर्गत आज विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर व्यापक वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस परिसर, मखियाली में किया गया।

**वृक्ष मानव जीवन का आधार: प्रेरणा**

**श्रीराम कालेज में** बायोसाइंस एवं एग्रीकल्चर विभाग के लगभग 200 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्या 'डॉ. प्रेरणा मित्तल' ने कहा कि वृक्ष मानव जीवन के आधार हैं। वे न केवल हमें ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, बल्कि जलवायु संतुलन बनाए रखने, जैव विविधता के संरक्षण तथा प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में विकास कुमार त्यागी, जेहरा हुसैनी, सालीनी मिश्रा, दिव्या पटियाल, सचिन कुमार, सुबोध कुमार, व पिंकू इत्यादि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

**एसएसपी ने पुलिस लाईन में फलदार पौधा**

**वहीं विश्व पर्यावरण दिवस** 2026 के अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइन मुजफ्फरनगर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अपराध इन्दु सिद्धार्थ, सहायक पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ के0 मिश्रा एवं प्रतिसार निरीक्षक ऊदल सिंह द्वारा भी वृक्षारोपण किया गया तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की गई

**इंडियन पोटाश में वृक्षारोपण**

**मुजफ्फरनगर।** इंडियन पोटाश लि., रोहाना यूनिट के प्रांगण में विश्व पर्यावरण दिवस और राष्ट्रव्यापी अभियान ष्एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान इकाई प्रमुख, श्री लोकेश कुमार ने सभी उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए वृक्षों के महत्व पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में वरिष्ठ प्रबंधक (मा.सां.स. एवं विधि), श्रआर. के. तिवारी, रामवीर लल्लर, पंकज बालियान, के.पी. सिंह, तरुण गौड़, संजीव चौधरी, पंकज शर्मा, प्रदीप शर्मा व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

## संक्षिप्त समाचार

### दो पक्षों के बीच जमकर चले लाठी-डंडे

**मीरापुर।** कस्बे के मोहल्ला मुश्तर्क में मामूली कहासुनी को लेकर दो पक्षों के बीच हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। दोनों पक्षों के लोगों के बीच जमकर मारपीट हुई, जिसमें कई लोग घायल हो गए। एक पक्ष की ओर से फरजाना पत्नी नसीम जैदी निवासी मोहल्ला मुश्तर्क ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि 4 जून को दोपहर करीब साढ़े 12 बजे फैजान, शुएब और फिरोज पुत्रगण वकील उनके घर में घुस आए और धारदार हथियार, लोहे की राड तथा लाठी-डंडों से हमला कर दिया। जिसमें उनके पुत्र अजीम और भतीजे साहिल गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से खुर्शीदा पत्नी वकील अहमद ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि अजीम जैदी लंबे समय से उनके घर के सामने गाली-गलौज करता था। आरोप है कि अजीम जैदी, साहिल और रुशाद लाठी-डंडों व धारदार हथियारों के साथ उनके घर में घुस आए और मारपीट कर दी। इस दौरान सुहेब और फैजान घायल हो गए, जिनमें सुहेब के सिर में गंभीर चोट आई।

### मीरापुर में हुआ पौधारोपण

**मीरापुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिवस के अवसर पर भारत स्काउट एवं गाइड द्वारा संचालित एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत शिखर शिक्षा सदन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, मीरापुर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के चेयरमैन सुशील कुमार शर्मा ने अपने संदेश में कहा कि हपर्यावरण की रक्षा करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान जन-जन तक पहुँचकर धरती को हरा-भरा बनाने में मील का पत्थर साबित होगा। विद्यालय की प्रबंधिका शिखा शर्मा ने कहा कि बच्चों में बचपन से ही वृक्षों के प्रति लगाव पैदा करना आवश्यक है। एक पौधा लगाना और उसे माँ के नाम समर्पित करना, पर्यावरण और मातृत्व दोनों का सम्मान है। निदेशक राजेश कुमार शर्मा ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं। प्रत्येक व्यक्ति को पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। कार्यक्रम का समापन पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षों की देखभाल के संकल्प के साथ किया गया।

**वहीं दूसरी ओर मीरांपुर के** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर पंचायत मीरापुर द्वारा टंकी परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष जमील अहमद ने पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान सभासद सरताज सैफी, सुबोध कुमार, राशिद, नीतू रानी, बादल, नरेश कुमार, सत्यम सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष जमील अहमद ने कहा कि वृक्ष हमारे पर्यावरण को संतुलित बनाए । इस अवसर पर मदरसा अध्यक्ष आफताब आलम, मास्टर जान मोहम्मद, मास्टर शमसुद्दीन, मौलाना मोहम्मद अरशद कासमी, मौलाना सईदुज्जमा तथा इब्राहिम सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### बर्तन-सिलेंडर चुराने वाला 24 घंटे में धरा गया

**फुगाना/बुढ़ाना।** उच्च प्राथमिक व प्राथमिक विद्यालय ग्राम लोई से बर्तन व गैस सिलेंडर चोरी की घटना का फुगाना पुलिस ने महज 24 घंटे के अंदर पर्दाफाश कर दिया। पुलिस ने शातिर चोर सुहैल को गिरफ्तार कर चोरी हुए 4 भिगोने, 1 सिलेंडर व 1 अवैध चाकू बरामद किया। बीते 4 जून को विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव कुमार ने तहरीर देकर बताया था कि चोर विद्यालय से 4 भगोने व 1 गैस सिलेंडर चुरा ले गए। तहरीर पर थाना फुगाना में बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने लोई नहर पुलिया के रास्ते से आरोपी सुहैल पुत्र समीम निवासी ग्राम लोई को दबोच लिया और उसके पास से चोरी हुए बर्तन व चाकू बरामद किया। आरोपी पर तितावी क्षेत्र में भी चोरी का आरोप है।

### घटायन में भाजपा मंडल की मासिक बैठक सम्पन्न

**जानसठ।** क्षेत्र के ग्राम घटायन में भाजपा मंडल की मासिक बैठक का आयोजन किया गया।इस अवसर पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं पार्टी पदाधिकारियों ने विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने पर चर्चा की।

कार्यक्रम के दौरान विधायक निधि से निर्मित सड़क का उद्घाटन किया गया।साथ ही विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का आह्वान किया। बैठक में मंडल अध्यक्ष अनुराज चौधरी, मंडल प्रभारी रोहिल वाल्मीकि,वरिष्ठ नेता इन्द्रपाल सिंह मास्टर,महामंत्री रवि शर्मा, कोकिल काकराण,मीडिया प्रभारी जगदीश प्रसाद आदि उपस्थित रहे।

### विदेश भेजने के नाम पर 90 हजार की ठगी

**छपार।** गांव सिसोना निवासी हरीश ने बताया कि उसने मोबाइल पर हरियाणा के जनपद अम्बाला में एक कम्पनी को देखा। जो विदेश भेजने का कार्य करती है। पीड़ित ने वहां पहुंच कर सम्पर्क किया तो उन्होंने 90 हजार रुपए ख़र्च बताया। पीड़ित ने रीटा शर्मा व दिलजीत सिंह के मोबाइल पर रुपए भेज दिये आरोपियों ने एक माह का समय दिया। समय बीतने पर उन्होंने मोबाइल उठाना बंद कर दिया। पीड़ित ने पुलिस में आरोपियों के विरुद्ध तहरीर दी लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई उसके बाद कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### इन्द्र माथुर निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए

**मुजफ्फरनगर।** नगर पालिका ठेकेदार यूनियन का पुनर्गठन किया गया है। इस प्रक्रिया में इंद्र माथुर को सर्वसम्मति से निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। सभी ठेकेदारों ने चुनाव प्रक्रिया के दौरान उनके नाम का समर्थन किया। अध्यक्ष चुने जाने के बाद इंद्र माथुर ने सभी ठेकेदारों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह जिम्मेदारी उन्हें साथियों के विश्वास और समर्थन से मिली है। माथुर ने बताया कि यूनियन का मुख्य उद्देश्य नगर पालिका के ठेकेदारों की समस्याओं का समाधान करना और उनके हितों की रक्षा करना होगा। इंद्र माथुर ने जानकारी दी कि पिछले लगभग दो वर्षों से ठेकेदार यूनियन निष्क्रिय थी। इस कारण ठेकेदारों की समस्याओं को संगठित रूप से उठाने का कोई मंच उपलब्ध नहीं था। अब यूनियन का पुनर्गठन कर इसे फिर से सक्रिय किया गया है, जिसका उद्देश्य सभी पंजीकृत ठेकेदारों को एकजुट करना है।

# डीएम ने खिलाड़ी नवनीत को किया सम्मानित

**मुजफ्फरनगर।** जिला अधिकारी मुजफ्फरनगर कार्यालय में जिलाधिकारी ने अपने ऑफिस से बाहर आकर पैरा टेबल टेनिस खिलाड़ी नवनीत कड़ियां को पैरा राष्ट्रीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में रजत पदक जीतने पर बुके एवं ट्रैकसूट देकर सम्मानित किया तथा भविष्य मै होने वाली प्रतियोगिताओं के लिए वित्तीय एवं खेल उपकरण की मदद करने का आश्वासन दिया इस अवसर पर प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी भूपेंद्र सिंह भी उपस्थित रहे सभी खेल परिवार ने नवनीत को इस अवसर पर शुभकामनाएं दी।

# मुठभेड़ में पंद्रह हजार के इनामी चोर को किया लंगड़ा

**सिखेड़ा/जानसठ।** थाना सिखेड़ा पुलिस ने मुठभेड़ में बृहस्पतिवार की रात्रि को वांछित चल रहे 15 हजार रुपये के इनामी शातिर विद्युत मोटर चोर को गिरफ्तार किया। मुठभेड़ में पुलिस की गोली पैर में गोली लगने से चोर घायल हो गया। पुलिस ने उसके के कब्जे से तमंचा व कारतूस बरामद किए हैं।

नई मंडी सीओ राजू कुमार साव ने पत्रकारों को बताया कि बृहस्पतिवार की रात्रि को मुखबिर के द्वारा सूचना मिली कि थाना सिखेड़ा क्षेत्र से विद्युत मोटर चोरी के मामले में वांछित चल रहे 15 हजार रुपये का शातिर इनामी चोर गांव निराना व भंडूरा मार्ग पर किसी वारदात को अंजाम देने के लिए घूम रहा है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मौके पर मौजूद चोर को ललकारा तो उसने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए फायरिंग की। फायरिंग के दौरान पुलिस की गोली पैर में लगने से चोर घायल हो गया। पुलिस ने घायल चोर को पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान घायल शातिर चोर ने अपना नाम अंकित उर्फ नेता पुत्र चंदन निवासी गांव भंडूरा बताया। पुलिस ने शातिर चोर के कब्जे से एक तमंचा व कारतूस बरामद किए हैं। सीओ ने बताया कि अंकित शातिर चोर है।

# मीरापुर में बाइक चोरों का आतंक

**मीरापुर।** वाहन चोर गिरोह ने दो बाइके साफ कर दी। पीडित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। मीरापुर के मोहल्ला सिकंदरपुर निवासी माज पुत्र खुर्शीद तथा गांव कुतुबपुर निवासी शाहरुख पुत्र हन्नू 2 जून की शाम अपने-अपने कार्य से सुहाना बैंकट हॉल के पास पहुंचे थे। दोनों ने अपनी बाईके खडी की और मेले में घूमने चले गये आकर देखा तो दोनों बाइर्क नही मिली। मीरापुर थाना प्रभारी राजीव शर्मा ने बताया कि पीड़ितों की तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है तथा संदिग्ध व्यक्तियों की तलाश में जुटी हुई है।

# धमेन्द्र व बालियान किसानों के हित दिए सुझाव

**मुजफ्फरनगर।** कृषि लागत एवं मूल्य आयोग सीएसीपी द्वारा रबी विपणन वर्ष 2027-28 के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी निर्धारण के संबंध में अम्बेडकर भवन नई दिल्ली में आयोजित बैठक के अवसर पर भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के राष्ट्रीय प्रवक्ता धर्मेंद्र मलिक एवं पीजेंट वेलफेयर एसोसिएशन के चेयरमैन अशोक बालियान ने आयोग को किसानों के हित में महत्वपूर्ण सुझाव प्रेषित किए।



धर्मेंद्र मलिक ने कहा कि रबी फसलों का एमएसपी किसानों की वास्तविक उत्पादन लागत के आधार पर निर्धारित किया जाना चाहिए। उन्होंने मांग की कि एमएसपी का निर्धारण सी-2 लागत पर न्यूनतम 50 प्रतिशत लाभ जोड़कर किया जाए, ताकि किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य प्राप्त हो सके।

बालियान ने यह भी सुझाव दिया कि केवल एमएसपी घोषित करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि सरकारी खरीद व्यवस्था को मजबूत बनाकर किसानों से प्रभावी खरीद सुनिश्चित की जाए। उन्होंने जलवायु परिवर्तन, असामान्य वर्षा, ओलावृष्टि तथा अन्य प्राकृतिक जोखिमों को भी एमएसपी निर्धारण का महत्वपूर्ण आधार बनाने की मांग की।

उन्होंने कहा कि कम पानी वाली फसलों को प्रोत्साहित करने हेतु दलहन एवं तिलहन फसलों के एमएसपी को अधिक आकर्षक बनाया जाना चाहिए, जिससे फसल विविधीकरण और जल संरक्षण दोनों को बढ़ावा मिल सके। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक को आशा है कि कृषि लागत एवं मूल्य आयोग किसानों के सुझावों पर गंभीरता से विचार कर रबी फसलों के लिए लाभकारी एवं न्यायसंगत एमएसपी की संस्तुति करेगा। विभिन्न राज्यों एवं क्षेत्रों में उत्पादन लागत में अंतर को ध्यान में रखते हुए लागत आंकड़ों का नियमित अद्यतन किया जाए।

डीजल, बिजली, उर्वरक, बीज, कीटनाशक एवं मजदूरी में हुई वृद्धि को एमएसपी निर्धारण में उचित महत्व दिया जाए। कम पानी वाली फसलों जैसे चना, मसूर, सरसों आदि को आकर्षक एमएसपी देकर फसल विविधीकरण को बढ़ावा दिया जाए। बेहतर गुणवत्ता वाली उपज के लिए अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि या बोनस की व्यवस्था की जाए।

एमएसपी इतना आकर्षक हो कि किसानों को निजी व्यापारियों द्वारा कम मूल्य पर उपज बेचने के लिए विवश न होना पड़े। केवल एमएसपी घोषित करना पर्याप्त नहीं है। सरकारी खरीद केंद्रों की संख्या एवं क्षमता बढ़ाकर प्रभावी खरीद सुनिश्चित की जाए। असामान्य वर्षा, ओलावृष्टि, सूखा तथा तापमान परिवर्तन से बढ़े जोखिम को भी एमएसपी निर्धारण में शामिल किया जाए। रबी की प्रमुख फसलों गेहूं, चना, मसूर, जौ एवं सरसों के एमएसपी में लागत वृद्धि के अनुरूप पर्याप्त बढ़ोतरी की जाए। किसानों को फसल चयन एवं निवेश संबंधी निर्णय लेने में सुविधा हेतु रबी फसलों का एमएसपी समय रहते घोषित किया जाए।इसके अलावा भी उन्होंने कई समस्याओं से अवगत कराते हुए किसानों के हित में कई सुझाव दिये।

# आईवी जनरेट सेंट विषय पर कार्यक्रम सम्पन्न

**मुजफ्फरनगर।** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन आईआईए चौप्टर द्वारा होटल स्वर्ण में डैड उद्यमियों के लिए जैईडी सर्टिफिकेशन, लीन मैन्युफैक्चरिंग एवं सीपीसीबी-आईवी जनरेटर सेट विषय पर एक विशेष सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य उद्यमियों को गुणवत्ता सुधार, आधुनिक तकनीकों तथा पर्यावरणीय मानकों के प्रति जागरूक करना था।कार्यक्रम का शुभारंभ चौप्टर सचिव राहुल मित्तल द्वारा राष्ट्रगान के साथ किया गया, जबकि कार्यक्रम का परिचय संयुक्त सचिव समर्थ जैन ने प्रस्तुत किया। कार्यशाला के



मुख्य वक्ता शरद दत्त, असिस्टेंट एडवाइजर, क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया ने जैईडी सर्टिफिकेशन की विस्तृत जानकारी देते हुए इसके विभिन्न स्तरों, सरकार द्वारा प्रदान की जा रही वित्तीय सहायता एवं उद्योगों को मिलने वाले लाभों पर प्रकाश डाला। अवनेश यादव ने जैकसन ग्रुप की 75 वर्षों की सफल औद्योगिक यात्रा, तकनीकी विकास एवं देशव्यापी सेवा नेटवर्क की जानकारी साझा की। नई तकनीकों एवं सरकारी योजनाओं से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# ब्रह्माकुमारीज सेवा केन्द्र पर मनाया गया पर्यावरण दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** गांधीनगर ब्रह्माकुमारिज सेवा केंद्र पर उमंग उत्साह पूर्वक मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस

गांधीनगर मुज़फ्फरनगर मे 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस बड़े उत्साह एवं अध्यात्मिक भावनाओ के साथ मनाया गया इस अवसर पर ब्रह्माकुमारिज द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे सभी भाई -बहनो ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया कार्यक्रम का शुभ आरम्भ सेवक.ेंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी बबिता दीदी ने आये हुए अतिथियों का प्लांट देकर स्वागत सम्मान कर तथा ईश्वरीय स्मृति एवं राजयोग मैडिटेसन से किया गया

कार्यक्रम मे आये हुए अतिथि डा. अर .के. सिंह जी द्धप्रो.एवं विभागाध्यक्ष उद्यान विज्ञान विभाग ऋछोटू राम महाविद्यालय



मुज़फ्फरनगर, ने बताया कि आज हमारे देस मे पर्यावरण की कमी तेजी से बढ़ रही है । जिस कारण से हमारे समाज की स्थिति बिगड़ रही है ,तो आज हम सभी इस पावन अवसर पर अपना सहयोग दे और एक पेड़ आवश्य लगाए जिससे हमारा समाज उन्नति की ओर जाये और प्रकृति का सम्मान करे और अपने समाज को प्रदूषित होने से बचाये ।

कार्यक्रम मे उपस्थित बहन सरिता शर्मा अरोरा (महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष)राष्ट्रीय हिन्दु शक्ति संगठन ने बताया की प्रकृति और मानव का गहरा सम्बन्ध है जब मनुष्य के मन मे अशांति, क्रोध, लोभ और स्वार्थ बढ़ता है तो उसका प्रभाव प्रकृति पर भी पड़ता है ।आज आवश्यकता केवल वृक्ष लगाने की नहीं बल्कि श्रेष्ठ विचारों के बिज बोने के भी है। जब हमारा ंइन हरा भरा होगा तब धरती मा भी हरी भरी बनेगी तो आइये हम सभी मिलकर प्रकृति और विश्व मे सकारात्मक परिवर्तन लाने के निमित्त बने। कार्यक्रम के अंत मे ब्रह्माकुमारी बबिता बहन ने राजयोग मैडिटेसन द्वारा प्रकृति शांति ,प्रेम ,पवित्रता और सकारात्मक ऊर्जा का संचार तथा स्वक्ष प्रकृति और स्वक्ष जीवन का संदेश जन जन तक पहुचाने का आह्वान किया ।और इस कार्यक्रम का संचालन बहुत ही सुचारु रूप से ब्राह्मकुमार अरविन्द भाई जी ने किया।अंत सभी अतिथियों को ब्रह्माकुमारी बबिता दीदी जी ने ईश्वरिय। सौगात भेट कर सभी भाई बहनो को प्रसाद वितरण किया गया

# खेत पर किसान पर हमला

**बुढ़ाना।** कोतवाली बुढ़ाना क्षेत्र के गांव बिराल में खेत पर पानी चलाते समय दो लोगों ने एक किसान पर लाठी डंडे से हमला कर दिया। बुढ़ाना पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पीड़ित सन्नी पुत्र हिन्दी निवासी ग्राम बिराल ने तहरीर में बताया कि 30 मई को टयूब्वैल पर खेत में पानी चला रहा था। इसी दौरान गांव के ही सैंकी पुत्र पाला और विकास पुत्र बेदी ने लाठी डंडो से हमला कर गाली-गलौच शुरू कर दी। जिससे उसको चोटे आयी। अधिक दर्द होने पर पहले उसने अपना मेडिकल कराया और अब उपचार के बाद मुकदमा दर्ज कराने बुढ़ाना कोतवाली में आया। उधर बुढ़ाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर हुआ पौधारोपण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जनपद शामली में पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर व्यापक स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान नगर निकायों एवं ग्राम पंचायतों में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिन्हें संबंधित नोडल विभागों द्वारा जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में संपन्न कराया गया।

वन विभाग द्वारा ग्राम पंचायत किवाना (विकासखंड कांधला) में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में एमएलसी वीरेंद्र सिंह ने रुद्राक्ष का पौधा तथा भाजपा जिलाध्यक्ष रामजी लाल कश्यप ने अशोक का पौधा रोपित किया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख कांधला विनोद मलिक, बृजेन्द्र शुक्ल, मुख्य विकास अधिकारी शामली, डीएफओ बीरेंद्र सिंह रावत, पीडी डीआरडीए प्रेम चन्द तथा क्षेत्रीय वन अधिकारी कैराना राजेश कुमार सहित अन्य अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा भी विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया। एमएलसी वीरेंद्र सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। बढ़ते प्रदूषण एवं जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए प्रत्येक नागरिक को पौधारोपण के साथ उनकी नियमित देखभाल भी करनी चाहिए। उन्होंने अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का आहवान किया। इसी क्रम में एमएलसी मोहित बेनीवाल ने अटल पार्क शामली में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि केवल पौधा लगाना ही नहीं, बल्कि उसकी सुरक्षा एवं संवर्धन भी आवश्यक है। वहीं सदर विधायक प्रसन्न चौधरी एवं उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड मुजफ्फरनगर के दिवाकर देव गहलोत द्वारा कंडेला इंडस्ट्रियल एरिया में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण किया गया। वन विभाग के अनुसार, इस अवसर पर ग्राम्य विकास, पंचायती राज, कृषि, उद्यान एवं नगर विकास विभागों के संयुक्त प्रयास से जनपद में कुल 02 लाख 12 हजार पौधे रो. पित किए गए। इसके साथ ही विभिन्न स्तरों पर जागरूकता एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। डा. सोनू कुमार, जिला परियोजना अधिकारी, जिला गंगा समिति शामली द्वारा ग्राम पंचायत किवाना एवं शामली शुगर मिल परिसर में भी पौधारोपण किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों को नदियों के किनारे अधिक से अधिक वृक्ष लगाने, जल स्रोतों को स्वच्छ रखने तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण का संकल्प दिलाया गया। साथ ही प्लास्टिक प्रदूषण कम करने एवं स्वच्छता बनाए रखने की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम का समापन पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छ, हरित एवं समृद्ध भविष्य के संकल्प के साथ किया गया।

## बिजली शिविर में 61 उपभोक्ताओं की समस्याओं का मौके पर समाधान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से खेड़ी करमू बिजलीघर पर शुक्रवार को समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं ने अपनी शिकायतें दर्ज कराई, जिनका अधिकारियों द्वारा प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया गया। शिविर के दौरान कुल 61 उपभोक्ताओं की समस्याओं का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। अधीक्षण अभियंता वीरेंद्र सिंह ने बताया कि विभाग द्वारा उपभोक्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नियमित रूप से शिविर लगाएगी।

## कॉलेज में विद्यार्थियों के लिए कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का किया आयोजन




**देवबन्द।** इस्लामिया ग्रुप ऑफ कॉलेज में एमबीए, एमसीए, बीबीए एवं बीसीए के छात्र-छात्राओं के लिए कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इसमें देश की प्रतिष्ठित कंपनियों के प्रतिनिधियों ने साक्षात्कार के बाद छात्र-छात्राओं का चयन किया। इस्लामिया ग्रुप ऑफ कॉलेज केंपस में आयोजित रोजगार मेले में बिज ओक्स ग्लोबल सोल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड गुरुग्राम के प्रतिनिधियों ने 15 छात्र-छात्राओं शिफा अहमद, निशांत राना, आदित्य धीमान, आर्यन चौधरी, अबूजर कुरैशी, कैफ, युसरा, रवीश, मोहम्मद अफ्फान, कनिका त्यागी, सना नाज नमरा, वाइज खान मेहर और आयशा खान को साक्षात्कार के बाद शॉर्टलिस्ट किया साथ ही सिग्रिटी कॉपरेट सोल्यूशन प्रा. लि. नोएडा ने 4 छात्र-छात्राओं नमरा, वाइज खान, आयशा खान व सना नाज को चयनित किया। शेष कंपनियों द्वारा भी जल्द शॉर्टलिस्ट जारी की जाएगी। कैंपस प्लेसमेंट प्राप्त कर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे।

## ई-रिक्शा में बैटरी फटने से मची अफरा-तफरी

**कैराना।** नगर में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब चलते ई-रिक्शा की बैटरी अचानक तेज धमाके के साथ फट गई। बैटरी फटते ही ई-रिक्शा में आग लग गई और मौके पर मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। गनीमत रही कि चालक और सवारियां समय रहते वाहन से उतर गए, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।

जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला आलकला निवासी इरफान रोजाना की तरह अपनी ई-रिक्शा लेकर घर से निकला था। बताया जाता है कि जैसे ही वह मोहल्ला अलखुर्द स्थित गुर्जरों वाले बारात घर के निकट पहुंचा, तभी ई-रिक्शा में लगी बैटरी से अचानक तेज धमाका हुआ। धमाके के साथ बैटरी फट गई और वाहन से धुआं निकलने लगा। देखते ही देखते ई-रिक्शा में आग लग गई। घटना के दौरान ई-रिक्शा में कुछ सवारियां भी बैठी हुई थीं। धमाके की आवाज सुनते ही चालक और सवारियों में अफरा-तफरी मच गई। सभी लोग तत्काल वाहन से उतरकर सुरक्षित स्थान पर पहुंच गए। आसपास मौजूद लोगों ने भी दौड़कर मदद की और आग पर काबू पाने का प्रयास किया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यदि बैटरी फटने के बाद आग तेजी से फैल जाती तो बड़ा हादसा हो सकता था। हालांकि समय रहते सभी लोगों के सुरक्षित निकल जाने से जनहानि नहीं हुई। घटना में ई-रिक्शा को नुकसान पहुंचा है।

## बारिश के बाद जलभराव से हुई समस्या उत्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** देर रात हुई बारिश के बाद शहर के कई इलाकों में जलभराव की समस्या उत्पन्न हो गई। नाले और नालियों की समुचित सफाई न होने के कारण वर्षा का कई स्थानों पर बारिश के बाद भी जलभराव की स्थिति बनी रही। जिससे सड़कों और दुकानदारों की दुकानों के बाहर गंदा पानी भरा रहा और भारी परेशानियों का सामना करना पड रहा है।



गत गुरूवार देर रात मौसम में हुए बदलाव के बाद झमाझम बारिश हुई। बारिश के बाद जहां उसम भरी गर्मी से निजात मिल सकी वही शुक्रवार सवेरे कई स्थानों पर जलभराव की स्थित बनी रही। नगर पालिका द्वारा नाले और नालियों की साफ सफाई न कराये जाने से गंदगी अटी रही, जिससे जल निकासी न होने से गंदा पानी सडकों पर भरा रहा। शहर के बरखंडी रोड, दिल्ली रोड तथा कलंदरशाह क्षेत्र में जल निकासी व्यवस्था की पोल खुलती नजर आई। कई स्थानों पर नालियां ओवरफ्लो हो गई, जिससे गंदा पानी सड़कों पर फैल गया। जलभराव के कारण राहगीरों, स्कूली बच्चों और दोपहिया वाहन चालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर के नालों और नालियों की नियमित सफाई नहीं होने से हर वर्ष बरसात के दौरान यही स्थिति उत्पन्न होती है। हल्की बारिश में भी कई क्षेत्रों में जलभराव हो जाता है, जिससे लोगों का जनजीवन प्रभावित होता है।

बरखंडी रोड और दिल्ली रोड जैसे व्यस्त मार्गों पर पानी भर जाने से दुकानदारों को भारी परेशानियां हुईं। कलंदरशाह क्षेत्र में गंदे पानी के जमा होने से लोगों को बदबू और गंदगी की समस्या का सामना करना पड़ा। जहां सवेरे लोग हाथों में स्वयं झाड़ू लेकर नालियों की साफ सफाई करते नजर आये। नागरिकों ने नगर पालिका प्रशासन से नालों और नालियों की नियमित सफाई कराने तथा जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग की है।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, देवबन्द जनपद सहारनपुर।

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद देवबन्द में निम्नलिखित सूची में दिए गए साक्ष्यों के आधार पर उनके सामने अंकित संपत्ति संख्या पर अपना बतौर स्वामी दर्ज करने हेतू प्रार्थना पत्र दिये हैं। उक्त के नामांतरण की कार्यवाही हेतू सूचना जारी की जाती है। यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति साक्ष्य सहित इस नोटिस के प्रकाशन के तीस दिन (30 दिन) के अंदर कार्यालय नगर पालिका परिषद देवबन्द में किसी भी कार्य दिवस में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

| क्र0 स0 | नाम दाखिल कराने वाले का नाम | कर पंजिका में दर्ज नाम | मौहल्ला/सम्पत्ति सं0 |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री रमन दत्ता पुत्र किशन मोहन दत्ता | श्री मनोज कुमार, मुनीस कुमार, मुकुल कुमार, मुकेश कुमार पुत्र रामेश्वर दास, श्रीमति लीलावति पत्नि रामेश्वर दास | कायस्थवाड़ा-क-583 का जुज भाग |
| 2. | श्रीमति शफीका जरीन खान पत्नि मरगूब खान | श्रीमति छम्मो पत्नी रमजानी | पठानपुरा-क-439 |
| 3. | श्री सेठपाल, देवेन्द्र पुत्र महेन्द्र सिंह | श्री महेन्द्र पुत्र मान सिंह | सरायमालियान-724,982 व 1071/1 |
| 4. | श्री अरशद याकूब पुत्र मौ. याकूब | श्री फजल अली पुत्र बुद्धू | अन्दरून कोटला-112 |
| 5. | श्री कुंवर अनुराग सिंह पुत्र हर फूल सिंह | श्रीमति प्रमिला दिवी पत्नि फूल सिंह | कायस्थवाड़ा-क-772 |
| 6. | श्रीमति जैनब प्रवीन पत्नि अकरम उस्मानी | श्रीमति आयशा अयाज पत्नि अयाज अहमद | खानकाह-नया |
| 7. | श्री वकील पुत्र मौ. जरीफ | श्रीमति नफीसा पत्नि जरीफ | फौलादपुरा-451 का जुज भाग |
| 8. | श्री मौ. कामिल पुत्र असगर अली | श्री युसूफ पुत्र मकसूद | बडजियाउलहक-233 |
| 9. | श्रीमति इशरत पत्नी मौ. सुभहान अली | श्री जिन्दा हसन पुत्र शब्बीर अहमद | पठानपुरा-क-1135 |
| 10. | श्रीमति उजमा प्रवीन पत्नि मौ. सरवर | श्री शाहनवाज पुत्र अब्दुल | फौलादपुरा-नया |
| 11. | श्रीमति सोबिया प्रवीन पत्नि खालिक हसन | श्री विनोद कुमार भटनागर पुत्र नन्द किशोर भटनागर | कायस्थवाड़ा-ख-39 |
| 12. | श्रीमति रजनी डोली शर्मा पत्नि विजेन्द्र | श्रीमति सरिता रानी पत्नि अलोक गर्ग | कायस्थवाड़ा-क-484 |
| 13. | श्री कुलदीप कमार पुत्र चन्द्र प्रकाश वर्मा | श्रीमति सुनीता अरोडा पत्नि प्रमोद कुमार अरोडा व अभय कुमार पुत्र दास राम | सड़क रेल-1141 |
| 14. | श्री कुलदीप कुमार पुत्र चन्द्र प्रकाश वर्मा | श्रीमति प्रतिभा वर्मा पत्नि शिव कुमार वर्मा | जनकपुरी-655 |
| 15. | श्रीमति शीबा पत्नी मौ. अफसर | श्री नईम खां पुत्र इमामुददीन | फौलादपुरा-710 का जुज भाग |
| 16. | श्री मौ. मारूफ पुत्र मुहम्मद अख्तर | श्री मौ. अख्तर पुत्र मौ. याकूब | पठानपुरा-क-1180 |
| 17. | श्री मोहन लाल पुत्र राम जी लाल | श्रीमति निर्मला शिवा पत्नि हरीश चन्द शिवा | बडजियाउलहक-396 |
| 18. | श्रीमति शमीमा इलयास पत्नि मौ. साजिद | श्री मौ. नसीम पुत्र इलयास | पठानपुरा-क-959/3 |
| 19. | श्रीमति मधु बाला पत्नि कमल सिंह | श्रीमति पूर्णिमा विश्वास पत्नि प्रजय विश्वास | सरायकाहरान-683 |
| 20. | श्री उस्मान खां पुत्र इस्लामुल्ला खां | श्री प्रदीप कुमार गर्ग पुत्र महावीर प्रसाद | गुज्जरवाड़ा-10 |
| 21. | श्री मौ. सुफियान पुत्र मौ. शाहिद | श्रीमति शमा पत्नि राशिद | पठानपुरा-क-1283 |
| 22. | श्री अमित कुमार अग्रवाल पुत्र विरेन्द्र कुमार | श्री जमील पुत्र मंगता व जहूर पुत्र मंगता | भुल्लशाह-795 का जुज भाग |
| 23. | श्री मौ. आदिल पुत्र मौ. गय्यूर | श्रीमति गुलशाना पत्नि मतलूब हसन | फौलादपुरा-नया |
| 24. | श्री मौ. नौशाद पुत्र इबने हसन | श्री सोनू पुत्र सुल्तान | बडजियाउलहक-नया |
| 25. | श्री शिवम अग्रवाल पुत्र राजीव अग्रवाल | श्री अरविन्द कुमार गोयल पुत्र आनन्द प्रकाश, रश्मि गोयल पत्नि अरविन्द गोयल | सडक रेल-1297/9 |
| 26. | श्रीमति कूरूनिशा पत्नि मौ. नजम | श्री मौ. नजम खान पुत्र नूर हसन | मटकोटा-12/3,4, 12/5 |
| 27. | श्री जाकिर पुत्र जाबिर | श्री मौ. सलीम पुत्र शरीफ | पठानपुरा-क-2200 |
| 28. | श्री उज्जवल त्यागी पुत्र राम कुमार | श्रीमति कान्ता देवी पत्नि स्व. श्याम कुमार व लो. केश कुमार, रजत कुमार पुत्र स्व. श्याम कुमार | कायस्थवाड़ा-क-317 |
| 29. | श्रीमति फरहत प्रवीन पुत्री मसरूरूल हसन | श्रीमति अफशा पत्नि मैराज आलम | सरायपीरजादगान-456/1 |
| 30. | श्रीमति सबा खान पत्नि मौ. आरिफ | श्री शिव कुमार, राज. कुमार, राम कुमार पुत्र लिल्ला राम | पठानपुरा-क-1504 |
| 31. | श्री चाहत पुत्र मौ. अरशद खान | श्रीमति फरहत खान पुत्री मौहम्मद अरशद खां पत्नि रईस अहमद | पठानपुरा-क-2373 |
| 32. | श्रीमति रेशमा पत्नि सन्नी | श्रीमति सुधा पत्नि अजय कुमार 1/2 व श्रीमति रूपा पत्नि विचार दास 1/2 | बडजियाउलहक-392/1 |
| 33. | श्रीमति शालिनी वर्मा पत्नि योगेश वर्मा | श्री फरहान उर्फ मौ. ज़की पुत्र नौशाद अल, श्रीमति शमा पत्नि नौशाद अली | नेचलगढ़-180-180/6 का जुज भाग |
| 34. | श्रीमति सुमन देवी पत्नि उपेन्द्र कुमार | श्रीमति सुनीता पत्नि रणबीर सिंह व प्रशान्त ककवांल व विनीत कमार पुत्रगण रणबीर सिंह | सडक रेल-857 |
| 35. | श्रीमति नेहा भटनागर पत्नि अभिषेक सिंह | श्री सिमरलाल व रितेन्द्र कुमार पुत्रगण दीवानचन्द | फौलादपुरा-486/4 |
| 36. | श्रीमति श्यामो देवी पत्नि जय प्रकाश | श्रीमति नत्थो पत्नि रूपचन्द | बडजियाउलहक-नया |
| 37. | श्रीमति महरूना पत्नि कौसर | श्री मुनफैत पुत्र यामीन | रविदास मार्ग-423 |

## ग्लोबल शांति केयर हॉस्पिटल में गोष्ठी आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को शहर के ग्लोबल शांति केयर हॉस्पिटल में भारत तिब्बत सहयोग मंच, शाखा शामली के तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण विषय पर संगोष्ठी एवं सफाई अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मंच के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

संगोष्ठी को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष कुशांक चौहान ने कहा कि पर्यावरण को संरक्षित रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जब व्यक्ति बीमार पड़ता है और उसे ऑक्सीजन की आवश्यकता होती है, तभी उसे स्वच्छ पर्यावरण और वृक्षों के महत्व का वास्तविक एहसास होता है। यदि प्रत्येक व्यक्ति कम से कम एक पौधा लगाए और उसकी देखभाल करे तो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा योगदान दिया जा सकता है।उन्होंने लोगों से अपने घर, गली और मोहल्लों को स्वच्छ रखने का आहवान करते हुए कहा कि स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण एक-दूसरे के पूरक हैं। इसके बाद मंच के पदाधिकारियों और चिकित्सकों ने संयुक्त रूप से रामपुरम कॉलोनी, कैराना रोड क्षेत्र में सफाई अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

कार्यक्रम में सचिव अक्षय कुमार, सुरेंद्र कुमार, डॉ. सौरभ, विशाल कुमार, अनुज कुमार, विपिन चौहान, भोपाल चौहान, कुलदीप कुमार सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता को जनआंदोलन बनाने का संकल्प भी लिया।

### कार्तिक ने किक बॉक्सिंग में जीता रजत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** ओडिशा के खुर्दा में 30 मई से 3 जून तक आयोजित पांच दिवसीय जूनियर (बॉयज/गर्ल्स) नेशनल किकबॉक्सिंग चौंपियनशिप में देशभर के 1000 से अधिक खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में एवेंजर्स फाइट क्लब के खिलाड़ी कार्तिक चौधरी ने किकबॉक्सिंग के इवेंट में अपने प्रतिद्वंद्वियों को नॉकआउट करते हुए फाइनल तक का सफर तय किया और अपने भार वर्ग में दूसरा स्थान प्राप्त कर रजत पदक अपने नाम किया। कार्तिक चौधरी जनपद शामली के बनत गांव के निवासी हैं और वर्तमान में कक्षा 11 के छात्र हैं। वह पिछले दो वर्षों से एवेंजर्स फाइट क्लब में मार्शल आर्ट का नियमित प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

## गन्ना फसल को कीटों से बचाने को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** गन्ना फसल को कीटों एवं बीमारियों से बचाने के लिए शामली चीनी मिल के अधिकारी और कर्मचारी इन दिनों किसानों के खेतों में पहुंचकर किसानों को जागरूक कर रहे है।

चीनी मिल के अधिकारियों ने बताया कि इस समय गन्ने की फसल में सफेद और लाल रंग की पत्तियां दिखाई देना माइट (कीट) के प्रकोप का प्रमुख लक्षण है। इसकी रोकथाम के लिए 300 मिलीलीटर इमिडाक्लोप्रिड, तीन किलोग्राम सल्फर 90 प्रतिशत तथा 75 मिलीलीटर शैम्पू को 300 लीटर पानी में घोलकर प्रति एकड़ की दर से छिड़काव करने की सलाह दी गई है। अधिकारियों ने किसानों को बताया कि खेतों अथवा खेतों के आसपास उगी घास-फूस को नष्ट कर देना चाहिए, क्योंकि अधिकांश कीट इन्हीं में छिपे रहते हैं और बाद में गन्ने की फसल पर हमला करते हैं। महाप्रबंधक गन्ना सतीश बालियान ने किसानों को खरपतवार नाशक दवाओं के प्रयोग से बचने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि इन दवाओं का गन्ने की फसल पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, जिससे फसल की बढ़वार रुक जाती है, पत्तियां पीली पड़ जाती हैं और उत्पादन प्रभावित होता है। उन्होंने किसानों को खेतों में नियमित निराई-गुड़ाई कराने की सलाह दी।

# संदिग्ध आतंकी मोहतशिम यूपी एटीएस व पंजाब एसटीएफ के चढ़ा हत्थे

## मोहतशिम के कब्जे से अलेक्ट्रोनिक उपकरण बरामद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** यूपी एटीएस एवं पंजाब एसटीएफ की संयुक्त टीम ने जैश ए मोहम्मद और पाकिस्तानी गैंगस्टर शहजाद भट्टी के संपर्क में रहा संदिग्ध आतंकी 32 वर्षीय मोहतशिम को गांव बचीटी से गिरफ्तार किया है। मो. हतशिम वर्तमान ग्राम प्रधान पति मो. मिन त्यागी का छोटा भाई है।



यूपी एवं पंजाब की सुरक्षा एजेंसियों की संयुक्त टीम बृहस्पतिवार देर रात गांव बचीटी गांव पहुंची और मोहतशिम को अपने साथ ले गई। बताया जा रहा है कि हाल ही में पंजाब की सुरक्षा एजेंसियों ने अमृतसर के रहने वाले मनी सिंह समेत कई को गिरफ्तार किया था, जिनके पास से विस्फोटक सामग्री बरामद हुई थी। मनी सिंह के संपर्क में मोहम्मद मोहतशिम भी था। मोहतशिम अपने पारिवारिक सदस्य के साथ पंजाब में अक्सर जाता रहता था। यह जानकारी मिलने के बाद यूपी एटीएस और पंजाब एसटीएफ बचीटी गांव में पहुंची थी। मोहतशिम का संपर्क इंस्टाग्राम व जंगी एप्लीकेशन के माध्यम से जैश ए मोहम्मद और पाकिस्तानी गैंगस्टर शहजाद भट्टी से था। शहजाद भट्टी ने ही इंस्टाग्राम के माध्यम से मनी सिंह और मोहतशिम को मिलवाया था। आरोप है कि मो. हतशिम ने अपने मोबाइल नंबर और व्हाट्सएप अकाउंट से संबंधित तकनीकी जानकारी तथा ओटीपी उपलब्ध कराए थे, जिनका उपयोग संदिग्ध गतिविधियों में किया गया है। दोनों को मोहाली में बम ब्लास्ट की जिम्मेदारी दी गई थी। कार्रवाई के दौरान एजेंसियों ने मोहतशिम के कब्जे से मोबाइल फोन समेत कुछ इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी बरामद किए हैं, जिन्हें फोरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। बताया गया है कि गिरफ्तार किया गया मोहतशिम स्थानीय स्तर पर कई आपराधिक मामलों में नामजद रहा है।

## खुफिया एजेंसियां मोहतशिम की आतंकी गतिविधियों व बैंक खातो की जांच में जुटी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** खुफिया एजेंसियां आतंकी गतिविधियों में गिरफ्तार किए गए मो. हतशिम के बैंक खातों और संपर्कों की गहनता से जांच में जुट गई है। मो. हतशिम दो दिन पहले ही घर लौटा था और सोशल मीडिया पर लगातार सक्रिय था।

मोहतशिम विभिन्न प्लेटफॉर्म के माध्यम से किन-किन लोगों के संपर्क में था, उसके बैंक खातों के लेनदेन आदि के बारे में जानने के लिए खुफिया एजेंसियां जांच में जुट गई हैं। इसके साथ ही उसकी कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) की भी गहनता के साथ जांच की जा रही है। ताकि यह पता लगाया जा सके कि उसके संपर्क किन-किन लोगों से थे। बताया जा रहा है कि खुफिया एजेंसियां उसके परिचितों, मित्रों और हाल के दिनों में संपर्क में आए लोगों के बारे में भी जानकारी जुटा रही हैं। गांव में हुई कार्रवाई के बाद से गांव में चर्चा का माहौल बना हुआ है। अधिकारियों का कहना है कि जांच के सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। डिजिटल और वित्तीय रिकॉर्ड की पड़ताल के बाद ही पूरे मामले की तस्वीर स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल खुफिया विभाग के अधिकारी मोहतशिम की गतिविधियों से जुड़े विभिन्न बिंदुओं को खंगालने में जुटी हैं। वहीं, मोहतशिम की गिरफ्तारी के बाद गांव की सड़कों पर सन्नाटा पसरा हुआ है। मोहतशिम के संबंध में जानकारी जुटाने पहुंच रहे मीडियाकर्मियों की पूछताछ से बचने के लिए कम ही लोग घरों से बाहर निकल रहे हैं।

> ग्राम प्रधान पति मो. मिन त्यागी ने बताया कि भाई ने उन्हें कहीं का नहीं छोड़ा। परिवार की इज्जत मिट्टी में मिला दी। किसी को मुंह दिखाने के लायक नहीं रहे।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**देवबन्द।** विश्व पर्यावरण दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। त्रिवेणी शुगर मिल समेत अनेक शैक्षणिक व सामाजिक संस्थाओं द्वारा पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। त्रिवेणी चीनी मिल में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौध रोपण किए गए। उप गन्ना आयुक्त डॉ. ओपी सिंह ने कहा कि मानव जीवन, कृषि, जल संरक्षण एवं पर्यावरण संतुलन के लिए प्रत्येक व्यक्ति को पौधरोपण के साथ उनके संरक्षण का संकल्प लेना चाहिए। उपाध्यक्ष पुष्कर मिश्र ने कहा कि हरित पर्यावरण ही आने वाली पीढियों के सुरक्षित एवं समृद्ध भविष्य की आधारशिला है। गन्ना समितिचेयरमैन डॉ. उपेंद्र सिंह, सचिव इंद्रमणि पांडेय, महाप्रबंधक गन्ना एसके त्यागी, महाप्रबंधक तकनीकी डी. एस. रेड्डी, विपिन त्यागी, दीपक शुक्ला आदि मौजूद रहे। उधर, सामाजिक संस्था भारत विकास परिषद ने प्राचीन श्री नागेश्वर धाम मंदिर परिसर में कनेर, बेलपत्र, शमी आदि के पौधों का रोपण किया। अध्यक्ष रोबिन अग्रवाल, नितिन तायल, विवेक तायल, राजेश सिंघल, सतवीर चौधरी, अमित चौधरी, अंकित जैन, धीरज गर्ग आदि मौजूद रहे। वहीं, आरके पब्लिक स्कूल में पर्यावरण दिवस धूमधाम से मनाया गया। प्रधानाचार्या मोनिका कपूर, विद्यालय अध्यक्ष डा. राजेश चौहान, डा. कुलदीप राणा ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण कर विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। समस्त शिक्षक, छात्र-छात्राएं व कर्मचारी मौजूद रहे। वहीं, भाजपा जिला उपाध्यक्ष संदीप शर्मा एडवोकेट, डॉ. प्रदीप वर्मा व व्यापार मंडल के जिला उपाध्यक्ष अजय गर्ग आदि ने दून हिल्स स्कूल के परिसर में पौधरोपण किया। कहा कि बढ़ते प्रदूषण और पर्यावरणीय चुनौतियों को देखते हुए प्रत्येक व्यक्ति को पौधरोपण कर उनकी देखभाल का संकल्प अवश्य लेना चाहिए।



## लक्ष्मीपुरा के जंगल में चोरो का धावा, ट्यूबवेल से हजारों का सामान चोरी

**चौसाना।** लक्ष्मीपुरा के जंगल में बदमाशों ने एक किसान के खेत में स्थित ट्यूबवेल को निशाना बनाते हुए चोरी की वारदात को अंजाम दिया। बदमाशों ने ट्यूबवेल का शटर तोड़कर स्टार्टर, मास्टर, 10 मीटर केबल, तीन कटआउट और लीड सहित अन्य सामान चोरी कर लिया और मौके से फरार हो गए। पीड़ित किसान बृजमोहन शर्मा ने बताया कि रात्रि के समय अज्ञात बदमाशों ने खेत में धावा बोलकर ट्यूबवेल में तोड़फोड़ की और उसमें रखा कीमती सामान चोरी कर लिया।

## मजदूर की मौत

**देवबन्द।** ईस्सरपुर गांव निवासी 50 वर्षीय समय सिंह रणखंडी मार्ग स्थित महाराणा प्रताप कॉलोनी में बन रहे मकान में मजदूरी कर रहा था। दोपहर में राजमिस्त्री घर पर भोजन करने के लिए चला गया। जबकि समय सिंह वहीं बैठकर खाना खा रहा था। कुछ देर बाद मिस्त्री वापस लौटा तो समय सिंह जमीन पर पड़ा हुआ था। चिकित्सक को दिखाया गया तो जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इस दौरान वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई। कुछ देर में पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पूछताछ के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। पुलिस का कहना है कि अधिक संभावना है कि समय सिंह वहां से गुजर रहे बिजली के तारों की चपेट में आया और करंट लगने से उसकी मौत हुई।

दैनिक शाह टाइम्स
समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें 9837487334

# पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साढौली कदीम।** विश्व प्रसिद्ध शक्तिपीठ श्री शाकंभरी देवी क्षेत्र में शुक्रवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब भूरादेव मंदिर के पास जंगल में एक युवक का शव पेड़ से लटका मिला। शव मिलने की सूचना जंगल में आग की तरह फैल गई, जिससे मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। मृतक की पहचान बिजनौर जिले के हल्दौर स्थित मोहल्ला रईसान निवासी शिवम वर्मा (30) पुत्र स्वर्गीय बालेश वर्मा के रूप में हुई है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, जंगल से गुजर रहे किसी श्रद्धालु की नजर पेड़ से लटके शव पर पड़ी। उसने तत्काल मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया और आनन-फानन में पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी अभिनंदन सिंह, एसपीआरए मयंक पाठक, इंस्पेक्टर सूबे सिंह और शाकंभरी चौकी प्रभारी रामकुमार गौतम भी घटनास्थल पर पहुंची।

घ्पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। फोरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्यों का संकलन किया। पुलिस को शव के पास से सिगरेट, एक लाइटर, रस्सी का एक टुकड़ा और करीब 1400 रुपये की नकदी बरामद हुई है। इन वस्तुओं की बरामदगी ने मामले को और अधिक रहस्यमय बना दिया है। पुलिस ने सभी बरामद सामान को कब्जे में लेकर गहन जांच शुरू कर दी है। घ्घटना की सूचना जैसे ही मृतक के परि. जनों और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को मिली, वे तत्काल मौके पर पहुंच गए। फिलहाल पुलिस मामले के हर पहलू की जांच कर रही है। पुलिस क्षेत्राधिकारी बेहट प्रीति यादव ने बताया मां शाकंभरी देवी के जंगल से पेड से लटका एक युवक का शव बरामद हुआ हैं।पुलिस ने शव को कब्जें में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम को भेज दिया हैं।

## जन्मोत्सव मनाया

**नकुड़।** श्री राधे गोविंद सेवा समिति द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञानामृत सप्ताह के पां. चवें दिन गुरुवार शाम भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया।

कथा वाचक आचार्य भगवती प्रसाद शुक्ल ने वामन अवतार, भक्त प्रह्लाद तथा श्रीकृष्ण जन्म प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि भागवत का सातवां स्कंध अटूट विश्वास का संदेश देता है। उन्होंने बताया कि भक्त प्रह्लाद को विश्वास था कि भगवान कण-कण में विद्यमान हैं।श्रीकृष्ण जन्म प्रसंग आते ही पंडाल "नंद घर आनंद भयो" और "जय कन्हैया लाल की" के जयघोष से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर जन्मोत्सव मनाया तथा भक्ति गीतों पर नृत्य किया। चेयरमैन शिवकुमार गुप्ता ने श्रद्धालुओं को जन्मोत्सव की बधाई दी।

# ईदे गदीर पर महफिल का किया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** शिया समुदाय के लोगो ने रसूल मुहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के दामाद मौला हजरत अली को आज के दिन मुसलमानों का मौला व आका बनाए जाने की याद में खुशी का इजहार करते हुए एक मजलिस का आयोजन किया।



बृहस्पतिवार को देर रात्रि के समय मोहल्ला हामिद हसन स्थित बड़ी इमामबारगाह मजहरे कर्बला में आयोजित मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना हसन रजा अर्शी ने कहा कि जब रसूल अपने आखरी हज के लिए आए तो अल्लाह ने अपने आखरी नबी से कहा ए नबी तुम वो मेरा पैगाम मुसलमानों तक पहुंचा दो जो कि हमने आपको बताया है। तब रसूल सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने सवा लाख हाजियों को इकठ्ठा करके ऊंटों के कुजावे का मिंबर बनाया। जिस पर खड़े होकर मुहम्मद ने हजरत अली अलैहिस्सलाम को अपने पास बुलाया और अली का हाथ अपने हाथों पर बुलंद करके कहा क्या तुम मुझे अपना आका व नबी मानते हो, तो सब ने एक आवाज होकर कहा बेशक, तो रसूल ने कहा, मन कुंतो मौला, फा हाजा अली युन मौला यानि जिस जिसका मैं मौला उस उसके ये अली मौला।

इस दौरान मजलिस में शायरों ने अपनी उम्दा शायरी से चार चांद लगाये। निजामत मौलाना हसन रजा अर्शी, सदारत मौलाना गमखार हैदर ने की। शायरे अहलेबैत, अलमदार, हादी, वाईज, शेजान, फरमान, गाजी, तौफीक, फैज, बिलाल, समर अब्बास, आजम, महदी, दानिश आदि रहे।

# कस्बा व देहात क्षेत्रों में पौधारोपण कर मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस









**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानौता।** चेयरमेन पति अफजाल खघन ने सभासदों एवं नगर पंचायत कर्मियों के साथ वृक्षारोपण किया।

नगर में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित वातावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नगर पंचायत परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत चेयरमैन पति अफजाल खघन ने सभासद शाहिद खान कालू, सभासद राजपाल सिंह, मौलाना असद अली, वरिष्ठ लिपिक प्रदीप कुमार तथा नगर पंचायत के कर्मचारियों के साथ मिलकर विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अफजाल खान ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने के लिए अधिक से अधिक वृक्ष लगाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने लोगों से पौधे लगाने के साथ-साथ उनकी देखभाल करने का भी आह्वान किया, ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण मिल सके।

वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थित लोगों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया तथा नगर क्षेत्र को हरा-भरा बनाने में अपना सहयोग देने की बात कही।

**रामपुर मनिहारान।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मॉडल व पुरुस्कृत ग्राम चकवाली में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कर व्रक्षों की देखभाल करने का आवाहन किया गया।

एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम में क्षेत्रीय भाजपा विधायक देवेंद्र निम ने प्रकृति संरक्षण के इस पुण्य कार्य में अपनी सहभागिता दर्ज कराई। यह कार्यक्रम केंद्र की मोदी सरकार के जनसेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सफलतम 12 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित हुआ।

इस दौरान संजय चेयरमैन, नकुल चौधरी, बिरम सिंह सहित वन विभाग की टीम व ग्रामीण मौजूद रहे।

पूर्व ब्लॉक प्रमुख नक्षत्र पँवार ने कहा कि व्रक्ष जीवन का महत्त्वपूर्ण अंग हैं जो ऑक्सीजन, फल फूल और साया देते हैं। इसलिए हर किसी को व्रक्षारोपण कर उनकी देखभाल करनी चाहिए।

इस दौरान विकास, गौतम चौधरी आदि मौजूद रहे।

**बेहट।** वृहद वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम के तहत विद्युत विभाग द्वारा बेहट बिजलीघर में पौधारोपण किया गया।

बुधवार को कस्बे के निकट बेहट बिजलीघर पर वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम के तहत विद्युत विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने वृक्षारोपण किया। वृक्षारोपण करने के उपरांत विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता भीष्म कुमार,एस डी ओ बृजमोहन व जेई जितेंद्र भटनागर ने कहा कि पर्यावरण के वातावरण को संतुलित बनाए रखना के लिए हमे ज्यादा से ज्यादा संख्या में पेड़ लगाने चाहिए और उनकी देखभाल करनी चाहिए। इस मौके पर नोडल अधिकारी मनोज कुमार पवन बाबू, विनय पांडे, लाइनमैन अकरम मलिक, सोम केतु सुनील कुमार गौरव कुमार अंकित शक्ति सिंह विशाल कुमार आदि मौजूद रहे।

**चिलकाना।** विश्व पर्यावरण दिवस पर पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी के पुत्र अंशुमन चौधरी ने नगर पंचायत सुल्तानपुर चिलकाना के पार्क में पौधारोपण किया।

शुक्रवार को पूर्व सांसद पुत्र अंशुमन चौधरी ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सुल्तानपुर स्थित नगर पंचायत के पार्क में वृक्षारोपण कर पर्यावरण को शुद्ध बनाने का संदेश दिया। भाजपा मण्डल अध्यक्ष मुकेश शर्मा ने कहा कि पेड़ पौधों से हमे फल, लकड़ी तथा औषधियों के साथ साथ शुद्ध ऑक्सीजन भी मिलती है। भाजपा नेता जायर हुसैन चाँद मियां ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस हर वर्ष 5 जून को मनाया जाता है। इस अवसर पर सभासद प्रतिनिधि निशांक जैन, नगर पंचायत सभासद अनुपम जैन, मरगूब अंसारी, यूनुस कुरैशी, पंचायतकर्मी प्रताप सैनी व इस्तियाक अहमद आदि मौजूद रहे।

**गागलहेड़ी।** विद्यालय सी बी एस गुरुकुल में पर्यावरण दिवस के अवसर पर सैकड़ों पौधे लगाये गए। इस अवसर पर प्रबंधक दीपक यादव, प्रधाना चार्या नीलम यादव, ओम, कँवरपाल, सतवंत सिंह और इमरान आदि ने फूल, फल, जड़ी बूटी और अन्य सैकड़ों पौधों का रोपण किया तथा इनके संरक्षण का वचन लिया। विद्यालय प्रबंधक दीपक ने बताया कि खासकर गर्मियों में मौसम में गुरुकुल खजूरी में अनेक प्रकार के जीव जंतु और प्रवासी पक्षी निवास करते हैं इसी कारण उन्हें केवल पानी ही देना पड़ता है। भोजन उन्हें पेड़ों से प्राप्त हो जाता है, गुरुकुल पिछले 26 वर्षों से पेड़ लगाओ और पानी बचाओ के सिद्धांत पर कार्य करता आया है।

## पर्यावरण बचाने को निःशुल्क 5400 पौधे बांटे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भारतीय नर्सरीमेन एसोसिएशन द्वारा उद्यान विभाग के साथ 5400 पौधों का निशुल्क वितरण किया गया।




चिलकाना रोड स्थित एक नर्सरी में जिला उद्यान अधिकारी गमपाल एवं निरीक्षक राजकुमार सिंह ने कार्यक्रम का शुभारंभ कर विश्व पर्यावरण दिवस पर पेड पौधों के संरक्षण का संकल्प कराया।

इस अवसर पर अध्यक्ष खालिद हाजी महमूद, मुशर्रफ प्रधान, बाबर, रगिब हसन, साजिद, आसू अरोड़ा, मोहसिन, सोनू, नाथी, आमिर, सुक्कू तथा चौधरी जैद आदि ने पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 5400 पौधे निःशुल्क वित. रित किए गए तथा सभी उपस्थित लोगों ने अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने और पर्यावरण को स्वच्छ एवं हरित बनाए रखने का संकल्प लिया। अध्यक्ष खालिद ने कहा कि पेड लगाकर पर्यावरण बचाना आने वाली पीढियों के लिये हमारी सबसे बडी जिम्मेंदारी है।

## पर्यावरण संरक्षण के हीरो बने आदित्य



**गागलहेडी।** पर्यावरणविद एवं निदेशक विपुल आदित्य यादव के नेतृत्व में पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण के क्षेत्र में निरंतर सराहनीय कार्य किए जा रहे हैं। पिछले पांच वर्षों में उनके मार्गदर्शन में 25,000 से अधिक वृक्षों का रोपण एवं वितरण किया जा चुका है। इस अभियान में लॉर्ड कृष्णा एकेडमी एवं सत्य श्री कृष्ण इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई है।

गागलहेड़ी क्षेत्र, मक्काबास, दिनारपुर तथा आसपास के विभिन्न गांवों में व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। साथ ही "हर घर एक वृक्ष" अभियान के माध्यम से लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए जामुन, नीम, अमरूद, आंवला, आम, तून, पीपल एवं बरगद जैसे छायादार एवं फलदार वृक्षों का निःशुल्क वितरण किया गया। विपुल आदित्य यादव के नेतृत्व में धार्मिक एवं सामाजिक स्थलों, सामुदायिक केंद्रों, थाना गागलहेड़ी, चौकी गागलहेड़ी तथा क्षेत्र के व्यापारियों के बीच भी बड़ी संख्या में पौधों का वितरण किया गया। उनके इन प्रयासों का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ समाज में हरियाली बढ़ाने और लोगों को प्रकृति के प्रति जागरूक करना है।

## डम्पर बने परेशानी

**गागलहेडी।** थाना परिसर के मुख्य गेट के ठीक सामने डंपरों और भारी वाहनों के अवैध जमावड़े से आमजन का निकलना दूभर हो गया है। सड़क पर बेत. रतीब तरीके से खड़े इन वाहनों ने मुख्य मार्ग को संकरा कर दिया है, जिससे दर्जनों गांवों का संपर्क मार्ग प्रभावित हो रहा है। जिससे आने जाने वाले ग्रामीणों के वाहन बड़ी मुश्किल से निकलते है कई बार हादसा होने का भी खतरा बना रहता है।

पिछले कुछ समय से थाने के बिल्कुल सामने सड़क के दोनों ओर डंपर खड़े किए जा रहे हैं। यह डंपर परिवहन विभाग व पुलिस द्वारा पकड़ कर खडे किए गए है।स्थानीय लोगों का कहना है कि इन वाहनों के कारण सड़क का एक बड़ा हिस्सा घेर लिया गया है।

# एनपीएस को लेकर दिया प्रशिक्षण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली संचय आउटरीच सेमीनार में एनपीएस के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी देकर जिज्ञासाओं को शांत किया गया।

दिल्ली रोड स्थित एक होटल में पीएफआरडीए एवं जिला अग्रणी बैंक के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम में एनपीएस के फायदों के बारे में बताया। साथ ही यह भी बताया कि किस तरह से आम आदमी एनपीएस का लाभ ले सकता है। इस दौरान एलडीएम नवनीत शर्मा, डिप्टी एलडीएम अरविंद कुमार, एलडीएम आफिस पीएफआरडीए शान हुसैन, शुभम खण्डेवाल, टी वामसी, डी.डी. नाबार्ड शाद बीन अफरोज, नीलिमा यादव, प्रमोद कुमार, निदेशक आरएसईटीआई दीपक कुमार, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी प्रदीप कुमार, अनुज कुमार, रतिराम गौतम आदि ने प्रश्नों के जवाब दिये। प्रशिक्षण में जिले के समस्त किसान उत्पादक संगठन एवं जिले के सीसीएस डिस्ट्रिक मैनेजर विकास त्यागी, अभिनंदन ओझा तथा कॉमन सर्विस सेन्टर के संचालको मो तासीम, अनुज कुमार एवम् समस्त बैंको के जिला कार्डनेटरों ने भाग लिया।

# घर लौटते युवक की हादसे में मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** बाईक से अपने घर लौट रहे 18 वर्षीय युवक की एक दुर्घटना में मौत हो गई। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया।

मौहल्ला सराय निवासी पूर्व सभासद रईस अहमद का 18 वर्षीय भतीजा मोहम्मद उमर पुत्र अनीस अहमद सूबरी गाँव में अपनी नानी के यहाँ गया हुआ था।गुरुवार शाम को वह अपने घर के लिए बाईक से रवाना हुआ।सहारनपुर में सदर थाने से थोड़ा आगे विश्वकर्मा चौक पर उसकी बाईक एक खम्बे से टकरा गई जिससे उसके सर में गम्भीर चोट लग गई।घायल मोहम्मद उमर को तत्काल हॉस्पिटल के जाया गया लेकिन उसकी जान नहीं बचाई जा सकी।पुलिस द्वारा मृतक के परिजनों को सूचना दी गई तो यहाँ कोहराम मच गया।परिजन व स्थानीय लोग फौरन हॉस्पिटल पहुँचे।मृतक युवक के माता पिता हज यात्रा पर गए हुए हैं।आवश्यक कार्रवाही पूरी करने के लिए उनको यह दुखद सूचना दी गई।

पूर्व चेयरपर्सन प्रतिनिधि प्रदीप चौधरी,डॉ अरशद अली, अनवर, आबिद हसन, अजीम मलिक, खलील अहमद,आस मोहम्मद सैफी,अहसास मलिक, अरशद शाह, राजू चौधरी, नफीस सैफी, संदीप सैनी, हाजी मोहम्मद अय्यूब,आफताब मलिक, राशिद मलिक, सोनू, शाहनवाज सैफी, हाजी फैजान, जुल्फक्कार, शादाब, नफीस मौजूद रहे।


**सूचना**

मेरा सही नाम FASIHUZZAMA ANSARI S/o SH HAMID HASAN ANSARI है। टाइपिंग की त्रुटि से मेरा नाम FSIHUZZAMA ANSARI S/o SH HAMID HASAN लिखा गया है। जिसे बदलकर FASIHUZZAMA ANSARI S/o SH HAMID HASAN ANSARI कर लिया है। भविष्य में मुझे व मेरे पिता को इसी नाम से जाना जाए।

**फैसीहुज्जमा अंसारी पुत्र श्री हामिद हसन अंसारी निवासी 6/339, मोहल्ला छिपियान सहारनपुर।**

**Shakumbhari Degree College**

**Sultanpur, Chilkana, Saharanpur (UP) (Affiliated to Maa Shakumbhari University Saharanpur)**

**Required**

Assistant Professor :
(Programms)
B.SC (Physics, Chemistry, Maths, Zoology, Botany)
(Qualification Required: As per UGC and MSU Norms Preferably NET/Ph.D.) Note: Experienced Candidates will be preferred. Candidates can apply within 7 days by Email, Post Email: with their latest Self attested resume at in to. Shakumbharigroup@gmail.com
Mobile No.: 9759922268, 7037476736


# थाना फतेहपुर में मनाया थानेदार का जन्मदिन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर में तैनात प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) वीरेंद्र सिंह राणा का जन्मदिवस थाना परिसर में पूरे उत्साह, आदर और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।



कार्यक्रम की शुरुआत में थाना स्टाफ ने प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह राणा से केक कटवाया इसके बाद सभी पुलिसकर्मियों ने उन्हें फूल-मालाएं पहनाकर और मिठाई खिलाकर जन्मदिवस की हार्दिक बधाई दी।इस दौरान थाना परिवार के सदस्यों ने प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह राणा के सरल स्वभाव, कुशल नेतृत्व तथा जनसरोकारों के प्रति उनकी संवे. दनशील कार्यशैली की जमकर सराहना की। कार्यक्रम में मौजूद पुलिसकर्मियों ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि वीरेंद्र सिंह राणा एक बेहद कुशल, ईमानदार और सहृदय अधिकारी हैं। जन्मदिवस समारोह के दौरान थाना परिसर में चारों तरफ खुशियों और उल्लास का माहौल देखने को मिला, जहां सभी पुलिसकर्मियों ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया और बधाई दी। अंत में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह राणा ने इस सम्मान और अपनेपन के लिए सभी अधीनस्थ कर्मचारियों व थाना स्टाफ का सहदिल से आभार व्यक्त किया।

# ससुराल पक्ष पर हमला


**गंगोह।** जीजा साले के बीच फोन पर हुए विवाद के बाद मारपीट का मामला सामने आया है। यह घटना गैस एजेंसी के पास हुई। पीड़ित पक्ष ने ससुराल पक्ष के लोगों पर हमला करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

गांव बाढ़ीमाजरा निवासी सलीम ने कोतवाली में दी तहरीर में कहा है कि उसकी शादी गांव सांगाठेड़ा में हुई है। सलीम का आरोप है कि दो दिन पूर्व उसकी पत्नी से मामूली कहासुनी हुई थी, जिसके बाद फोन पर उसके और ससुराल पक्ष के लोगों के बीच विवाद बढ़ गया। पीड़ित के अनुसार बुधवार सुबह वह अपने भाई नदीम के साथ गैस एजेंसी पर सिलेंडर लेने गया था। इसी दौरान ससुराल पक्ष के कुछ लोग वहां पहुंच गए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर कहासुनी बढ़ गई और मारपीट शुरू हो गई। पीड़ित सलीम का आरोप है कि हमलावरों ने हॉकी, बेल्ट और घूंसों से हमला किया। इस हमले में उसके भाई नदीम के सिर, गर्दन, कमर और पैरों में चोटें आईं। घायल नदीम ने बताया कि जब वह अपने भाई को पीटते देख बीच-बचाव करने पहुंचा, तो उसके साथ भी मारपीट की गई। आरोप है कि घटना के बाद आरोपी शिकायत करने पर गंभीर परिणाम भुगतने और जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। पीड़ित पक्ष ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई तथा सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की है।

# किसान हित और पारदर्शी व्यवस्था को प्राथमिकता देंगे मण्डी सचिव देवेंद्र प्रताप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिला कृषि उत्पादन मंडी समिति सहारनपुर में मंडी सचिव के पद पर महत्वपूर्ण प्रशासनिक फेरबदल किया गया है।



अपनी बेहतर कार्यकुशलता, जुझारू कार्यशैली एवं कर्तव्यनिष्ठा के लिए पहचाने जाने वाली मंडी सचिव सुमन भारती का स्थानांतरण कासगंज कर दिया गया है। अब उनके स्थान पर देवेंद्र प्रताप सिंह ने मंडी सचिव का कार्यभार संभाल लिया है। देवेंद्र प्रताप सिंह सीतापुर से स्थानांतरित होकर सहारनपुर पहुंचे हैं,उन्होंने अपने लगभग 18 वर्षों के सेवा काल में विभिन्न जनपदों में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाई हैं। उनकी पहली नियुक्ति कन्नौज में हुई थी। कार्यभार ग्रहण करने के बाद देवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि उनकी प्राथमिकता किसानों,व्यापारियों एवं मंडी से जुड़े सभी हितधारकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना रहेगी।उन्होंने कहा कि शासन की किसान कल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से धरातल पर उतारते हुए मंडी व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी,सुव्यवस्थित एवं जनहितकारी बनाया जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने,मंडी में आवश्यक सुविधाओं को मजबूत करने तथा आढ़तियों, व्यापारियों और किसानों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने की दिशा में विशेष प्रयास किए जाएंगे। नवनियुक्त मंडी सचिव के आगमन से मंडी क्षेत्र के किसानों एवं व्यापारियों में एक और नई उम्मीद जगी है और उनसे और बेहतर प्रशासनिक कार्यशैली की अपेक्षा की जा रही है।

# भारत-अफगान टेस्ट से शुरू होगा गिल का दौर

■ शुभमन गिल की कप्तानी में टीम इंडिश ट्रांजशिन फेज में कदम रख रही

**मुल्लांपुर, वार्ता।** भारतीय टेस्ट क्रिकेट में शनिवार से एक नए दौर की शुरुआत हो रही है। शुभमन गिल की कप्तानी में टीम एक बदलाव के दौर (ट्रांजशिन फेज) में कदम रख रही है और मुल्लांपुर के महाराजा यादवेंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में अफगानिस्तान के खिलाफ एक टेस्ट मैच खेलेगी।

यह मैच आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप साइकल का हिस्सा नहीं है। पिछले साल नवम्बर के बाद भारत रेड-बॉल क्रिकेट में वापसी कर रहा है। यह मैच ऐसे समय में हो रहा है जब टीम में पीढ़ीगत बदलाव (जेनरेशनल शिफ्ट) हो रहा है और सीनियर खिलाड़ी विराट कोहली और रोहित शर्मा टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं। गिल के लिए यह सीरीज लीडरशिप की शुरुआती परीक्षा है। वह एक युवा और नई टीम का नेतृत्व करते हुए भारत के लंबे समय के टेस्ट



कप्तान के तौर पर अपनी जगह पक्की करना चाहेंगे। भारत ने इस मैच का इस्तेमाल अपनी बेंच स्ट्रेंथ बढ़ाने के लिए किया है, जिसमें स्थापित खिलाड़ियों के साथ-साथ कई उभरते हुए खिलाड़ियों को भी मौका दिया गया है। उम्मीद है कि भारत की बैटिंग लाइन-अप की शुरुआत केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल करेंगे, और मिडिल ऑर्डर में साई सुदर्शन, गिल और ऋषभ पंत होंगे। निचले क्रम में वॉशिगटन सुंदर और नीतीश कुमार रेड्डी जैसे ऑलराउंडर विकल्प मौजूद हैं, जिससे सीनियर खिलाड़ियों की गैर-मौजूदगी में भी टीम को काफी गहराई मिलती है। गिल शानदार फॉर्म में हैं, उन्होंने 2025 में नौ टेस्ट मैचों में 70-21 की औसत से 983 रन बनाए हैं। उनके शानदार प्रदर्शन में एजबेस्टन में बनाए गए ऐतिहासिक 269 रन भी शामिल हैं, जो टेस्ट क्रिकेट में उनकी बढ़ती अहमियत को दिखाते हैं। हशमतुल्लाह शाहिदी की कप्तानी में अफगानिस्तान की टीम टेस्ट क्रिकेट में कम अनुभव के साथ आई है, लेकिन उनके पास एक ऐसा कोर ग्रुप है जिसने मुश्किल हालात में भी अच्छा खेल दिखाया है।

रहमत शाह इस फॉर्मेट में उनके सबसे भरोसेमंद बल्लेबाज हैं, जबकि रहमानुल्लाह गुरबाज ओपनिग में आक्रामक खेल दिखाते हैं। हालांकि, अफगानिस्तान के लिए चुनौती तब और बढ़ जाती है जब उनके मुख्य स्पिनर राशिद खान और मुजीब उर रहमान टेस्ट टीम में नहीं होते, ऐसे में गेंदबाजी की कमान संभालने की अतिरिक्त जम्मिदारी कैस अहमद पर आ जाती है। बिलाल सामी, सलीम साफी, शराफुद्दीन अशरफ और नंग्याल खरोताई जैसे सहयोगी गें. दबाजों को मिलकर भारत की मजबूत बैटिंग लाइन-अप को रोकने की कोशिश करनी होगी। इस बीच, भारत की तेज गें. दबाजी की कमान मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृणा संभालेंगे, जबकि कुलदीप यादव स्पिन के मुख्य हथियार होंगे क्योंकि पिच पर जैसे-जैसे मैच आगे बढ़ेगा, स्पिनरों को मदद मिलने की उम्मीद है। वॉशिगटन सुंदर टीम में स्पिन और बल्लेबाजी का अतिरिक्त संतुलन लाते हैं। मुल्लांपुर की पिच पर मैच की शुरुआत में अच्छा उछाल और गति मिलने की उम्मीद है, जिससे तेज गेंदबा. जों को पहले सेशन में मदद मिल सकती है। हालांकि, जैसे-जैसे टेस्ट मैच आगे बढ़ेगा, पिच धीमी हो सकती है और स्पिनरों के लिए मददगार हो सकती है। पांच दिनों तक गर्म और शुक मौसम के कारण पिच तेजी से खराब हो सकती है, जिससे बाद के चरणों में बल्लेबाजी करना और भी मुश्किल हो जाएगा। दूसरी ओर, भारत को घरेलू सीरीज में दक्षिण अफ्रीका से 2-0 से हार का सामना करना पड़ा था। हालांकि,दोनों टीमों के बीच अनुभव और गहराई में जो अंतर है, उसे देखते हुए भारत की जीत की संभावना बहुत ज्यादा है। जहां अफगानिस्तान रहमत शाह, हशमतुल्लाह शाहिदी और कैस अहमद से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद करेगा, वहीं भारत की मजबूत बल्लेबाजी और विविध गेंदबाजी विकल्प शुरुआती सेशन से ही मैच पर अपना दबदबा बनाए रखने की उम्मीद है। कुल मिलाकर, यह मुकाबला भारत के लिए बदलाव का एक पल और अफगानिस्तान के लिए टेस्ट क्रिकेट में विकास का एक और कदम है, जिसमें मेजबान टीम पांचों दिन मैच पर नियंत्रण बनाए रखने की मजबूत स्थिति में है। टीमें: भारत: शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत, यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, ध्रुव जुरेल, नितीश कुमार रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, प्रसिद्ध कृणा, मोहम्मद सिराज, गुरनूर बरार, हर्ा दुबे, देवदत्त पडिक्कल, मानव सुथार अफगानिस्तान: हशमतुल्लाह शाहिदी, अफसर जजई, अब्दुल मलिक, रहमानुल्लाह गुरबाज, रहमत शाह, अजमतुल्लाह ओमरजई, शराफुद्दीन अशरफ, जयिाउर रहमान शरीफी, कैस अहमद, बिलाल सामी, मोहम्मद सलीम साफी, नंगेलिया खरोटे, सेदिकुल्लाह अटल, इकराम अलीखिल आदि।

## केएस भरत ने लिया अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के लिए सात टेस्ट मैच खेलने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज केएस भरत ने 32 वा की उम्र में अंतर्राट्रीय क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया। भरत ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि गर्व से भरे दिल और कृतज्ञता के भाव के साथ मैं अंतर्राट्रीय क्रिकेट से अपने संन्यास की घोाणा करता हूं। अपने देश के लिए खेलना मेरे लिए जीवन का सबसे बड़ा सम्मान रहा है। भरत ने 12 पारियों में 20-09 की औसत से 221 रन बनाए और बतौर विकेटकीपर उन्होंने 19 शिकार भी किए। इंडिया ए के लिए प्रभावशाली प्रदर्शन करने के बाद 2023 की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में उन्होंने भारत के लिए डेब्यू किया था। उन्होंने 2023 में अहमदाबाद टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 44 का अपना सर्वोच्च स्कोर बनाया जिसमें मिचेल स्टार्क और नाथन लियोन जैसे गेंदबाज थे। 2023 में ओवल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए।

## खेल विशेष

### फीफा विश्व कप: 39 दिन, 48 टीमें, कुल 104 मैच

**नई दिल्ली, वार्ता।** फुटबॉल का महाकुंभ 'फीफा विश्व कप' 11 जून से 19 जुलाई तक अमे. रिका, कनाडा और मैक्सिको में आयोजित किया जाएगा जिसमें 39 दिनों में 48 टीमें हिस्सा लेंगी और कुल 104 मैच खेले जाएंगे। घे 5 भारत में फीफा वर्ल्ड कप 2026 के लिए ऑफिशियल स्ट्रीमिग डेस्टिनेशन होगा, और मैच नए लॉन्च हुए स्पोर्ट्स टेलीविजन नेटवर्क, यूनाइट 8 पर भी दिखाए जाएंगे। ए दोनों प्लेटफॉर्म मिलकर टूर्नामेंट की पूरी कवरेज देंगे और देश भर के फुटबॉल फैंस के लिए ओपनिग मैच से लेकर फाइनल तक के हर पल को दिखाएंगे। फीफा वर्ल्ड कप 2026 इस खेल के लिए एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। पहली बार, इस टूर्नामेंट में 48 नेशनल टीमें और 104 मैच होंगे, जिससे यह इतिहास का सबसे बड़ा फीफा वर्ल्ड कप बन जाएगा।

### हिम्मत व अमन के दमदार प्रदर्शन से जीता आउटर दिल्ली वॉरियर्स इलेवन

**नई दिल्ली, वार्ता।** आउटर दिल्ली वॉरियर्स इलेवन ने 51वें अखिल भारतीय गोस्वामी गणेश दत्त मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट (पंजीकृत) के पूल-सी लीग मुकाबले में शुक्रवार को फेंड्स सी-सी- को 8 विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की। दिल्ली के सबसे प्रतिठित और ऐतिहासिक क्रिकेट टूर्नामेंटों में शामिल इस प्रतियोगिता के 51वें संस्करण में टीम ने गेंद और बल्ले दोनों से दमदार प्रदर्शन किया। टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने उतरी आउटर दिल्ली वॉरियर्स की टीम ने फेंड्स सी-सी- को 113 रन पर रोक दिया। फेंड्स सी-सी- की ओर से घनश्याम ने सर्वाधिक 31 रन बनाए, जबकि देव मेहता ने 27 और यशवर्धन ओबेरॉय ने 23 रन का योगदान दिया। आउटर दिल्ली वॉरियर्स के लिए गेंदबाजी में अमन चौधरी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 ओवर में 18 रन देकर 4 विकेट झटके।

### ब्रदर्स यूनियन ने अग्रानी बैंक के खिलाफ वॉकओवर किया

**ढाका, वार्ता।** बंगलादेश के सावर में खेले जा रहे ढाका प्रीमियर डिवीजन क्रिकेट लीग (डीपीएल) मैच में ब्रदर्स यूनियन की टीम अधिकारियों द्वारा बकाया राशि का भुगतान करने से इनकार करने पर अग्रानी बैंक के खिलाफ मैदान पर नहीं उतरी। ऑफ-स्पिनर सोहाग गाजी के अनुसार, क्लब के अधिकारियों द्वारा बकाया राशि का भुगतान करने से इनकार करने के बाद ब्रदर्स यूनियन के खिलाघ्यिों ने यह बघ कदम उठाया। मैच रेफरी इनायत चौधरी के मैदान पर मौजूद होने के बावजूद ब्रदर्स यूनियन के कप्तान जाहिदुज्जमान टॉस के लिए नहीं आए, जिसके बाद अंपायर मोनिरुज्जमान और शफीन शरीफ ने मैच को बेनतीजा बताया।

## विश्व कप अभ्यास मैच में इराक ने स्पेन को बराबरी पर रोका

■ दोनों खिलाड़ी उन सपोर्ट प्लेयर्स के ग्रुप का हिस्सा थे जिन्हें 26 लोगों वाली वर्ल्ड कप टीम की तैयारी में मदद के लिए चुना गया था

**मैड्रिड, वार्ता।** ला कोरुना में खेले गए विश्व कप अभ्यास मैच में इराक ने स्पेन को 1-1 से बराबरी पर रोक दिया। एशियाई टीम ने काफी बदले हुए स्पेनिश स्क्वाड के खिलाफ शानदार डिफेंस दिखाया।

स्पेन के कोच लुइस डे ला फुएंते ने अपनी शुरुआती 11 खिलाड़ियों की टीम में बार्सिलोना के मिडफील्डर मार्क बर्नल और रियल सोसिदाद के डिफेंडर जॉन मार्टिन को डेब्यू का मौका दिया। ए दोनों खिलाड़ी उन सपोर्ट प्लेयर्स के ग्रुप का हिस्सा थे जिन्हें 26 लोगों वाली वर्ल्ड कप टीम की तैयारी में मदद के लिए चुना गया था। कई रेगुलर खिलाड़ी इस मैच में नहीं खेले, जिनमें चोटिल निको विलियम्स, लैमिन यमल और विक्टर मुनोज के साथ-साथ चैंपियंस लीग फाइनलिस्ट मार्टिन जुबिमेंडी, डेविड राया और फैबियन रुइज शामिल थे। मिकेल ओयारजाबल, पेड्री और मार्क कुकुरेला को भी आराम दिया गया था। डे ला फुएंते ने जोन गार्सिया को गोलकीपर के तौर पर उतारा। इससे इस बात पर अटकलें और बढ़ जाएंगी कि 15 जून को काबो वर्डे के खिलाफ बार्सिलोना के खिलाड़ी या एथलेटिक क्लब के उनाई साइमन में से कौन खेलेगा। 27वें मिनट में जब मेरचास डोस्की ने इराक के लिए बराबरी का गोल किया, तो गार्सिया अपनी सही जगह पर नहीं थे। डोस्की का कर्लिंग शॉट सीधे नेट में चला गया, जबकि गोलकीपर को शायद क्रॉस की उम्मीद थी। तब तक स्पेन का खेल पर कंट्रोल था, जबकि विरोधी टीम 'लो ब्लॉक' (डिफेंसिव रणनीति) में खेल रही थी और सीधे बॉल के साथ अटैक करने की कोशिश कर रही थी। फेरान टोरेस ने 16वें मिनट में गोल करके खाता खोला। उन्होंने बोर्जा इग्लेसियस के डमी मूव (जिसमें उन्होंने पीछे से आए आयमेरिक लापोर्टे के पास को बिना छुए आगे बढ़ने दिया) के बाद बाएं पैर से गोल किया, जबकि इराक का डिफेंस देर से हरकत में आया। बाद में हाफटाइम से पहले टोरेस का शॉट गोलपोस्ट के बार से टकराया, लेकिन 72 प्रतिशत पजेशन (बॉल पर कंट्रोल) के बावजूद स्पेन इराक के डिफेंस को तोड़ने में संघा करता रहा।

## रविचंद्रन 25 सबसे महान पुरुष अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटरों' में शामिल

■ कार्यक्रम में बोलते हुए, अश्विन ने टी-20 क्रिकेट में गेंदबाजों के लिए जरूरी अहम विचार साझा किए

**नई दिल्ली, वार्ता।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर रविचंद्रन अश्विन को 'क्रिकइन्फो ऑनर्स अवाड्र्स 2026' में 21वीं सदी के '25 सबसे महान पुरु अंतर्राट्रीय क्रिकेटरों' में शामिल करके सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में बोलते हुए, अश्विन ने टी-20 क्रिकेट में गेंदबा. जों के लिए जरूरी अनुकूलन क्षमता, टेस्ट क्रिकेट की मौजूदा स्थिति और क्या 15 वीय वैभव सूर्यवंशी को खेल के सबसे लंबे प्रारूप को अपनाना चाहिए, जैसे वियों पर अपने विचार साझा किए।



क्रिकइन्फो ऑनर्स अवाड्र्स 2026 के दौरान बोलते हुए, रविचंद्रन अश्विन ने इस बात पर चर्चा की कि क्या गेंदबाज आधुनिक बल्लेबाजों के खेलने के तरीके में आए बदलाव के अनुसार खुद को ढाल पाए हैं। उन्होंने कहा कि आजकल गेंदबाजों को ऐसी गति से खुद को ढालना पड़ रहा है जिसका अनुभव उन्होंने पहले कभी नहीं किया था। टेस्ट क्रिकेट में बदलाव आया है, पिचें बदली हैं और परिस्थितियां भी बदली हैं, लेकिन टी 20 क्रिकेट, खेल के आर्थिक मॉडल के कारण, संभवत: एक हाई-स्कोरिग खेल बना रहेगा। नतीजतन, गेंदबाजों को यह समझने की जरूरत है कि कभी-कभी व्यक्तिगत रूप से विकेट लेना गौण हो सकता है, और उन्हें एक टीम के रूप में मिलकर शिकार करना होगा। एक खेल के तौर पर क्रिकेट में बदलाव पारंपरिक रूप से धीमा रहा है। मैं गेंद को छक्के के लिए नहीं मार पाता था, लेकिन मैंने बेसबॉल कैंप में हिस्सा लिया और लगातार फीडबैक के जरिए सीखा। क्रिकेट अब ऐसे दौर में प्रवेश कर चुका है जहां गेंदबाजों और बल्लेबाजों दोनों को समस्या-समाधानकर्ता बनना होगा, न केवल हर सीजन या हर गेम के आधार पर, बल्कि हर गेंद पर। जब हम उस मानसिकता को अपनाएंगे, तो हम बल्लेबाजों और गेंदबाजों दोनों से प्रदर्शन का एक अलग स्तर देखेंगे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ऐतिहासिक गाबा टेस्ट में न खेल पाने पर अश्विन ने कहा कि मैं वह मैच खेलना चाहता था।

## प्रज्ञानंद रमेशबाबू खिताब की दौड़ में फाइनल राउंड में पहुंचे

■ असौबाएवा ने एक राउंड शेष रहते ही नॉर्वे चेस महिला वर्ग का खिताब जीता: ओस्लो

**(नॉर्वे), वार्ता।** भारत के प्रज्ञानंद रमेशबाबू ने नॉर्वे चेस 2026 के नौवें राउंड में हमवतन गुकेश डोम्माराजू को हराकर शुक्रवार को होने वाले फाइनल राउंड में जगह बना ली है। वहीं बिबिसारा असौबाएवा ने महिला वर्ग का खिताब अपने नाम कर लिया है।

वर्ल्ड नम्बर 1 मैग्नस कार्लसन के खिलाफ वेस्ली सो का क्लासिकल गेम बराबरी (ड्रॉ) पर खत्म हुआ। इसके बाद सो ने आर्मागेडन गेम जीता, जिससे उन्हें अतिरिक्त अंक मिले और फाइनल राउंड से पहले उनकी बढ़त बनी रही। प्रज्ञानंद रमेशबाबू ने दिन की अहम क्लासिकल जीत हासिल की और काले मोहरों के साथ खेलते हुए वर्ल्ड चैंपियन गुक. ेश डोम्माराजू को हराया। एक मुश्किल मुक. ाबले में, मिडिलगेम में गुकेश के दबाव में आने



के बाद प्रज्ञानंद ने खेल पर नियंत्रण बना लिया और आत्मविश्वास के साथ जीत हासिल की। पूरे तीन अंक मिलने के बाद प्रज्ञानंद के 15 अंक हो गए हैं और वह टूर्नामेंट में सबसे आगे चल रहे वेस्ली सो से केवल आधे अंक पीछे हैं। अलीरेजा फिरोजा भी खिताब की दौड़ में मजबूती से बने हुए हैं। विसेंट कीमर के खिलाफ एक मुश्किल क्लासिकल गेम से उबरने के बाद, फिरोजा ने आर्मागेडन में जीत हासिल की और अतिरिक्त अंक बटोर लिया। कीमर ने क्लासिकल गेम के लंबे समय तक दबाव बनाए रखा लेकिन फिरोजा ने समझदारी से बचाव किया और खिताब जीतने की अपनी उम्मीदों को जिदा रखा। नौवें राउंड के बाद, वेस्ली सो 15-5 अंकों के साथ नॉर्वे चेस में सबसे आगे हैं। प्रज्ञानंद 15 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं, जबकि अलीरेजा फिरोजा 14-5 अंकों के साथ उनके ठीक पीछे हैं। असौबाएवा ने एक राउंड शो रहते ही नॉर्वे चेस महिला वर्ग का खिताब जीत लिया। असौबाएवा का अन्ना मुजिचुक के खिलाफ क्लासिकल गेम ड्रॉ रहा। बाद में मुजिचुक ने काले मोहरों के साथ आर्मागेडन गेम ड्रॉ खेला, जिससे उन्होंने आर्मागेडन नियमों के तहत निर्णायक जीत हासिल की और अतिरिक्त अंक प्राप्त किए। इस नतीजे के बावजूद, शीर्ा पर असौबाएवा की बढ़त बनी रही।

## डायमंड लीग में भारतीय एथलीट सचिन यादव आठवें स्थान पर रहे

■ टोक्यो में यादव ने अपने ही देश के दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा को पीछे छोड़ दिया था

**रोम, वार्ता।** भारतीय एथलीट सचिन यादव का डायमंड लीग 2026 में पर्दापण बेहद निराशा. जनक रहा। वह पुरुों की भाला फेंक स्पर्धा में 10 खिलाड़ियों के मुकाबले में ओलंपिक पदक विज. ेता जूलियस एगो और जैकब वाडलेच के बीच 79-18 मीटर थ्रो के साथ आठवें स्थान पर रहे। गुरुवार को हुई यह स्पर्धा 26 साल के सचिन यादव का पहला अंतर्राट्रीय एथलेटिक्स मीट था।

इससे पहले उन्होंने पिछले साल टोक्यो में हुई वर्ल्ड चैंपियनशिप में 86-27 मीटर के अपने निजी सर्वश्रेठ के साथ चौथा स्थान हासिल किया था। टोक्यो में यादव ने अपने ही देश के दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा को पीछे छोड़ दिया था, जो 84.03 मीटर के साथ आठवें स्थान पर रहे थे। सचिन यादव का इस सीजन का सर्वश्रेठ थ्रो 81.95 मीटर है, जो उन्होंने अप्रैल में नई दिल्ली में हुई इंडियन एथलेटिक्स सीरीज 3 में किया था। एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ने कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए क्वालिफाइंग स्टैंडर्ड 82-61 मीटर तय किया है। श्रीलंका के रुमेश पथिरागे ओलंपिक चैंपियन अरशद नदीम का एशियाई रिकॉर्ड तोड़ने के बहुत करीब पहुंच गए। स्टेडियो ओलंपिको में रुमेश पथिरागे का 92-62 मीटर का विजई थ्रो, पेरिस 2024 ओलंपिक में नदीम के एशियाई रिकॉर्ड और गोल्ड मेडल जीतने वाले थ्रो से सिर्फ 35 सेंटीमीटर कम था। 23 वीय श्रीलंकाई खिलाड़ी का पिछला सर्वश्रेठ प्रदर्शन 89.37 मीटर था, जो उन्होंने मार्च में एक घरेलू प्रतियोगिता में हासिल किया था। उन्होंने अगले महीने नैरोबी में एक प्रतियोगिता में 89.28 मीटर का थ्रो भी किया था। रुमेश पथिरागे ने अपने दूसरे प्रयास में यह उपलब्धि हासिल की, जबकि पहले प्रयास में उन्होंने 84.49 मीटर की दूरी तय की थी। इस उपलब्धि के साथ, वे जैवलिन में 90 मीटर का आंकड़ा पार करने वाले केवल चौथे एशियाई खिलाड़ी बन गए। अन्य खिलाड़ियों में चीनी ताइपे के चेंग चाओ-त्सुन (सर्वश्रेठ प्रदर्शन 91-36 मीटर), भारत के पूर्व ओलंपिक और विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा (90-23 मीटर) और नदीम शामिल हैं।

## हमें रेड-बॉल क्रिकेट के लिए बेहतर तैयारी शुरू करने की जरूरत है: गौतम गंभीर

**मुल्लांपुर, वार्ता।** इंडियन प्रेमियर लीग को समाप्त हुए मुश्किल से एक सप्ताह गुजरा है और भारत अफगानिस्तान से एकमात्र टेस्ट में शनिवार से भिड़ने जा रहा है। भारतीय कोच गौतम गंभीर ने कहा है कि हमें रेड-बॉल क्रिकेट के लिए बेहतर तैयारी शुरू करने की जरूरत है। गंभीर ने मैच की




पूर्वसंध्या पर क्रिकेट के ज्यादा मैचों और सीरीज के बीच कम समय मिलने पर शुक्रवार को कहा कि हम थोड़े लकी हैं कि श्रीलंका सीरीज से पहले हमें काफी समय मिल गया है क्योंकि इंग्लैंड और श्रीलंका सीरीज के बीच हमें 15 दिन का ब्रेक मिला है। इसलिए उन दो टेस्ट मैचों की तैयारी के लिए यह काफी समय है। न्यूजीलैंड सीरीज के लिए हमें शायद थोड़ी अलग तरह से तैयारी करनी पड़े। क्योंकि आखिरी वनडे और पहले टेस्ट मैच के बीच सिर्फ तीन दिन का ही ब्रेक है। इसलिए हमें उन वनडे खिलाड़ियों को अलग करना होगा जो टेस्ट टीम का भी हिस्सा हैं। एक बात जो हमें समझ आई है।

## पाक ने ऑस्ट्रेलिया को चार विकेट से हराया

■ इसी के साथ पाकिस्तान ने तीन मैचों की सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली

**लाहौर, वार्ता।** शाहीन शाह अफरीदी (तीन विकेट) के बाद बाबर आजम (40) और शादाब खान (नाबाद 29) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत पाकिस्तान ने तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में 49 गेंदें शो रहते ऑस्ट्रेलिया को चार विकेट से हरा दिया।

इसी के साथ पाकिस्तान ने तीन मैचों की सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली। पाकिस्तानी बल्लेबाजों ने लाहौर की जबरदस्त टर्न वाली पिच पर हिम्मत और धर्य के साथ खेलते हुए 41-5 ओवरों में छह विकेट पर 161 रन बनाकर मुकाबला और सीरीज अपने नाम की। पाकिस्तान के लिए बाबर आजम ने सर्वाधिक 40



रनों की पारी खेली। माज सदाकत (27), आगा सलमान (15) रन बनाकर आउट हुए। इसके अलावा अब्दुल समद ने (नाबाद 18) और शादाब खान (नाबाद 29) रनों की जूझारु पारी खेल कर अपनी टीम को जीत दिलाई। ऑस्ट्रेलिया की ओर से मैथ्यू कुनमन ने तीन विकेट लिए। नेथन एलिस, मैथ्यू शॉट और मैट रेनशॉ ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले गुरुवार रात खेले गए मुक. ाबले में पाकिस्तान के गेंदबाजों ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया को 42 ओवरों में 157 रन पर समेट दिया। ऑस्ट्रेलिया के लिए कप्तान जॉश इंग्लिस ने सर्वाधिक 65 रनों की पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी में आठ चौके और एक छक्का लगाया। शाहीन शाह अफरीदी ने पहले ही ओवर में मैथ्यू शॉर्ट (शून्य) को आउट कर पाकिस्तान को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए मार्नस लाबुशेन ने जॉश इंग्लिस के साथ पारी को संभलाने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिए 46 रनों की साझेदारी हुई। 12वें ओवर में मार्नस लाबुशेन (19) के रनआउट होने पर यह साझेदारी टूटी। एलेक्स कैरी (19), एडम जम्पा (10) रन बनाकर आउट हुए। 27वें ओवर में शाहीन शाह अफरीदी ने जॉश इंग्लिस को आउटकर ऑस्ट्रेलिया को बड़ा झटका दिया।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर लाखों पौधे लगा संरक्षण का संकल्प






**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर जिलेभर में पौधारोपण के साथ ही उनके संरक्षण व देखभाल की शपथ ली गयी।

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयुक्त सहारनपुर मण्डल डॉ रूपेश कुमार द्वारा बलिया खेड़ी ब्लॉक में मुख्य विकास अधिकारी, डी एफ ओ व अन्य अधिकारियो के साथ वृक्षारोपण किया गया।

भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे "विश्वास, विकास एवं जनकल्याण" अभियान श्रृंखला के अंतर्गत आज विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भाजपा महानगर के सभी मंडलों में व्यापक वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

वृक्षारोपण कार्यक्रम में भाजपा महानगर अध्यक्ष शीतल बिश्नोई, नगर विधायक राजीव गुंबर, महापौर अजय कुमार सिंह, संयोजक महानगर अमित गर्ग, संदीप रावत, मंत्री राजेश जौहरी, विपिन शर्मा, राज. कुमार कालरा, पूर्व पार्षद रमन चौधरी, महामंत्री सुपनीत सिंह, किशोर शर्मा, ललित कटारिया, मीडिया प्रभारी विजय गुप्ता, प्रदीप शर्मा, मंडल अध्यक्ष विजय वर्मा, अजय वशिष्ठ, संदीप धीमान, मनुज तायल अमित शर्मा विजय चौहान, स्वराज सैनी सहित सभी महानगर के मंडल अध्यक्ष पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ व युवा कार्यकर्ता रहे।

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ नीरपाल सिंह ने डॉ भीमराव अंबेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम में पौधा रोपण किया। इस अवसर पर चौधरी नीरपाल सिंह ने कहा कि हमने पौधरोपण के दौरान एक बेलपत्र का पौधा प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन की खुशी में भी लगाया है।

इस दौरान क्षेत्रीय क्रीडाधिकारी राहुल चौपडा, एथलेटिक्स कोच लाल धर्मेंद्र, बॉक्सिंग कोच प्रवीण सिवाच भी उपस्थित रहे।

वार्ड 54 नूरबस्ती के पार्षद गुलशन कलीम द्वारा भी वृक्षारोपण किया गया।

नेशनल मेडिकल कॉलेज में फलों के पौधों का वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर प्रिंसिपल डॉ. असलम खान ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक है, लेकिन पेड़-पौधे वैज्ञानिक योजना के साथ लगाए जाने चाहिए।

उन्होंने किसानों से अपील की कि वे पारंपरिक सोच के साथ-साथ वैज्ञानिक दृष्टिकोण भी अपनाएं और ऐसे पौधों का चयन करें जो पर्यावरण, जैव विविधता, मधुमक्खियों तथा मानव स्वास्थ्य सभी के लिए लाभकारी हों। वृक्षारोपण कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने पर्यावरण संरक्षण और हरित भारत के निर्माण का संकल्प लिया।

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधारोपण करते हुए उप गन्ना आयुक्त ओ पी सिंह ने कहा है की पर्यावरण संतुलन और मानव जीवन के लिए हरे भरे पेड़ पौधों का होना बहुत आवश्यक है आज देवबंद क्षेत्र में चीनी मिल के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उद्घाटन करते हुए और एक पेड़ मां के नाम कार्यकम में पौधारोपण करते हुए उप गन्ना आयुक्त कहा ने कहा कि आज सहारनपुर मंडल में सभी चीनी मिलों द्वारा और गन्ने विभाग द्वारा पौधारोपण का कार्य किया जा रहा है। पौधारोपण कार्यक्रम में गन्ना समिति देवबंद के चेयरमैन डॉ उपेंद्र सिंह उपस्थित रहे और उन्होंने भी पौधारोपण किया इस अवसर पर चीनी मिल देवबंद के यूनिट हेड एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।




## हर आंगन लगाए एक पेड़ : उमर अली खान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर बेहट सपा विधायक उमर अली खान ने पूर्वी यमुना नहर के पास पटरी पर बेहट रेंजर ने संयुक्त रूप से तथा नगर पंचायत प्रांगण में नगर पंचायत के चेयरमैन व अधिशासी अधिकारी ने सयुंक्त रूप से पौधारोपण किया।

शुक्रवार को बेहट विधान सभा के सपा विधायक उमर अली खान ने पूर्वी नगर बेहट में रेंजर बेहट ने संयुक् रूप से वृक्षारोपण वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर विधायक उमर अली खान ने कहा कि हर व्यक्ति को अपने घर के आंगन में कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए ताकि हमारा पर्यावरण संतुलन बना रहे।




रेंजर बेहट विकास कुमार ने कहा कि वृक्षारोपण अत्यंत जरूरी है अगर हम लोग वृक्षारोपण नहीं करेंगे तो भविष्य में गर्मी बढ़ेगी और लोगों का जीना मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि हर व्यक्ति को अपने घरों में भले ही गमले में पेड़ लगाए लेकिन हर हालत में पेड़ अवश्य लगाएं। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि फरहान खान फैजान कुरैशी बेहट विधान सभा अध्यक्ष रागिब अली नगर अध्यक्ष अजीम मलिक के अलावा सचिन कुमार नरेश योगेश आदि वन कर्मचारगण मौजूद रहे। वही नगर पंचायत कार्यालय में भी चेयरमैन अब्दुर रहमान, ईओ सविता वर्मा सभासद मुर्तजा राही, बाबू ओम प्रकाश, अल्ला दिया खान तमजीद पीरजादा, आदि मौजूद रहें।

## ग्लोकल विश्वविद्यालय में रोपित किए पौधे




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ग्लोकल विश्व. विद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना और छात्र कल्याण अधिष्ठाता टीम द्वारा ष्एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत भव्य पौधारोपण एवं पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम ग्लोकल विश्वविद्यालय के अतिरिक्त प्रतिकुलाधिपति सैयद निजामुद्दीन के संरक्षण एवं कुलसचिव प्रोफेसर शिवानी तिवारी की प्रेरणा से संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि क्षेत्रीय वन अधिकारी विशन सिंह यादव व अतिरिक्त प्रतिकुलाधिपति सैयद निजामुद्दीन के द्वारा पौधारोपण कर के किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शोभा त्रिपाठी, डायरेक्टर आइक्यूएसी प्रोफेसर डॉ. संजय कुमार, ग्लोकल लॉ स्कूल की डीन प्रोफेसर डॉ अतिका बानो, हॉस्पिटल इंचार्ज जोगिंदर रोहिल्ला तथा वन विभाग के अधिकारी यशपाल सिंह, सुनील कुमार, बृजपाल सिंह, रवि कुमार, अवरजीत सिंह, कमल सिंहऔर रूमा धीमान सहित अनेक विभाग के शिक्षक उपस्थित रहे। विद्यार्थियों में प्रमुख रूप से शमसुद्दीन, कोमल झा, मुस्तहाब और अभिषेक कुमार के साथ पैरामेडिकल के छात्र भी उपस्थित रहे।

## लाखों की स्मैक के साथ दो पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** नशा का कारोबार करने वालो के खिलाफ चलाए जा रहे आप्रेशन सवेरा के अंतर्गत चेकिंग के दौरान एक युवक को अवैध स्मैक सहित गिरफ्तार किया है।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र सिंह दिखीत ने बताया कि शुक्रवार को पुलिस संदिग्ध वाहनों एवं कस्बे मे व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी। चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति रोकने का इशारा किया वह भागने जैसे लगा तो पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया और पुलिस ने संदिग्ध व्यक्ति की तलाशी ली तो उसके पास से 12 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई है। पुलिस ने जब उससे पूछताछ की तो उसने अपना नाम पता रहमान उर्फ राणा पुत्र रशीद निवासी मोहल्ला इंद्रा कालोनी कस्बा वह थाना बेहट जनपद बताया।

## पार्षदों के साथ मेयर ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस पर नगर निगम द्वारा रायवाला स्थित पद्मश्री कन्हैयालाल मिश्र प्रभाकर उद्यान में आध्यात्म, संस्कृति, विज्ञान और वास्तु के महत्व पर आधारित आंवला, पीपल, बरगद, सीता अशोक व बेल के पौधों का रोपण कर पुराणों में वर्णित वृहद पंचवटी की स्थापना की गयी।

पौधारोपण महापौर डॉ. अजय कुमार, नगरायुक्त शिपू गिरि सहित निगम के अधिकारियों, पार्षदों, एनसीसी कैडेट्स व शहर के गणमान्य लोगों द्वारा किया गया। इस अवसर पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जल संरक्षण, कूडे-कचरे का वैज्ञानिक निस्तारण, एवं वृहद वृक्षारोपण आदि का संदेश भी दिया गया। महापौर डॉ. अजय कुमार ने पर्यावरण संरक्षण, हरित विकास एवं प्रकृति संवर्धन का संदेश देते हुए लोगों को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी लिया गया। नगर निगम द्वारा आज पार्षदों के सहयोग से महानगर में सौ से भी अधिक स्थानों पर करीब पांच हजार पौधों का रोपण कराया गया।



उद्यान प्रभारी डॉ. संदीप मिश्रा ने महापौर को बताया कि पंचवटी न केवल जैव विविधता को बढ़ावा देती है, बल्कि स्वच्छ वायु, छाया एवं पर्यावरण व पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। पौधारोपण में 83 बटालियन एनसीसी, 26 बटालियन एनसीसी गर्ल्स, उपसभापति मयंक गर्ग, पार्षद संजीव कर्णवाल, अनुज जैन, चौधरी वीरसेन सिद्धू, अहमद मलिक, मोहर सिंह, ज्योति अग्रवाल, नीरज शर्मा, इमरान सैफी, राजू सिंह व पार्षद प्रतिनिधि सईद सिद्दकी के अलावा अपर नगरायुक्त प्रदीप यादव व मृत्युंजय, महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम कुमार, नगर स्वास्थय अधिकारी डॉ. प्रवीण शाह, लेखाधिकारी मनोज त्रिपाठी, एमएनएलपी सच्चिदानंद त्रिपाठी वरिष्ठ लेखा परीक्षक अजमैन व सहायक लेखाधिकारी राजीव कुशवाह सहित निगम के सभी अधिकारी, विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों के कार्यकर्ता एवं शहर के अनेक गणमान्य लोग शामिल रहे।

## सटोरिया हत्थे चढ़ा

**सहारनपुर।** थाना देहात कोतवाली पुलिस ने तीन सटोरियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से पर्चा सट्टा, पेन, नगदी, दो तमंचे मय कारतूस बरामद करने में सफलता हासिल कर ली।

अभियान के तहत थाना देहात कोतवाली पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक एच. एन. सिंह, उपनि. रीक्षक सुबोध शर्मा व उपनिरीक्षक सौरभ कुमार यादव के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर चौकिंग के दौरान तीन शातिर सटोरियों विक्की पुत्र तेजपाल निवासी बुद्ध विहार ग्राम देवला, नीरज पुत्र सोमपाल निवासी पीएनबी बैंक वाली गली रसूलपुर व अंशुल पुत्र भूषण निवासी ग्राम छप्पर छुड़ी थाना नकुड़ को निर्माणाधीन बाईपास के पास से गिरफ्तार कर लिया।

## अनुशासन के साथ पथ संचलन का समापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय सेविका समिति (मेरठ प्रांत) द्वारा आयोजित भव्य तेजस्वी पथ संचलन बड़े उत्साह एवं अनुशासन के साथ संपन्न हुआ।

यह पथ संचलन खेमका सेवा सदन से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों एवं मुख्य बाजारों से होता हुआ गांधी पार्क स्थित जनमंच पर संपन्न हुआ। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी महानगर द्वारा घंटाघर स्थित श्रीराम चौक पर पथ संचलन का भव्य स्वागत किया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुष्पवर्षा एवं जयघोष के साथ सेविकाओं का अभिनंदन किया। स्वागत कार्यक्रम में भाजपा महानगर अध्यक्ष शीतल बिश्नोई, नगर विधायक राजीव गुंबर तथा महापौर अजय कुमार सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी कार्यकर्ताओं ने भी सहभागिता कर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। कार्यक्रम के दौरान नगरवासियों ने भी पथ संचलन का विभिन्न स्थानों पर स्वागत किया राष्ट्रभक्ति के नारों से नगर गुंजायमान रहा। पूर्व महानगर अध्यक्ष राकेश जैन, अमित गगनेज, के एल अरोड़ा, विजय माहेश्वरी, सुपनीत सिंह, ललित कटारिया, विजय गुप्ता, राज कुमार कालरा, मानवेंद्र भारद्वाज, नीरज ठकराल, किशोर शर्मा योग चुग, सुधीर मिगलानी, बोध राम धीमान, परवेश धवन गोपाल मेहंदीरत्ता, मयंक धींगरा, जसबीर मोंगा प्रदीप शर्मा सहित महानगर पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष, मोर्चा सहित वरिष्ठ व युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## गर्मजोशी से मंडी सचिव का स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** कृषि उत्पादन मंडी समिति में नवनियुक्त मंडी सचिव देवेंद्र प्रताप सिंह के पदभार ग्रहण करने पर नवीन कृषि मंडी वर्कर्स यूनियन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।

यूनियन के प्रतिनिधियों ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की,यूनियन के अध्यक्ष विनोद कुमार गौतम ने मंडी सचिव से शिष्टाचार भेंट कर मंडी परिसर से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की तथा मंडी के श्रमिकों के हितों को प्राथमिकता देने की अपेक्षा व्यक्त की,मंडी सचिव देवेंद्र प्रताप सिंह ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मजदूर हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने सभी वर्गों के सहयोग से मंडी को और अधिक सुव्यवस्थित एवं सुविधायुक्त बनाने का भरोसा भी दिलाया। स्वागत के दौरान विनोद कुमार गौतम (अध्यक्ष, मंडी वर्कर्स यूनियन), मास्टर अब्दुल गफूर (पूर्व सभासद) ,पवन शर्मा, राजेश गौतम,मियां मंजूर,फैजान मलिक,विनोद शर्मा,मोहित कुमार सहित यूनियन के अनेक गणमान्य यसदस्य उपस्थित रहे।



## कोर्ट तक साईकिल से पहुंचे जज



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जनपद न्यायाधीश समेत न्यायिक अधिकारियों ने विश्व पर्यावरण दिवस पर न्यायालय तक की दूरी साईकिल द्वारा तय की।

जनपद न्यायाधीश सतेन्द्र कुमार एवं उनके परिजन द्वारा अपने आवास पर पौधारोपण किया गया एवं उसके उपरांत जनपद न्यायाधीश सतेन्द्र कुमार, अपर जिला जज, विकास गुप्ता एवं काफी संख्या में न्यायिक अधिकारीगण द्वारा जनपद न्यायाधीश आवास से न्यायालय तक दूरी साईकिल द्वारा तय की गयी। जनपद न्यायाधीश, बार एसोसियेशन के अध्यक्ष राहुल त्यागी, बार एसोसियेशन के सचिव पालम राणा, अपर जिला जज विकास गुप्ता एवं न्यायिक अधिकारीगण द्वारा न्यायालय परिसर में भी पौधारोपण किया गया। जनपद न्यायाधीश ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि एक वैश्विक आंदोलन है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि पृथ्वी केवल हमारी जरूरतों को पूरा करने के लिए नहीं है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों की भी घरोहर है। पर्यावरण की संरक्षा के लिये वृक्षों का रोपण एवं उनकी देखभाल करना आवश्यक है साथ ही उन्होने प्लास्टिक के उपयोग को कम करने के लिये भी सभी को प्रेरित किया।

## पर्यावरण को लेकर जनजागरण समय की आवश्यकता: सुरेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय संगठन मंत्री सुरेश जैन ने कहा कि आज हमारा मकसद आने वाली पीढी को पर्यावरण के उन दुष्प्रभावों से बचाना है जिसके परिणाम हमें अभी मिलने शुरू हो गये है।

सुरेश जैन विश्व पर्यावरण दिवस पर आईपीटी पेपर मिल रोड के सभागार में पर्यावरण संरक्षण और सहभागिता को लेकर संस्कार निधि के तत्वाधान में आयोजित गोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को लेकर जनजागरण समय की आवश्यकता है। अध्यक्षता कर रही माँ शाकम्भरी देवी विश्व विद्यालय की कुल. पति विमला वाई ने भी पूर्व मंत्री संजय गर्ग द्वारा किये जा रहे पर्यावरण के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें पर्यावरण प्रहरी ओर एक जिम्मेदार शहरी बताया।

पूर्व मंत्री संजय गर्ग ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण एक विषय नही बल्कि एक आवश्यकता है, उन्होंने कौटिल्य शास्त्र का उदाहरण देते हुए संक्षेप में पर्यावरण के गुण दोष को बताया और कहा कि अपनी गलतियों के चलते एक देश साउथ अफ्रीका के केपटाउन बनाने से बचे, उन्होंने कहा कि उनकी वजह से ही हसन पुर के निकट कमिश्नर द्वारा तालाब पर कोठी बनाये जाने का प्रस्ताव निरस्त हुआ यही नही गुग्घा महाडी ओर मेला गुघाल के जोहड़ को भी उनके द्वारा संरक्षित किया गया। महापौर डॉ अजय सिंह ने भी पर्यावरण सनारक्षं को लेकर किये जा रहे प्रयासों की सराहना की, महापौर ने आने वाले भविष्य में पर्यावरण को लेकर आने वाली भयावहता को भी सबके समक्ष रखा। संस्कार निधि के अध्यक्ष डॉ एस के उपाध्याय ने भी पर्यावरण जागरूकता पर लोगो को जागरूक रहने का सन्देश दिया। पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य करने वाले व्यक्तियों को पर्यावरण प्रहरी सम्मान ओर अंगवस्त्र भी दिए गए। कार्यक्रम प्रारम्भ होने से पूर्व पर्यावरण संरक्षण को लेकर दो पौधे भी रोपित किये गए, तथा कार्यक्रम का शुभारम्भ मा भारती व पर्यावरण मनीषी स्व मनमोहन लाल गर्ग की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया।




कार्यक्रम में पूर्व प्राचार्य डॉ योगेश गुप्ता, रवि सिंघल, अनिल शर्मा, अमित गगनेजा, राकेश जैन, मनोज ठाकुर, पार्षद संजय गर्ग, पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी, उपसभापति मयंक गर्ग, कंवर सेन सिद्धू, पुण्य गर्ग आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन राकेश शर्मा ने किया।


शाह टाइम्स
शनिवार, 6 जून 2026
Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# सम्पादकीय

## जनगणना की मुश्किलें

यह सुनिश्चित करना नीति- निर्माताओं की जिम्मेदारी है कि जनगणना के आंकड़े सटीक और भरोसेमंद हों। उन्हें लोगों को सही सूचनाएं मुहैया कराने के लिए जागरूक भी बनाना होगा, क्योंकि सार्वजनिक नीतियां और कल्याणकारी योजनाएं इन आंकड़ों के आधार पर बनायी जाती हैं और अंततः उन्हें ही फायदा पहुंचाती हैं। राजस्थान और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में जनगणना 2027 के कुछ प्रगणकों को बेहद असामान्य कारणों से समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। यह परेशान करने वाली बात है कि इन दो राज्यों में जहां जनगणना का पहला चरण दृ मकान सूचीकरण और मकान गणना (एचएलओ) चल रहा है, प्रगणकों को परिवारों के पास दोबारा जाने और आंकड़ों में असंगतियों को ठीक करने और सरकार की छवि खराब दिखा सकने वाले विकल्प नहीं चुनने की सलाह दी गयी है। पुनर्सत्यापन किसी भी अध्ययन या सर्वेक्षण का एक जायज हिस्सा है, लेकिन यह सच्चाई को सटीक ढंग से प्रतिबिंबित करने के लिए होना चाहिए, न कि धारणाओं को प्रबंधित करने के लिए। राजस्थान में, यह मसला जिला-स्तरीय अधिकारियों को जनगणना कार्य निदेशक के उस परिपत्र से उपजा है जो क्षेत्र के आंकड़ों (फील्ड डेटा) में चिह्नित की गयी असंगतियों से संबंधित है। जैसा कि ऊपर से दिख रहा है, इसका मकसद यह सुनिश्चित करना है कि प्रश्नावली में उपयुक्त विकल्पों का इस्तेमाल करके आंकड़े सटीकता के साथ दर्ज किये जाएं। हालांकि, कुछ मामलों में प्रगणकों को पूर्व-धारणाओं के आधार पर आंकड़े दर्ज करने को कहा गया है। मसलन, अगर किसी परिवार के पास शौचालय नहीं है, तो प्रगणक को यह देखने को कहा गया है कि क्या नजदीक में शौचालय उपलब्ध है, जिसके आधार पर प्रविष्टि को खुले में शौच से बदलकर 'शौचालय तक पहुंच है, किया जा सकता है। उत्तर प्रदेश में संदेश यह प्रतीत होता है कि तथ्यों को जस का तस न पेश किया जाए, जिससे एक बेहद अहम और संवेदनशील कवायद के लिए आंकड़ों की सत्यता और विश्वसनीयता के बारे में चिंता खड़ी हो रही है। खुले में शौच के खिलाफ देश में लंबे समय से चल रहे अभियान जैसे कार्यक्रम कितने कारगर साबित हुए हैं, यह प्रकरण इसे सामने लाता है। कई राज्यों ने ठोस प्रगति की है, लेकिन यह निष्कर्ष निकालना कि समस्या खत्म हो गयी है, हकीकत से मुंह मोड़ना होगा। धन मुहैया कराने समेत प्रशासनिक उद्देश्यों के लिए, शहरों और गांवों को निश्चित मानदंडों के आधार पर खुले में शौच से मुक्त (ओडीएफ), ओडीएफ प्लस और ओडीएफ प्लस मॉडल जैसी श्रेणियों में बांटना वाजिब है, लेकिन सबसे अहम सवाल यह है कि क्या इस तरह का वर्गीकरण हकीकत को दर्शाता है या फिर प्रगणकों के काम के साथ विरोधाभास को जन्म देता है। अधिकारियों को प्रगणकों द्वारा सामना की जा रही जायज कठिनाइयों को स्वीकार करना चाहिए और उनका समाधान निकालना चाहिए।

## छोटे-छोटे सकारात्मक बदलाव



नागरिक अपने दैनिक जीवन में छोटे-छोटे सकारात्मक बदलाव लाकर पर्यावरण संरक्षण में योगदान दें, पर्यावरण केवल हमारे अस्तित्व का आधार नहीं, बल्कि इसका संरक्षण आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी भी है, विश्व पर्यावरण दिवस 2026 के अवसर पर आइए देखें कि किस प्रकार भारत की संसद पर्यावरण संरक्षण, सतत विकास और हरित भविष्य के संकल्प को साकार कर रही है, संसद परिसर की हरियाली, स्वच्छ वातावरण, पेपरलेस कार्यप्रणाली, सिंगल-यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध तथा पर्यावरण- अनुकूल संसदीय भवन जैसी पहलें प्रकृति और प्रगति के संतुलित संगम का प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत करती हैं, जब पूरा विश्व जलवायु परिवर्तन की चुनौती का सामना कर रहा है, तब हम सभी का दायित्व बनता है कि अपने दैनिक जीवन में छोटे-छोटे सकारात्मक बदलाव लाकर पर्यावरण संरक्षण में योगदान दें।

**-ओम बिरला, अध्यक्ष, लोकसभा**

## अपने विचार रखें...

**हम पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करते हैं, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**सम्पादकीय डेस्क**

पत्राचार: सुजडू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर,
पिन कोड-251003

# मरीज पूछ रहा मेरा जीवन इतना सस्ता





प्रो. आर.के. जैन

स्वास्थ्य व्यवस्था की असली परीक्षा अस्पतालों की इमारतों से नहीं, मरीज को समय पर मिलने वाले उपचार से होती है। दुर्भाग्य से, देश की चिकित्सा व्यवस्था के सर्वोच्च प्रतीकों में गिने जाने वाले एम्स भी अब लंबी प्रतीक्षा की समस्या से जूझ रहे हैं। एम्स भोपाल में गैर-इमरजेंसी द्धरूटीनत्र केस में कई मरीजों को सीटी स्कैन या एमआरआई जैसी जरूरी जांच के लिए तीन-चार माह इंतजार करना पड़े, तो यह केवल संसाधनों की कमी नहीं, बल्कि व्यवस्था की संवेदनहीनता का संकेत है। बीमारी न प्रशासनिक प्रक्रियाओं का इंतजार करती है, न सरकारी गति काय वह हर दिन गंभीर होती जाती है। ऐसे में 120 दिन बाद जांच की तारीख मिलना एक चिंताजनक प्रश्न खड़ा करता हैकृइसका बोझ आखिर कौन उठाएगा, मरीज, उसका परिवार या उसका जीवन?

एम्स भोपाल की लंबी वेटिंग लिस्ट अब केवल एक अस्पताल की समस्या नहीं, बल्कि सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था की पुरानी चुनौती का प्रतीक बन गई है। कम खर्च में बेहतर इलाज की उम्मीद लेकर आने वाले लाखों गरीब और मध्यमवर्गीय मरीजों के लिए सस्ता इलाज भी तब बेमानी हो जाता है, जब जरूरी जांच ही महीनों बाद उपलब्ध हो। पेट के असहनीय दर्द, कैंसर की आशंका, मस्तिष्क रोग या अन्य गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीज यदि केवल व्यवस्थागत कमी के कारण चार माह प्रतीक्षा करने को विवश हों, तो यह स्वास्थ्य सेवा नहीं, संवेदनहीनता है। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि बीमारी किसी वेटिंग लिस्ट का इंतजार नहीं करतीय वह लगातार बढ़ती जाती है और कई बार उपचार की संभावनाओं को भी सीमित कर देती है। विडंबना यह है कि इस व्यवस्था का सबसे बड़ा बोझ उसी वर्ग पर पड़ रहा है, जिसके नाम पर राजनीति सबसे अधिक होती है। आर्थिक रूप से सक्षम व्यक्ति निजी अस्पताल में कुछ घंटों या दिनों में जांच करा लेता है, लेकिन मजदूर, किसान, छोटा व्यापारी और निम्न मध्यमवर्गीय परिवार के लिए यह विकल्प अक्सर पहुंच से बाहर होता है। ऐसे में उसके सामने दो ही रास्ते बचते हैंकृकर्ज लेकर निजी जांच कराए या दर्द और आशंका के बीच सरकारी अस्पताल की लंबी प्रतीक्षा सहे। यह केवल चिकित्सा व्यवस्था की विफलता नहीं, बल्कि सामाजिक असमानता का भी दर्पण है। स्वास्थ्य सुविधाएं आय से नहीं, आवश्यकता से तय होनी चाहिए, किंतु मौजूदा व्यवस्था में पैसे वालों को समय मिलता है और अभावग्रस्तों को इंतजार।

लंबी वेटिंग लिस्ट वर्षों से बढ़ती मांग और अपर्याप्त संसाधन विस्तार की कीमत है। मरीजों का बोझ बढ़ता रहा, लेकिन डॉक्टरों, विशेषज्ञों और तकनीकी कर्मचारियों की संख्या लगभग वहीं ठहरी रही। कई सुपर-स्पेशियलिटी विभाग सीमित मानव संसाधनों पर निर्भर हैं, जबकि रेडियो डायग्नोसिस जैसे अहम विभाग पर्याप्त स्टाफ के अभाव में अपनी पूरी क्षमता से काम नहीं कर पा रहे। परिणाम सामने हैकृसंसाधन मौजूद हैं, पर सेवाएं नहींय मशीनें हैं, पर समय पर जांच नहीं। प्रश्न यह है कि जब बढ़ती जरूरतें वर्षों से दिखाई दे रही थीं, तब उनकी तैयारी क्यों नहीं की गई? आखिर किस स्तर की चूक ने देश के अग्रणी चिकित्सा संस्थानों को भी प्रतीक्षा के संकट में धकेल दिया? जब राजनीति का केंद्र तात्कालिक लोकप्रियता बन जाए, तब अस्पतालों की जरूरतें अक्सर हाशिए पर चली जाती हैं। यही कारण है कि मुफ्त योजनाओं और लोकलुभावन घोषणाओं पर अरबों रूपए खर्च हो जाते हैं, लेकिन डॉक्टरों की भर्ती, नई मशीनों और स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए संसाधनों का अभाव बताया जाता है। विडंबना यह है कि वोट के लिए खजाना खुल जाता है, पर जीवन बचाने के लिए बजट सीमित पड़ जाता है।

वास्तविक जनकल्याण मुफ्त सुविधाएं बांटने में नहीं, बल्कि ऐसी स्वास्थ्य व्यवस्था खड़ी करने में है जहां किसी मरीज को जांच के लिए महीनों प्रतीक्षा न करनी पड़े। स्वास्थ्य और शिक्षा के बुनियादी ढांचे पर गंभीर निवेश ही देश की तस्वीर बदल सकता है। अब जरूरत आश्वासनों नहीं, कार्रवाई की है। एम्स भोपाल में अतिरिक्त सीटी स्कैन और एमआरआई मशीनें लगाई जाएं तथा रेडियो डायग्नोसिस विभाग में विशेषज्ञ डॉक्टरों, तकनीशियनों और कर्मचारियों की भर्ती हो। उपलब्ध संसाधनों के बेहतर उपयोग के लिए 24 घंटे शिफ्ट आधारित संचालन लागू किया जाए। आयुष्मान भारत के दायरे में सभी आवश्यक जांचें लाई जाएं और सार्वजनिक-निजी भागीदारी से सुविधाओं का विस्तार हो, बिना मरीजों पर अतिरिक्त बोझ डाले। साथ ही, डिजिटल अपॉइंटमेंट प्रणाली को अधिक पारदर्शी बनाया जाए। एम्स भोपाल की स्थिति को चेतावनी मानते हुए देशभर के सरकारी अस्पतालों में संसाधन और मानवबल बढ़ाना अनिवार्य है, ताकि मरीजों को इलाज मिले, इंतजार नहीं।

स्वास्थ्य व्यवस्था का बोझ केवल एम्स जैसे संस्थानों के भरोसे नहीं उठाया जा सकता। जब जिला अस्पतालों, मेडिकल कॉलेजों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में पर्याप्त सुविधाएं नहीं होंगी, तो बड़े संस्थानों पर दबाव बढ़ना स्वाभाविक है। इसलिए स्वास्थ्य शिक्षा, रोग-निवारण और प्रारंभिक जांच व्यवस्था को मजबूत करना उतना ही जरूरी है, जितना उपचार सुविधाओं का विस्तार। मेडिकल कॉलेजों में सीटें बढ़ाने, विशेषज्ञ डॉक्टर तैयार करने और ग्रामीण क्षेत्रों तक आधुनिक जांच सुविधाएं पहुंचाने पर भी समान ध्यान देना होगा। आखिर स्वास्थ्य व्यवस्था केवल भवनों से नहीं, बल्कि सक्षम मानव संसाधन और जवाबदेह प्रशासन से मजबूत बनती है। स्वास्थ्य कोई दया या उपकार नहीं, बल्कि नागरिक का मौलिक अधिकार है। यदि किसी मरीज को अपनी बीमारी की सच्चाई जानने के लिए महीनों प्रतीक्षा करनी पड़े, तो यह व्यक्तिगत दुर्भाग्य नहीं, व्यवस्था की नाकामी है। एम्स भोपाल की चार माह लंबी जांच प्रतीक्षा सूची इसी विफलता का प्रतीक है। यह मौन संकट हजारों परिवारों की चिंता बढ़ा रहा है। सरकारों को याद रखना होगा कि अस्पतालों की कतारों में खड़े लोग आंकड़े नहीं, इंसान हैं। यदि स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता नहीं मिली, तो जनकल्याण के दावे अर्थहीन रह जाएंगे। आखिर सवाल यही हैकृ क्या एक गरीब मरीज के लिए महीनों का इंतजार सामान्य हो गया है? क्योंकि जांच में हर देरी कई बार जीवन की संभावनाएं भी कम कर देती है। ऐसी व्यवस्था पर गर्व नहीं किया जा सकता, जहां बीमारी की रफ्तार उपचार से तेज हो।

# दिल्ली की गर्मी से बचना है, तो यहां जाएं

**हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में ऐसी बहुत सी जगहें हैं, जहां पर लोग जाना पसंद करते हैं। उत्तराखंड की बात करें, तो यहां मसूरी, नैनीताल, ऋषिकेश, तुंगनाथ जैसी जगहें हैं, जो ट्रैवल लिस्ट पर नंबर 1 रहती हैं। उत्तराखंड में एक ऐसी जगह भी है, जिसको बादलों का देश कहा जाता है। यहां की खूबसूरती ऐसी है कि यह लोगों का मन मोह लेती है। अगर आप भी जून की भीषण गर्मी और दिल्ली की भागदौड़ से थोड़े दिन के लिए राहत पाना चाहती हैं, तो आप इस वीकेंड बादलों के देश जा सकती हैं।**



भारत घूमने का शौक लगभग हर किसी को होता है। जैसे ही छुट्टियां मिलती हैं, वैसे ही लोग घूमने के लिए निकल जाते हैं। वहीं जब गर्मियों में घूमने की बात होती है, तो लोग पहाड़ों पर जाना पसंद करते हैं। हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में ऐसी बहुत सी जगहें हैं, जहां पर लोग जाना पसंद करते हैं। उत्तराखंड की बात करें, तो यहां मसूरी, नैनीताल, ऋषिकेश, तुंगनाथ जैसी जगहें हैं, जो ट्रैवल लिस्ट पर नंबर 1 रहती हैं। उत्तराखंड में एक ऐसी जगह भी है, जिसको बादलों का देश कहा जाता है। यहां की खूबसूरती ऐसी है कि यह लोगों का मन मोह लेती है। अगर आप भी जून की भीषण गर्मी और दिल्ली की भागदौड़ से थोड़े दिन के लिए राहत पाना चाहती हैं, तो आप इस वीकेंड बादलों के देश जा सकती हैं।

### बादलों का देश

उत्तराखंड के लैंसडाउन को बादलों का देश कहा जाता है। इसका नाम पहले कालौं का डांडा था। यह एक गढ़वाली भाषा है। जिसका मतलब है काले बादलों से घिरा पहाड़ है। समुद्र तल से लैंसडाउन की ऊंचाई करीब 1700 मीटर है। दिल्ली से यह जगह 258 किमी है। यानी की आप वीकेंड पर यहां आ सकती हैं।

### लैंसडाउन क्यों है खास

उत्तराखंड के पौढ़ी गढ़वाल जिले में लैंसडाउन स्थित है। यह एक बेहद खूबसूरत हिल स्टेशन है। बादलों का देश होने की वजह से यहां पर पहाड़ों के बीच आपको बादल तैरते हुए नजर आएंगे। वहीं यह जगह देवदार के घने पेड़ों से घिरी है। अगर आप शोर-शराबे के दूर कुछ समय सुकून के बिताना चाहते हैं, तो लैंसडाउन आपके लिए परफेक्ट है।

### खासियत

लैंसडाउन की सबसे खास चीज यहां का मौसम है। खासकर जून-जुलाई के मौसम में बादल काफी नीचे तक आ जाते हैं। वहीं कई बार ऐसा लगता है जैसे बादल सड़क पर और पहाड़ों के बीच घूम रहे हैं।

### घूमने लायक जगहें

भीम पकोड़ा
टिप-इन-टॉप व्यू पॉइंट
सेंट जॉन चर्च
भुल्ला ताल
कालागढ़ वाइल्डलाइफ एरिया के आसपास का इलाका

### खाने का स्वाद

आप लैंसडाउन में छोटे कैफे और लोकल खाने की काफी दुकानें हैं। आप यहां पर चाय और पहाड़ी स्नैक्स का मजा ले सकती हैं। कई लोग सुबह के समय मैगी और चाय के साथ पहाड़ों का नजारा एंजॉय करते हैं।

### ऐसे पहुंचें लैंसडाउन

अगर आप यहां जा रहे हैं, तो आप प्राइवेट या फिर अपनी कार से भी जा सकते हैं। इसके लिए आपको 6 से 7 घंटे का समय लगेगा। इसके अलावा आप ट्रेन से भी जाना अच्छा ऑप्शन हो सकता है। इसके लिए आपको दिल्ली से कोटद्वार के लिए डायरेक्ट ट्रेन मिल जाएगी। यहां से आप कैब या टैक्सी से लैंसडाउन जा सकती हैं।

# बेहद शानदार रही नेपाल के राजनेता की भारत यात्रा



यशोदा श्रीवास्तव

नेपाल में सत्तारूढ़ दल राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के अध्यक्ष रवि लामी छाने पांच दिवसीय भारत यात्रा पूरी कर शुक्रवार को काठमांडू वापस लौट गए। नेपाल में वाया जेन जी आंदोलन सत्ता परिवर्तन के बाद शासक दल के किसी उच्च पदस्थ राजनेता की यह बहुप्रतीक्षित यात्रा थी। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि लामी छाने के पहले प्रधानमंत्री बालेन शाह के भारत आगमन की चर्चा थी, लेकिन किन्हीं कारणों से वे नहीं आ पाए। उनकी जगह पार्टी अध्यक्ष का भारत आगमन हुआ।

भारत में अपने नन्हे पड़ोसी राष्ट्र के शीर्ष नेता का स्वागत किस अंदाज में हुआ, दुनिया ने इसे आंख खोल. कर देखा। रवि लामी छाने की प्रधानमंत्री मोदी, विदेश मंत्री एस जयशंकर, गृहमंत्री अमित शाह, सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, भाजपा के विदेश विभाग प्रमुख विजय चौथालोई आदि नेताओं से हुई शानदार मेल मिलाप देख चीन निसंदेह भौंचक हुआ होगा। कुल मिलाकर नेपाल के सत्ता रूढ़ दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष का भारत यात्रा बहुत शानदार रहा और इसकी तारीख नेपाल में विपक्षी दल भी कर रहे हैं। मधेश से ताल्लुक रखने वाले राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रकाश राजौरिया कहते हैं कि इससे पहले भारत जाने वाले नेपाल के राजाओं का भी स्वागत इतने शानदार तरीके से नहीं हुआ होगा। उन्होंने कहा भारत ने नेपाल का दिल जीत लिया। रवि लामी छाने की भारत यात्रा काफी सुखद और संतोष जनक रहा। प्रधानमंत्री मोदी ने भी अपने ट्विटर एक्स पर खुद ऐसा कहा है। उन्होंने कहा कि नेपाल को लेकर भारत की नीति हमेशा सकारात्मक ही रही है। नेपाल के नई सरकार के साथ मिलकर भारत नेपाल के लिए बहुत कुछ अच्छा करना चाहेगा। नेपाल में जब भी नई सरकार सत्ता सीन होती है तो भारत और चीन में इस बात को लेकर उत्सुकता बढ़ जाती है कि नेपाल का नया निजाम अपने पहले विदेश यात्रा में किस देश को तरजीह देता है? रवि लामी छाने की भारत यात्रा को तरजीह देने का संदेश बड़ा है।

रवि लामी छाने की भारत यात्रा नेपाल में राजनीतिक अफरातफरी के बीच संपन्न हुआ। काठमांडू प्रतिनिधि सभा में प्रधानमंत्री बालेन शाह के सीमावर्ती भू क्षेत्रों पर कब्जा संबंधी दिए गए एक बयान के बाद विपक्ष हरकत में आ गया और सरकार के खिलाफ हमलावर हो उठा। लेकिन रवि लामी छाने का भारत में उच्च राजनीतिक मेल-मिलाप में आठ सूत्रीय जो एजेंडा सामने आया, उससे नेपाल का विपक्ष खुद को धराशाई महसूस कर रहा है। नेपाल के ही एक राजनीतिक विश्लेषक ने रवि लामी छाने की भारत यात्रा और उनके एजेंडे पर संतोष की सांस लेते हुए कहा कि चलो देर आयद दुरुस्त आयद। अर्थात नेपाल के नई सरकार के किसी उच्च पदस्थ राजनेता की भारत यात्रा जरूर देर में हुई लेकिन नेपाल के लिए सुखद रही। नेपाल में पूर्व की सरकार में गृह मंत्री और उप प्रधानमंत्री रहे रवि लामी छाने जाने माने टीवी जर्नलिस्ट भी हैं और वे नेपाल के लिए भारत के महत्व को बखूबी समझते हैं। उन्होंने भारत और नेपाल के बीच जरूरी आठ बिंदुओं को रेखांकित किया है। देखा जाय तो यह न केवल भारत के लिए भी संतोषजनक है, दोनों देशों के बीच सदियों की मधुरता और रोटी बेटी के रिश्ते को और मजबूती प्रदान करने की दिशा में बड़ा कदम है। रवि लामी छाने के आठ प्रमुख बिंदुओं में सबसे बड़ा मसला सीमा क्षेत्रों में कब्जे को लेकर है। इस मसले पर अपनी बेबाक राय रखते हुए रवि लामी छाने ने कहा कि नेपाल-भारत संबंधों को भू-राजनीतिक विवादों से ऊपर उठकर विकास, निवेश, व्यापार, ऊर्जा और आर्थिक साझेदारी के नए युग में प्रवेश कराने की आवश्यकता है। उन्होंने दोनों देशों के संबंधों को और अधिक मजबूत, व्यावहारिक तथा भविष्य उन्मुख बनाने पर जोर दिया। रवि लामी छाने ने कहा कि नेपाल और भारत के बीच संबंधों की जो परिभाषा है उसे बदलने का समय आ गया है। उनके अनुसार दोनों देशों के बीच सहयोग का आधार केवल राजनीतिक और कूटनीतिक संवाद नहीं, बल्कि साझा विकास और आर्थिक समृद्धि होना चाहिए। कहा कि नेपाल-भारत संबंधों की बुनियाद विश्वास और आपसी सम्मान पर आधारित होनी चाहिए। उन्होंने सीमा सहित सभी लंबित विवादों को संवाद, ऐतिहासिक तथ्यों और आपसी समझदारी के माध्यम से हल करने पर जोर दिया। उन्होंने जुमलों की राजनीति से बचते हुए व्यावहारिक समाधान खोजने की वकालत की। रक्सौल-काठमांडू रेलमार्ग को दोनों देशों के बीच सबसे महत्वपूर्ण आर्थिक परियोजनाओं में से एक बताते हुए उन्होंने कहा कि इस रेल संपर्क के शुरू होने से व्यापार, पर्यटन, माल ढुलाई और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी में ऐतिहासिक बदलाव आएगा। उन्होंने पोखरा और लुंबिनी के अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को प्रभावी बनाने के लिए पोखरा और लुंबिनी से दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु जैसे भारतीय शहरों तक सीधी उड़ानें शुरू करने को जरूरी बताते हुए कहा इससे दोनों देशों के पर्यटन उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के उद्देश्य से उन्होंने 'काठमांडू-बेंगलुरु डिजिटल कॉरिडोर' विकसित करने की बात कही।


उनका मानना है कि डिजिटल भुगतान, फिनटेक और सीमा-पार डिजिटल प्लेटफॉर्म दोनों देशों के युवा उद्यमियों के लिए नए अवसर पैदा कर सकते हैं।उन्होंने भारत की प्रतिष्ठित शैक्षणिक और स्वास्थ्य संस्थाओं को नेपाल में विस्तार करने का आ]वान किया। उनके अनुसार नेपाल में आईआईटी और एम्स जैसे संस्थानों की स्थापना से शिक्षा, अनुसंधान और स्वास्थ्य सेवाओं को नई ऊंचाइयां मिल सकती हैं। भारत पहले ही नेपाल में उच्च स्वास्थ्य व्यवस्था की पेशकश कर चुका है। रवि लामी छाने ने भी गुजरात को विकास का माडल माना है। वहां के औद्योगिक विकास मॉडल का उल्लेख करते हुए कहा कि नेपाल-भारत सीमा क्षेत्र में संयुक्त रूप से रासायनिक उर्वरक उद्योग स्थापित करने का सुझाव दिया। उनका कहना है कि इससे कृषि उत्पादन, आपूर्ति श्रंखला और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगा। नेपाल की विशाल जलविद्युत क्षमता को भारत के औद्योगिक विकास से जोड़ने की वकालत करते हुए उन्होंने एकीकृत ऊर्जा बाजार के निर्माण की आवश्यकता बताई। साथ ही आधुनिक एकीकृत चेकपोस्ट, सुगम ट्रांजिट व्यवस्था और व्यापारिक अवरोधों को कम करने पर भी जोर दिया। आईपीएल खेल को भी द्विपक्षीय सहयोग का महत्वपूर्ण माध्यम बताते हुए रवि लामी छाने ने भविष्य में नेपाली खिलाड़ियों के साथ-साथ नेपाली स्टेडियमों को भी आईपीएल फेंचाइजी संरचना से जोड़ने की संभावना व्यक्त की। उनका मानना है कि खेल दोनों देशों के लोगों को और अधिक निकट ला सकता है, इससे दोनों देशों के नागरिकों में भाईचारगी बढ़ेगी। रवि लामी छाने ने नेपाल में हुए राजनीतिक परिवर्तन को ह्बैलेट बॉक्स क्रांतिह्न की संज्ञा देते हुए कहा कि देश की नई पीढ़ी विकास, सुशासन, पारदर्शिता और जवाबदेही पर आधारित राजनीति चाहती है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि एक आकांक्षी नेपाल और उभरता हुआ भारत मिलकर दक्षिण एशिया में सहयोग, समृद्धि और स्थिरता का नया अध्याय लिख सकते हैं। फिलहाल भारत की ओर से रवि लामी छाने के सभी आठों बिंदुओं के साथ आगे बढ़ने का आश्वासन दिया गया है। भारत ने भी दोनों देशों के लिए रवी लामी छाने के आठ सूत्रीय एजेंडे की सराहना की है और इसे हर .ष्टि से बेहतर माना है। रवि लामी छाने के इस एजेंडे को देख नेपाल के अच्छे अच्छे विश्लेषक अचंभित हैं।

# ईरान के सुप्रीम लीडर से मिलकर गर्व होगा: ट्रम्प

## कहा: डील हुई, तो मुलाकात संभव, यूरेनियम लेने सेना भेजने वाले थे, लेकिन इसमें जोखिम

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि अगर अमेरिका और ईरान के बीच समझौता होता है, तो वह ईरान के सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई से मिलने के लिए तैयार हैं। व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बात करते हुए ट्रम्प ने कहा मैं सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई से मिलना नहीं चाहता, लेकिन अगर मुलाकात होती है तो मुझे गर्व होगा।

अगर डील हो जाती है तो मुलाकात संभव है। मुझे इससे कोई दिक्कत नहीं होगी। ट्रम्प ने यह भी कहा कि कोई भी संभावित मुलाकात सम्मानजनक होगी और मैं ईरान के सुप्रीम लीडर से इज्जत से पेश आऊंगा। इसके अलावा, ट्रम्प ने बताया कि उनकी सरकार ने ईरान से संवर्धित (एनरिच्ड) यूरेनियम हासिल करने के लिए सैनिक भेजने पर विचार किया था, लेकिन यह योजना अंत में खारिज कर दी



■ कोई भी संभावित मुलाकात सम्मानजनक होगी और मैं ईरान के सुप्रीम लीडर से इज्जत से पेश आऊंगा

गई। ट्रम्प के मुताबिक, यह ऑपरेशन बहुत ज्यादा जोखिम भरा था और इसमें अमेरिकी सैनिकों की जान जाने की आशंका थी। इसलिए इसे आगे नहीं बढ़ाया गया। इसी बीच ईरान ने साफ कहा है कि अगर उस पर या उसके हितों पर हमला हुआ तो वह कड़ा जवाब देगा। साथ ही कुवैत और बहरीन को चेतावनी दी गई है कि अगर उनकी जमीन का इस्तेमाल ईरान के खिलाफ हुआ तो उसे नजरअंदाज नहीं किया जाएगा। वहींअमेरिकी संसद के निचले सदन ने ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई पर राष्ट्रपति की शक्तियों को सीमित करने का प्रस्ताव पास किया है। इस फैसले का ट्रम्प ने कड़ा विरोध किया और इसे देशहित के खिलाफ बताया। दूसरी ओर मिडिल ईस्ट में तनाव के बावजूद सीजफायर की उम्मीदों के चलते वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में हल्की गिरावट दर्ज की गई है। ब्रेंट क्रूड करीब 0.69 प्रतिशत गिरकर 97.14 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंचा, जबकि डब्ल्यूटीआई क्रूड 0.65 प्रतिशत गिरकर 95.40 डॉलर प्रति बैरल।



मुंबई। केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल और एलपीजी गैस की कीमतों में की गई वृद्धि के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते शिवसेना (यूबीटी) कार्यकर्ताओं।

## जेलेंस्की बातचीत के लिए कभी भी रूस आ सकते हैं: पेस्कोव

**मॉस्को/कीव।** रूस ने कहा है कि अगर यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की बातचीत करना चाहते हैं, तो वे कभी भी यहां आ सकते हैं। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने इस आशय की घोषणा की है। जेलेंस्की ने गुरुवार को एक पत्र जारी करके शांति प्रक्रिया पर चर्चा के लिए रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ आमने-सामने की बैठक का प्रस्ताव रखा, जिसमें यूरोप और अमेरिका भी शामिल हों। जेलेंस्की ने पत्र में लिखा कि यूक्रेन हमारे और आपके बीच सीधी बातचीत के जरिए इस युद्ध को खत्म करने का प्रस्ताव देता है।

# 10 न्यूक्लियर बम बना सकता है ईरान

## ईरान के परमाणु ठिकानों तक नहीं पहुंच पा रही आईएईए, परमाणु कार्यक्रम को लेकर गंभीर चिंता जताई

**वियना (आस्ट्रिया)।** संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था इंटरनेशनल एटामिक एनर्जी एजेंसी (आईएईए) ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर गंभीर चिंता जताई है। सदस्य देशों के बीच प्रसारित एक गोपनीय रिपोर्ट में एजेंसी ने कहा है कि पिछले जून में हुए युद्ध से प्रभावित ईरानी परमाणु प्रतिष्ठानों का निरीक्षण करने में उसे अब तक सफलता नहीं मिली है।



आईएईए के अनुसार, वह यह जानकारी देने की स्थिति में नहीं है कि ईरान के पास मौजूद संवर्धित यूरेनियम का वर्तमान भंडार कितना है, उसकी संरचना क्या है और उसे कहां रखा गया है। एजेंसी यह भी पुष्टि नहीं कर पा रही है कि ईरान ने यूरेनियम संवर्धन से जुड़ी सभी गतिविधियां रोकी हैं या नहीं। रिपोर्ट में कहा गया है कि परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) के तहत सुरक्षा निगरानी संबंधी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने में एजेंसी फिलहाल सक्षम नहीं है। आईएईए ने जोर देकर कहा कि ईरान के लिए अपनी संधि संबंधी जिम्मेदारियों को तत्काल और पूरी तरह लागू करना अनिवार्य और अत्यावश्यक है। फरवरी में जारी पिछली रिपोर्ट के बाद से आईएईए निरीक्षकों ने ईरान में केवल बुशेहर परमाणु ऊर्जा संयंत्र का ही दौरा किया है। यह निरीक्षण 1 से 3 जून के बीच किया गया था। बुशेहर में संचालित रिएक्टर रूस से प्राप्त 4.5 प्रतिशत संवर्धित यूरेनियम का उपयोग करता है, जो बिजली उत्पादन के लिए आवश्यक निम्न स्तर का संवर्धन माना जाता है। यह रिपोर्ट ऐसे समय सामने आई है जब पश्चिम एशिया में तनाव लगातार बढ़ रहा है। बुधवार को ईरानी ड्रोन हमलों में कुवैत के मुख्य हवाई अड्डे के यात्री टर्मिनल को भारी नुकसान पहुंचने की खबर है। इस हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि कई अन्य घायल हुए। घटना के बाद हवाई अड्डे का संचालन कुछ समय के लिए रोकना पड़ा। यह हमला ईरान और अमेरिका के बीच जारी जवाबी कार्रवाइयों की शृंखला का हिस्सा माना जा रहा है, जिसने पहले से नाजुक संघर्षविराम पर नए सवाल खड़े कर दिए हैं। आईएईए के अनुसार, ईरान के पास वर्तमान में 60 प्रतिशत तक संवर्धित 440.9 किलोग्राम यूरेनियम का भंडार है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह स्तर हथियार-ग्रेड 90 प्रतिशत संवर्धन से तकनीकी रूप से बहुत दूर नहीं है। आईएईए के महानिदेशक राफेल ग्रासी ने हाल ही में एक साक्षात्कार में चेतावनी दी थी कि अगर ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम को हथियारों में बदलने का निर्णय लेता है तो यह भंडार सैद्धांतिक रूप से लगभग 10 परमाणु बम बनाने के लिए पर्याप्त हो सकता है। हालांकि उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इसका अर्थ यह नहीं है कि ईरान के पास फिलहाल परमाणु हथियार मौजूद हैं। एजेंसी के दिशा-निर्देशों के अनुसार, इतने उच्च स्तर के संवर्धित परमाणु पदार्थ का सामान्य रूप से हर महीने सत्यापन किया जाना चाहिए। लेकिन मौजूदा परिस्थितियों में आईएईए ऐसा नहीं कर पा रही है। रिपोर्ट में ग्रासी ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम से जुड़े मुद्दों के समाधान के लिए चल रही कूटनीतिक वार्ताओं का समर्थन दोहराया है। उन्होंने कहा कि वह किसी भी संभावित समझौते को लागू करने में सहयोग देने के लिए तैयार हैं।

■ परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) के तहत सुरक्षा निगरानी संबंधी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने में एजेंसी फिलहाल सक्षम नहीं है

## यूएस से नहीं साझा की ईरानी परमाणु कार्यक्रम की जानकारी: पाक

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने उन दावों को खारिज कर दिया, जिनमें कहा गया था कि उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने हाल ही में वाशिंगटन में हुई मुलाकात के दौरान अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो के साथ ईरान के परमाणु कार्यक्रम से जुड़ी जानकारी साझा की थी। विदेश कार्यालय के प्रवक्ता ताहिर अंद्राबी से उन रिपोर्ट्स के बारे में सवाल किया गया, जिनमें कहा गया था कि 29 मई को हुई बैठक के दौरान डार ने रुबियो को ईरान के परमाणु कार्यक्रम से जुड़ी जानकारी दी थी। अंद्राबी ने कहा कि उप प्रधानमंत्री की ओर से ईरान के परमाणु कार्यक्रम के बारे में किसी भी प्रकार की जानकारी साझा किए जाने की खबरें पूरी तरह गलत हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा, ऐसी कोई जानकारी साझा नहीं की गई थी। अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए के पूर्व विश्लेषक लैरी जानसन ने एक अज्ञात सूत्र के हवाले से दावा किया था कि डार और रुबियो के बीच हुई बातचीत में यह सामने आया कि ईरान अपनी स्वतंत्रता बनाए रखने के लिए क्या कदम उठाने को तैयार है। उनके अनुसार, इस जानकारी से अमेरिकी विदेश मंत्री चिंतित हो गए थे।

## सहारा रेगिस्तान में ट्रक फंसा, प्यास से 49 लोगों की मौत

**नाइजर।** सहारा रेगिस्तान में प्यास से कम से कम 49 लोगों की मौत हो गई। बीबीसी की एक रिपोर्ट के मुताबिक जिस ट्रक में वे यात्रा कर रहे थे वह रास्ते में खराब हो गया था। यात्रियों ने कई दिनों तक इसे ठीक करने की कोशिश की लेकिन वे इसमें कामयाब नहीं हो पाए। यह ट्रक माली के हारौबा शहर से रवाना हुआ था, जो नाइजर सीमा से 300 किलोमीटर से अधिक दूर है। वे एक मुस्लिम धार्मिक उत्सव में शामिल होने के बाद लौट रहे थे। यात्रा के दौरान उनका ट्रक नाइजर और अल्जीरिया की सीमा पर स्थित क्रासिंग प्वाइंट असामाका से लगभग 80 किलोमीटर पश्चिम में खराब हो गया। वे रेगिस्तान के ऐसे दुर्गम जगह में फंस गए थे जहां बेहद ऊंचा तापमान होता है। वहां पानी और बाकी जरूरी सामान मिलना बहुत मुश्किल है। ऐसी जगह फंस जाने के कारण उनके पास मौजूद पानी खत्म हो गया। इस हादसे में केवल दो लोग बच पाए। उन्होंने किसी तरह रेगिस्तान पार कर असामाका तक पहुंचने में सफलता हासिल की और वहां अधिकारियों को घटना की जानकारी दी। जब बचाव दल मौके पर पहुंचा तो ट्रक के नीचे और उसके आसपास दर्जनों शव पड़े मिले। बचाव टीम ने मृतकों के शवों को सामूहिक कब्रों में दफना दिया।

## अमेरिकी सीनेट में पास हुआ +70 अरब का इमिग्रेशन बिल

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सीनेट ने शुक्रवार सुबह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की इमिग्रेशन एजेंसियों को फंड देने के लिए 70 अरब डॉलर का कानून पास कर दिया। हफ्तों की देरी और भारी विवाद के बाद यह बिल पास हो सका। विवाद की मुख्य वजह 1.776 अरब डॉलर का एक सेटलमेंट फंड था, जिसे लेकर सदन में काफी तीखी बहस हुई। सीनेट में इस बिल के पक्ष में 52 और विरोध में 47 वोट पड़े। यह पैसा अगले तीन वर्षों यानी ट्रम्प के कार्यकाल के अंत तक इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एनफोर्समेंट (आईसीई) और बार्डर पेट्रोल के कामकाज के लिए इस्तेमाल होगा।

वोटिंग शुक्रवार की सुबह हुई। रिपब्लिकन सदस्यों ने उन सभी संशोधनों को हरा दिया, जिनमें ट्रम्प के सेटलमेंट फंड पर हमेशा के लिए रोक लगाने की मांग की गई थी। विपक्ष का आरोप है कि इस फंड का इस्तेमाल ट्रम्प के उन राजनीतिक सहयोगियों के लिए हो सकता है, जो खुद को प्रताड़ित मानते हैं। रिपब्लिकन पार्टी के भीतर भी इस फंड को लेकर मतभेद दिखे। लुइसियाना के सीनेटर बिल कैसिडी ने प्रस्ताव दिया था कि इस फंड का पैसा छह जनवरी 2021 को कैपिटल हिल हमले में घायल हुए पुलिसकर्मियों को दिया जाए। हालांकि,

■ राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के सेटलमेंट फंड पर नहीं लगी रोक

रिपब्लिकन पार्टी ने अपने ही सदस्य के इस प्रस्ताव को गिरा दिया। सीनेटर थाम टिलिस ने भी चेतावनी दी थी कि यह फंड चुनाव में पार्टी के लिए मुसीबत बन सकता है, इसलिए इसे रोक देना चाहिए। एक्टिंग अटार्नी जनरल टाड ब्लैंच ने पहले कहा था कि यह फंड आगे नहीं बढ़ेगा, लेकिन ट्रम्प ने इस पर संदेह पैदा कर दिया। ट्रम्प ने पत्रकारों से कहा कि यह सेटलमेंट बहुत महत्वपूर्ण है और उन्हें नहीं पता कि यह रुका है या खत्म हो गया है। वहीं, डेमोक्रेटिक नेता चक शूमर ने रिपब्लिकन पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि वे जनता के पैसे की सुरक्षा के लिए केवल ट्रम्प के करीबियों के वादे पर भरोसा कर रहे हैं, जो जवाबदेही नहीं है। आईसीई और बार्डर पेट्रोल के लिए यह फंड महीनों से अटका हुआ था। जनवरी में संघीय एजेंटों की गोलीबारी में दो प्रदर्शनकारियों, रेनी गुड और एलेक्स प्रेटी की मौत हो गई थी। इसके बाद डेमोक्रेट्स ने इमिग्रेशन नीतियों में बदलाव की मांग करते हुए फंड रोक दिया था। वे चाहते थे कि अधिकारियों की पहचान और वारंट की प्रक्रिया को सख्त बनाया जाए।

## संक्षिप्त समाचार

### फीफा वर्ल्ड कप देखने नहीं पहुंच पाएंगे हजारों ईरानी फैंस

**तेहरान।** 2026 फीफा वर्ल्ड कप में ईरान की टीम मैदान पर उतरेगी, लेकिन उसके हजारों समर्थक स्टेडियम तक नहीं पहुंच पाएंगे। अमेरिका के वीजा प्रतिबंध और हालिया ईरान-अमेरिका तनाव ने ईरानी फैंस के लिए टूर्नामेंट देखने का रास्ता मुश्किल बना दिया है। ईरान ने मार्च 2025 में ही फीफा वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई कर लिया था। टूर्नामेंट शुरू होने से पहले अमेरिकी नीतियों ने ईरानी समर्थकों की उम्मीदों को झटका दिया है।

### कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य में इबोला के 381 मामले, 63 लोगों की मौत

**किशासा।** कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य में इबोला वायरस के पुष्ट मामलों की संख्या बढ़कर 381 से अधिक हो गई है, जिनमें से 63 लोगों की मौत हो चुकी है। डीआरसी के स्वास्थ्य मंत्री रोजर कंब ने गुरुवार शाम को यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि वर्तमान में लगभग 233 मरीजों को स्वास्थ्य केंद्रों में भर्ती कराया गया है। इनमें से कुछ लोगों को जांच रिपोर्ट आने तक अलग रखा गया है, तो कुछ लोगों का बीमारी के लक्षण दिखने बाद इलाज किया जा रहा है।

### 1996 की यादों में लौटे मनोज बाजपेई

**मुंबई।** आगामी फिल्म गवर्नर को लेकर दर्शकों के बीच उत्साह लगातार बढ़ रहा है। भारत के आर्थिक इतिहास के महत्वपूर्ण दौर पर आधारित इस फिल्म में अभिनेता मनोज बाजपेई मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म के ट्रेलर को दर्शकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है और मनोज बाजपेई के आरबीआई गवर्नर के किरदार की काफी सराहना हो रही है।

## किम जोंग ने दिखाई नई परमाणु फैक्टरी

**सियोल।** परमाणु हथियारों का जखीरा बढ़ाने के लिए उत्तर कोरिया ने बृहस्पतिवार को इनका ईंधन बनाने वाले एक नए संयंत्र का खुलासा किया है। वहीं, तानाशाह किम जोंग उन ने देश की परमाणु ताकत तेजी से बढ़ाने की कई योजनाओं का भी एलान किया।

इससे दक्षिण कोरिया, अमेरिका समेत कई प्रतिद्वंदी देशों की चिंता बढ़ गई है। उत्तर कोरियाई सरकारी समाचार एजेंसी केसीएनए के मुताबिक, यह संयंत्र पहले से अधिक उन्नत तकनीक का इस्तेमाल करता है लेकिन इसकी जगह और शुरू होने की तारीख नहीं बताई। हालांकि केसीएनए की जारी तस्वीरों में एक बड़े हाल में हथियार-स्तर का यूरेनियम तैयार करने के लिए बड़ी संख्या में सेंट्रीफ्यूज मशीनें दिखाई दी हैं। किम ने बुधवार को संयंत्र के दौरे के दौरान

■ हथियारों का जखीरा बढ़ाने का किया एंलान यूएस-दक्षिण कोरिया की बढ़ी चिंता

कहा कि अमेरिका और दक्षिण कोरिया जैसे सबसे आक्रामक दुश्मनों के साथ बढ़ते टकराव से देश की परमाणु प्रतिरोधक क्षमता को मात्रा और गुणवत्ता दोनों में मजबूती देना जरूरी हो गया है। उन्होंने अन्य वैश्विक संकटों और सुरक्षा चुनौतियों का भी हवाला दिया। उन्होंने दावा किया कि बीते पांच साल में देश की हथियार-स्तर परमाणु सामग्री उत्पादन क्षमता दोगुने से अधिक बढ़ चुकी है। परमाणु गतिविधियों को तेज करने पर आईएईए का खुलासा उत्तर कोरिया के सितम्बर 2024 में सामने आए एक अन्य गुप्त यूरेनियम संवर्धन संयंत्र के बाद सामने आया है।

## अमेरिका ने क्यूबा के राष्ट्रपति पर नए दबाव अभियान के तहत प्रतिबंध लगाए

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका ने क्यूबा पर दबाव बढ़ाने के लिए राष्ट्रपति मिगुएल डियाज-कैनेल और कई अन्य लोगों एवं संस्थाओं पर प्रतिबंध लगा दिए हैं। अमेरिकी वित्त विभाग की वेबसाइट पर गुरुवार को जारी जानकारी के अनुसार विभाग ने डियाज-कैनेल, चार अन्य लोगों और पांच संस्थाओं (जिनमें क्यूबा का 'रिवोल्यूशनरी आर्म्ड फोर्सेस' मंत्रालय भी शामिल है) को विशेष रूप से नामित नागरिकों और प्रतिबंधित व्यक्तियों की सूची में शामिल किया है। डियाज-कैनेल ने 2018 में राउल कास्त्रो की जगह क्यूबा के राष्ट्रपति का पद संभाला था।मई में अमेरिकी सरकार ने क्यूबा के 11 अधिकारियों पर प्रतिबंध लगाए थे और 1996 में क्यूबा से निर्वासित लोगों से जुड़ी एक घटना को लेकर राउल कास्त्रो पर आरोप लगाए थे।

# कुवैत एयरपोर्ट पर हमले के आरोपों से ईरान का इंकार

## ईरान का दावा: पैट्रियट मिसाइल सिस्टम की खराबी से हुआ नुकसान



■ एयरपोर्ट को हुआ नुकसान अमेरिकी निर्मित पैट्रियट रक्षा प्रणाली की विफलता के कारण हुआ

**तेहरान।** भारत में ईरान के राजदूत मोहम्मद फतहाली ने कुवैत अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हुए हमले में ईरान की भूमिका से इन्कार किया है।

उन्होंने कहा है कि तेहरान की सैन्य जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि एयरपोर्ट की ओर कोई ईरानी मिसाइल नहीं दागी गई थी। उन्होंने दावा किया कि एयरपोर्ट को हुआ नुकसान अमेरिकी निर्मित पैट्रियट रक्षा प्रणाली की विफलता के कारण हुआ, जिसके इंटरसेप्टर मिसाइल लक्ष्य भेदने में असफल रहने के बाद टर्मिनल क्षेत्र में गिर गए। आईएएनएस को दिए एक साक्षात्कार में फतहाली ने कहा कि ईरान अपनी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए सभी आवश्यक क्षमताओं का उपयोग करेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि कुवैत और बहरीन द्वारा अपने क्षेत्र और सैन्य सुविधाओं का इस्तेमाल ईरान के खिलाफ हमलों के लिए करने देना अंतर्राष्ट्रीय कानून और अच्छे पड़ोसी संबंधों का उल्लंघन है। राजदूत ने कहा कि ईरान युद्ध नहीं चाहता और विवादों के समाधान के लिए हमेशा कूटनीति और संवाद का समर्थन करता है। हालांकि, उन्होंने आरोप लगाया कि 8 अप्रैल को घोषित युद्धविराम का अमेरिकी बलों ने कई बार उल्लंघन किया, जिसके जवाब में ईरान ने आत्मरक्षा के अधिकार के तहत कार्रवाई की। अमेरिकी संसद में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ईरान संबंधी सैन्य शक्तियों को सीमित करने वाले प्रस्ताव पर फतहाली ने कहा कि यह अमेरिका का आंतरिक मामला है, लेकिन तनाव कम करने और क्षेत्रीय शांति बनाए रखने की दिशा में उठाया गया कोई भी कदम सकारात्मक है। इजरायल-लेबनान संघर्ष पर ईरान के रुख को स्पष्ट करते हुए उन्होंने कहा कि लेबनान की संप्रभुता, स्वतंत्रता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्थाई शांति के लिए लेबनान के खिलाफ युद्ध समाप्त होना आवश्यक है।

### ईरानी राजदूत बोले: मुश्किल समय में भारत हमारे साथ खड़ा रहा

**नई दिल्ली।** भारत में ईरान के राजदूत मोहम्मद फतहाली ने कठिन दौर में मिले समर्थन के लिए भारतीय जनता का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि जब ईरान अपने नेताओं को खोने के दुख से गुजर रहा था, तब भारत के लोगों ने संवेदनशीलता और सहानुभूति के साथ उनका साथ दिया। नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए फतहाली ने कहा कि भारत और ईरान के बीच संबंध केवल सरकारों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि दोनों देशों के लोगों के बीच भी गहरा जुड़ाव है। उन्होंने कहा कि हालिया संकट के दौरान भारतीय जनता ने ईरान के प्रति गहरी सहानुभूति दिखाई और दुख की घड़ी में साथ खड़ी रही।

# गाजा में फिर इजरायल के हवाई हमले

## महिलाओं-बच्चों समेत 10 की मौत, सीजफायर के बीच भी जारी हिंसा

**गाजा।** पश्चिम एशिया में इस समय वार्ता और संघर्ष दोनों साथ चल रहे हैं। गाजा से लेकर लेबनान तक लगातार हवाई हमलों, जवाबी कार्रवाई और संघर्ष विराम के बावजूद हो रही मौतों ने हालात को और गंभीर बना दिया है। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, सीजफायर लागू होने के बाद भी अब तक 936 लोगों की मौत हो चुकी है।

मंत्रालय को संयुक्त राष्ट्र और स्वतंत्र विशेषज्ञों द्वारा विश्वसनीय माना जाता है, हालांकि यह नागरिकों और लड़ाकों का अलग-अलग आंकड़ा जारी नहीं करता। इजरायल का कहना है कि हमले उन घटनाओं के जवाब में किए जाते हैं जिनमें समझौते का उल्लंघन या सुरक्षा खतरा शामिल होता है। इजरायल की सेना ने दावा किया कि उत्तरी गाजा में हुए हमलों में हमास के चार लड़ाकों को मार गिराया गया है। सेना के अनुसार ये लोग हमास नेतृत्व की सुरक्षा और खुफिया जानकारी



■ सीजफायर लागू होने के बाद भी अब तक 936 लोगों की मौत हो चुकी है

से जुड़े थे। सेना ने यह भी कहा कि हमलों से पहले नागरिकों को नुकसान से बचाने के लिए सटीक हथियारों और निगरानी का उपयोग किया गया। हालांकि शाम के हमले को लेकर सेना ने तत्काल कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया नहीं दी। गाजा पट्टी में इजरायली हवाई हमलों ने एक बार फिर हालात को तनावपूर्ण बना दिया है। स्थानीय अस्पतालों के अनुसार गुरुवार को हुए अलग-अलग हमलों में कम से कम 10 फलस्तीनियों की मौत हो गई। इनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। यह हमले ऐसे समय में हुए हैं जब क्षेत्र में पहले से ही जारी संघर्ष और सीजफायर के बावजूद हिंसा की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। गाजा सिटी में शिफा अस्पताल के अनुसार रातभर में चार अलग-अलग हमलों में नौ लोगों की मौत हुई। अस्पताल ने बताया कि मृतकों में दो महिलाएं और दो बच्चे भी शामिल हैं। वहीं, रेड क्रास द्वारा संचालित सराया फील्ड अस्पताल ने बताया कि गुरुवार शाम हुए एक और हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक अन्य घायल हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक हमले में रिहायशी इमारत की ऊपरी मंजिल पर बड़ा धमाका हुआ, जिससे दीवारें टूट गईं और घर का सामान बिखर गया। हमलों के बाद अस्पतालों में परिजनों की भीड़ उमड़ पड़ी।

## जेलेंस्की ने पुतिन को लिखा खुला पत्र

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को एक सार्वजनिक पत्र लिखकर सीधे आमने-सामने बातचीत का प्रस्ताव दिया है। वर्ष 2022 में रूस द्वारा यूक्रेन पर बड़े पैमाने पर हमला शुरू किए जाने के बाद यह पहला मौका है जब जेलेंस्की ने पुतिन को सार्वजनिक रूप से संबोधित करते हुए पत्र लिखा है। अपने पत्र में जेलेंस्की ने कहा कि युद्ध समाप्त करने के लिए दोनों नेताओं के बीच सीधी बातचीत जरूरी है। उन्होंने सुझाव दिया कि यह बैठक किसी तटस्थ देश में आयोजित की जा सकती है। इसके लिए उन्होंने स्विट्जरलैंड, तुर्की या किसी अरब देश का नाम संभावित मेजबान के रूप में लिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि बातचीत न तो मास्को में होनी चाहिए और न ही कीव में। जेलेंस्की ने लिखा कि बड़े और महत्वपूर्ण मुद्दों का समाधान हमेशा देशों के नेता ही करते हैं। उन्होंने पुतिन से ऐसी बैठक के लिए एक निश्चित तारीख तय करने की अपील भी की। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने कहा कि केवल अमेरिका पर निर्भर रहकर युद्ध समाप्त होने का इंतजार करना सही नहीं होगा।

